आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

शुभ धनतेरस

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 294 | उज्जैन, शुक्रवार 06 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

हार के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी में बगावत

वॉशिंगटन डीसी। मिडटर्म चुनाव में हार के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी में अंदरूनी नाराजगी सामने आने लगी है। टेक्सास के रिपब्लिकन नेता चैड विलबैंक्स ने ईरान युद्ध, टैरिफ और रूस के राष्ट्रपति पुतिन का पक्ष लेने वाले ट्रम्प के फैसलों को हार की वजह बताया। सीएनएन के मुताबिक, ट्रम्प के करीबी नेताओं ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर आरोप लगाया कि उन्होंने राष्ट्रपति को ईरान युद्ध में उलझा दिया, लेकिन इससे निकलने की कोई स्पष्ट योजना नहीं बनाई। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी माना कि ईरान युद्ध के कारण ट्रम्प के कई पुराने समर्थकों ने इस बार रिपब्लिकन पार्टी से दूरी बनाई।


इजराइल में पीएम की कुर्सी के लिए खींचतान, समर्थन पर मामला फंसा

तेल अवीव। इजराइल में नई सरकार के गठन की तस्वीर धीरे-धीरे साफ होती दिख रही है। राष्ट्रपति इसाक हर्जोग के साथ दो दिन की बातचीत के बाद विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को प्रधानमंत्री पद के लिए 56 सांसदों का समर्थन मिल गया है। मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पक्ष में 46 सांसदों ने सिफारिश की है। धार्मिक दल यूनाइटेड तोरा जूडिज्म ने किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया है। इससे नेतन्याहू की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय सीमा को साफ किया। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। यह समय औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज होने के समय से नहीं गिना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जांच एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं।

सलमान खान की 'मातृभूमि' का ट्रेलर कल होगा रिलीज



थिएटर में 'रामायण' के साथ किया जा सकता है अटैच, लॉन्च इवेंट भी होगा

मुंबई। सलमान खान की अपकमिंग वॉर ड्रामा फिल्म मातृभूमि (पूर्व में 'बैटल ऑफ गलवान') का ट्रेलर 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होगा। ट्रेलर रणबीर कपूर की फिल्म रामायण पार्ट 1 के साथ अटैच भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि मातृभूमि की घोषणा जुलाई 2025 में बैटल ऑफ गलवान नाम से की गई थी। बताया गया था कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन 2024 में शुरू हो गया था। मार्च 2026 में मेकर्स ने फिल्म का नाम बदलकर मातृभूमि कर दिया। फिल्म की कहानी 15 जून 2020 को गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई सैन्य झड़प से प्रेरित है। सलमान खान फिल्म में भारतीय सेना के एक अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व लखिया ने किया है। इसमें सलमान खान और चित्रांगदा सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिवंगत एक्टर प्रशांत तमांग भी फिल्म की कास्ट का हिस्सा हैं। फिल्म के गाने तेरी सेक्सी ब्यूटी को सलमान ने अपनी आवाज दी है। यह गाना 4 नवंबर को रिलीज हुआ। इसमें सलमान के साथ चित्रांगदा सिंह भी नजर आ रही हैं।

नैनो न्यूज

- **मुंबई :** सोना 2328 रुपए महंगा, 1.44 लाख रु. पहुंचा, चांदी 1749 रुपए बढ़कर 1.88 लाख पहुंची।
- **ईरान :** मस्जिदों में परमाणु बम बनाने की मांग उठी, कट्टरपंथी नेता बोले- इसके बिना सुरक्षित नहीं, अली खामेनेई ने फतवा निकालकर रोक लगाई थी।
- **अंबाला :** शाह बोले-राहुल अराजकता फैला रहे, चौराहे पर डिबेट का न्योता, 600 करोड़ के म्यूजियम का लोकार्पण किया, कहा- हरियाणा नंबर वन।
- **नई दिल्ली :** यूजर्स की पोस्ट के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जिम्मेदार होंगे: सरकार नियम बदल सकती है, फेसबुक, इंस्टाग्राम और की कानूनी सुरक्षा हटाने की तैयारी।
- **नई दिल्ली :** रिजिजू की राहुल को 7 नसीहतें, कहा-मोदी से नफरत छोड़ें, बीजेपी दुश्मन नहीं, राहुल तीन दिन में 4 बार पीएम को बहस की चुनौती दे चुके।
- **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट बोला- जंतर-मंतर हिंसा मामले में कम शिकायतें मिलीं, प्रदर्शनकारियों और पुलिस पर हमले के पर्याप्त सबूत नहीं।

21 अवैध पिस्टल और 65 राउंड कारतूस भी जब्त, एसटीएफ की छापेमारी, दो गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल में 1,150 जिलेटिन स्टिक, 989 डेटोनेटर बरामद

एजेंसी ▸▸ बीरभूम



पश्चिम बंगाल के बीरभूम में गुरुवार को पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की छापेमारी के दौरान 1,150 जिलेटिन स्टिक, 989 डेटोनेटर और 12 हजार मीटर डेटोनेटिंग कॉर्ड जब्त किए गए। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक अलग कार्रवाई में, एसटीएफ ने पांडबेश्वर इलाके से 21 अवैध हथियार और 65 राउंड कारतूस बरामद किए हैं।

6 लंबी मस्कट बंदूकें भी बरामद- खुफिया जानकारी के आधार पर, एसटीएफ कर्मियों ने बीरभूम जिले के मुरारई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बरुआ गोपालपुर गांव में एक अनाधिकृत गोदाम पर छापा मारा। ये बरामदगी एक मामले की जांच से जुड़ी हैं, जिसमें अब तक 38 हथियार और 122 राउंड कारतूस जब्त किए जा चुके हैं। मामले की आगे की जांच चल रही है। जब्त हथियारों में 6 लंबी मस्कट बंदूकें, चार 7 एमएम पिस्टल और 11 पाइप गन शामिल हैं। इसके अलावा 47 आठ एमएम और 18 7.65 एमएम कारतूस भी जब्त किए गए हैं।

मौके से दो लोग गिरफ्तार- एसटीएफ ने मौके से दो लोगों- मोहम्मद रेजा शेख उर्फ गुड्डा निवासी राजग्राम और मुकेश सिंह निवासी सूरी के तिलपाड़ा को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार, आरोपी का नाम अवैध कोयला कारोबार से भी जुड़ा रहा है और उसे आपराधिक गतिविधियों में शामिल बताया गया है।

एटीएस भी जांच में शामिल

पुलिस और एसटीएफ आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन विस्फोटकों की सप्लाई चेन (सप्लायर कौन था) क्या है और इन्हें आगे किसे डिलीवर किया जाना था। बरामद किए गए विस्फोटकों की भारी मात्रा को देखते हुए इस मामले की जांच में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड भी शामिल हो गई है। सुरक्षा एजेंसियां इस बात की गंभीरता से जांच कर रही हैं कि क्या इस नेटवर्क का किसी बड़े टेरर या क्रिमिनल मॉड्यूल से कोई संबंध है।

फ्रांस में सरकारी ब्लड बैंक का कूलिंग सिस्टम हैक

खून को 110 डिग्री तक खौलाने की साजिश

इससे 1900 अस्पताल जुड़े, पहले 700 सुपर मार्केट हैक हुए

एजेंसी ▸▸ पेरिस

फ्रांस में हैकर्स ने 1 नवंबर की रात ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम पर हमला किया। हमलावरों ने फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। हालांकि, अलार्म सिस्टम ने समय रहते गड़बड़ी पकड़ ली। इससे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

फ्रांस के साप्ताहिक अखबार 'ले कनार आंचेने' ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले की खबर दी थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड स्टोरेज सिस्टम में प्रवेश के लिए डिफॉल्ट पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था।

फ्रांस के ब्लड बैंक का संचालन करने वाली संस्था फ्रेंच ब्लड एस्टैब्लिशमेंट के मुताबिक फ्रीजर में रखे प्लाज्मा को सुरक्षित दूसरी जगह भेज दिया गया है। ईएफएस ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में लगे निगरानी और अलार्म सिस्टम ने तापमान में असामान्य बदलाव को तुरंत पकड़ लिया। इससे कर्मचारियों को समय रहते कार्रवाई करने का मौका मिल गया। ईएफएस फ्रांस की सरकारी रक्त सेवा है। यह देश के 1,900 से ज्यादा अस्पतालों के लिए खून, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स इकट्ठा करने, उनकी जांच करने, उन्हें तैयार करने और अस्पतालों तक पहुंचाने का काम करती है।



इंटरनेट से जुड़े फ्रीजर कंट्रोल सिस्टम में सेंध लगाई

- फ्रीजर का तापमान नियंत्रित करने के लिए दुकानों और कोल्ड स्टोरेज सेंटर में खास इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोलर लगे होते हैं। इनकी मदद से तापमान की निगरानी और उसे दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। कुछ सिस्टम इंटरनेट से जुड़े होते हैं, ताकि उपकरण उपलब्ध कराने वाली कंपनी या तकनीकी कर्मचारी कहीं से भी उनकी जांच और मरम्मत कर सकें।
- फ्रांस की सरकारी साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-एफआर ने 12 अक्टूबर को ही रेफ्रिजरेशन कंट्रोलर पर हमलों को लेकर चेतावनी जारी की थी। एजेंसी के मुताबिक, इन उपकरणों के कई कंट्रोलर इंटरनेट पर सीधे उपलब्ध थे। इनमें डिफॉल्ट पासवर्ड जैसी सुरक्षा संबंधी कमजोरियां थीं।
- डिफॉल्ट पासवर्ड (पहले से तय पासवर्ड) वह पासवर्ड होता है, जो किसी मशीन, डिवाइस या सॉफ्टवेयर में कंपनी की तरफ से पहले से सेट करके दिया जाता है। अगर मशीन लगाने के बाद उसका पासवर्ड नहीं बदला गया, तो हैकर उसी पुराने पासवर्ड से सिस्टम में घुसने की कोशिश कर सकते हैं।
- यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूरोप के कई देशों में सुपरमार्केट के फ्रीजर सिस्टम को भी निशाना बनाया जा रहा है। इन हमलों में हैकर्स ने रेफ्रिजरेशन सिस्टम का तापमान बढ़ा दिया, जिससे बड़ी मात्रा में खाने-पीने का सामान खराब हो गया।

गोवा के 5 लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का आदेश

एजेंसी ▸▸ पणजी

बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने चुनाव आयोग को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान वोटर लिस्ट से हटाए गए एक परिवार के पांच सदस्यों के नाम दोबारा जोड़ने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एड्रेस की पुष्टि करने के बाद 10 दिन का समय दिया है। कोर्ट ने ईसीआई के आदेश पर रोक लगाने की मांग भी खारिज कर दी। यह मामला गोवा के सालगांवकर परिवार से जुड़ा है। परिवार के सदस्यों ने पता बदलने के लिए फॉर्म 8 भरा था, लेकिन इसके बावजूद एसआईआर में उनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। इसके बाद परिवार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नाम हटाने और फॉर्म 8 के आवेदन खारिज करने को चुनौती दी थी।

नागौर में बारूद बनाने वाली यूनिट में धमाके से 2 युवकों की मौत

एजेंसी ▸▸ नागौर

राजस्थान के नागौर जिले में गुरुवार सुबह बारूद तैयार करने वाली एक यूनिट में जोरदार विस्फोट होने से दो लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज घटनास्थल से करीब आधा किमी दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद आसपास के इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह घटना नागौर के बदली क्षेत्र में सुबह करीब 9.40 बजे हुई। बारूद बनाने के दौरान अचानक हुए विस्फोट की चपेट में वहां काम कर रहे चार लोग आ गए। इनमें से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया।

तीन मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग गिरने से 2 की मौत, 4 लोग घायल



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9.50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। एनडीआरएफ, दिल्ली पुलिस और एमसीडी की टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। एमसीडी ने मामले में दो अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इनमें असिस्टेंट इंजीनियर (बिल्डिंग) मोहम्मद नईम और जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग) अमन दलाल शामिल हैं। दिल्ली में इस साल इमारत गिरने का यह छठा बड़ा मामला है। इससे पहले 5 हादसों में 21 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें सत्य निकेतन और सीमापुरी हादसे शामिल हैं।

उत्तरकाशी में नदी में गिरी इनोवा, चार लोगों के शव मिले

एजेंसी ▸▸ उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी धर्मकुंड के समीप गुरुवार को एक इनोवा कार अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। हादसे के समय वाहन में सात लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक चार लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, अन्य यात्रियों की तलाश के लिए नदी में सर्च अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार, गंगनानी धर्मकुंड से करीब 20 मीटर आगे डबरानी की ओर जाते समय इनोवा चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार सीधे नदी में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ और 108 एंबुलेंस सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश पर तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। नदी किनारे चार लोगों के शव मिलने के बाद उनकी पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, वाहन में सवार अन्य लोगों की तलाश के लिए जल पुलिस और गोताखोरों को लगाया गया है। नदी का तेज बहाव बचाव कार्य में बाधा बन रहा है।

मेटा कंपनी ने कर्मचारियों से नौकरी छोड़ने को कहा

80% सैलरी के साथ एग्जिट पैकेज मिलेगा, कंपनी ट्रेनिंग और बिजनेस शुरू करने में भी मदद करेगी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब फेसबुक और इंस्टाग्राम चलाने वाली कंपनी मेटा भी अपने खर्चे घटाने और कर्मचारियों की संख्या कम करने में जुट गई है।

फ्रांसीसी मीडिया ला लेत्रे की रिपोर्ट के मुताबिक, मेटा ने फ्रांस में काम करने वाले कर्मचारियों को वॉलंटरी एग्जिट यानी अपनी मर्जी से नौकरी छोड़ने का ऑफर दिया है।

हाल ही में हजारों लोगों को निकालने के बाद, अब कंपनी चुनिंदा कर्मचारियों को मुआवजा देकर खुद इस्तीफा देने का ऑप्शन दे रही है।

इस स्कीम के तहत नौकरी छोड़ने वालों को 80% सैलरी तो मिलेगी ही, साथ ही मेटा उन्हें नई स्किल सिखाने की ट्रेनिंग और नया बिजनेस शुरू करने में भी पूरी मदद करेगी।

मेटा के फ्रांस ऑफिस में इस समय लगभग 300 लोग काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वहां के हर 3 में से 1 कर्मचारी यानी करीब 100 लोग अपनी मर्जी से नौकरी छोड़ सकते हैं।

धनतेरस से पहले सेंसेक्स 2009, निफ्टी 576 अंक उछला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

धनतेरस से एक दिन पहले आज 5 नवंबर को सेंसेक्स 2009 अंक या 2.60% चढ़कर 79,310 पर बंद हुआ। इसे तेजी से निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई।

निफ्टी में भी 576 अंक या 2.40% की तेजी रही, ये 24,537 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी ने 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का आंकड़ा पार किया। ये इस साल की सेंसेक्स की दूसरी बड़ी बढ़त है। 8 अप्रैल को



सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। यानी करीब सेंसेक्स में 7 महीने बाद इतनी बड़ी तेजी आई है।

अमेरिकी चुनाव में ट्रम्प की हार: मिडटर्म चुनाव में ट्रम्प की पार्टी दोनों सदनों में हार गई। इससे ईरान जंग रुकने की उम्मीद बढ़ी है। जंग थमने पर कारोबार आसान होगा। इसलिए लोग बाजार में लौटे। नतीजों के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में भी अच्छी तेजी रही।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट: ईरान जंग जल्द खत्म होने की संभावना से ब्रेंट क्रूड टूटकर 94 डॉलर और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। भारत अपनी जरूरत का 80% से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल सस्ता होने पर देश का आयात बिल घट सकता है, जो इकोनॉमी को मजबूती दे सकता है।

यूरोप में 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

फ्रांस ने फाइटर जेट भेजे, इमरजेंसी लैंडिंग कराई, 2 दिन पहले भी धमकियां मिली थीं

एजेंसी ▸▸ रोम

यूरोप में गुरुवार को 15 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें फिनलैंड, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य और बुल्गारिया के विमान शामिल हैं।

सुरक्षा एजेंसियों ने कई विमानों का रास्ता बदलवाया, जबकि फ्रांस ने डबलिन से रोम जा रही फ्लाइट की सुरक्षा के लिए फाइटर जेट भेजे।

विमान को फ्रांस के एव्रू सैन्य एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें 151 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। अब तक किसी भी विमान में विस्फोटक नहीं मिला है। इस हफ्ते यूरोप में विमानों को धमकियां मिलने की यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले मंगलवार को भी करीब 10 विमानों को ऐसी धमकियां मिली थीं। वहीं सोमवार को ब्रिटेन में भी करीब 7 फ्लाइट्स को धमकियां दी गई थीं।



फिनलैंड से आने वाली फ्लाइट को फाइटर जेट ने सुरक्षा दी

हेलसिंकी से रोम जा रही फिनएयर की फ्लाइट को भी बम की धमकी मिली। इसके बाद इतालवी फाइटर जेट की निगरानी में विमान को रोम पहुंचाया गया। एयरपोर्ट पर बम निरोधक एक्सपर्ट्स ने इसकी तलाशी ली। इस घटना के चलते रोम के लियोनार्डो दा विंची एयरपोर्ट पर 30 मिनट तक उड़ानें रोकनी पड़ीं। वहीं, हेलसिंकी से वियना जा रही जेटटाइम की एक फ्लाइट को भी धमकी मिली थी।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

बेचारा आम उपभोक्ता

वर्तमान बाजार विश्वास खोता जा रहा है। दुकानदार और उपभोक्ता के बीच जो संबंध आज से दो तीन दशक पूर्व हुआ करते थे वे अब सीधे-सीधे छद्म में तब्दील होते जा रहे हैं। इसमें कई बार तो दुकानदार को भी पता नहीं होता है कि जो पैकिंग सामान वो उपभोक्ता को दे रहा है उसकी शुद्धता का स्तर क्या है और उससे उपभोक्ता कितना प्रभावित हो सकता है। विश्वास की धूरी अब मानों टूट ही चुकी है। धनलोलूप समाज में इसके साथ ही नैतिकता भी सिरे से ही खत्म होती जा रही है। विचार कीजिए आप अधिकतम खुदरा मूल्य का चुकता कर रहे हैं और आप को सोने के स्थान पर उसकी परत चढ़ी धातू दी जा रही है तो क्या होगा। यही सब खाद्य सामग्री में हो रहा है और उसके बाद भी तौल में भी उपभोक्ता को सीधे सीधे चोंट पहुंचाई जा रही है। त्यौहारों के समय यह काम और ज्यादा बढ़ जाता है। हालिया स्थिति में खाद्य पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता को लेकर नियमों में परिवर्तन कर उन्हें सख्त किया गया है इसके बाद भी दुकानदार मानने को तैयार नहीं है और आम उपभोक्ता को अशुद्ध खाद्य सामग्री सिरे से ही दी जा रही है। अन्यानेक मामलों में यह सामने आया है कि अखाद्य पदार्थ बेचा जा रहा था और उसके खाने से मानव शरीर पर दुष्प्रभाव की स्थिति भी सामने आई है। जिलों में दुकानों के निरीक्षण में धड़ाधड़ ऐसे मामले दर्ज किए जा रहे हैं। राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में नमूनों का ढेर लग रहा है। कई दिन नहीं माह के बाद रिपोर्ट पहुंच रही है। जुमार्ना हो रहा है और यहां तक कि कुछ मामलों में तो अदालती कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बाद भी मिलावट खोरों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है यानिकी कानूनन रूप से उनके नियंत्रण में कमजोरी है। यही स्थिति तौल के झोल में भी बराबर बनी हुई है। अमूमन साल भर ऐसे मामलों को लेकर मासिक तौर पर निर्धारित रूप से ही कार्रवाई की जाती है। मान्यता के अनुरूप हमारे यहां त्यौहारों पर ही ऐसे मामले ज्यादा होने के चलते इनसे संबंधित विभागों को मैदान में कार्रवाई के लिए मोर्चा खोला जाता है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं के साथ होने वाली धोखाधड़ी को रोकने की स्थिति अनियंत्रित होती जा रही है। खुसूर-फुसूर है कि विभागों की कार्रवाई के साथ ही अब उपभोक्ताओं को जागरूक करने और खास तौर पर इस पूरे मसले को महिलाओं के साथ जोड़कर आंगनवाड़ी तक पहुंचाकर जागरूकता लाना ही होगी। इसके तहत टूल कीट से खाद्य पदार्थों की स्पाट जांच जैसे मामलों को आमजन एवं महिलाओं को सिखाने होंगे। नापतौल की स्थिति में भी आम उपभोक्ता को नापतौल के नियमों से परिचित करवाते हुए इलेक्ट्रानिक तौल कांटों से अवगत करवाते हुए उन्हें इसका प्रशिक्षण देना होगा। तभी जाकर यह आम उपभोक्ता को अशुद्ध खाद्य पदार्थों की खरीद के साथ कम तौल से बचाना संभव होगा। अन्यथा धोखाधड़ी की यह प्रक्रिया जारी रहेगी और आमजन की जेब पर भारी रहेगी।

न्यूज कॉलम

प्राधिकरण अध्यक्ष, संभागायुक्त ने गढ़कालिका एवं भोगमाता मंदिर कार्यो का किया निरीक्षण

उज्जैन। उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी व संभागायुक्त आशीष सिंह द्वारा सिंहस्थ 2028 अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कायो में से गढ़कालिका माता मंदिर एवं भोगमाता मंदिर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने बताया कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों एवं उज्जैन के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के दृष्टिगत आज भोग माता मंदिर परिसर के विकास कार्य का स्थलीय निरीक्षण अध्यक्ष द्वारा संभागायुक्त के साथ किया गया।

नैनो न्यूज

- **भूतेश्वर महादेव** भक्त मंडल ने हनुमान जी की आरती कर स्वर्गीय अजय राव को किया याद
- **लोकमान्य** तिलक कॉलेज में युवा उत्सव, विजेता विद्यार्थी करेंगे जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व, रंगोली, गायन, नाटक व नृत्य सहित कई स्पधाओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर
- **शुक्रवार** और हस्त नक्षत्र के महासंयोग में आज मनेगा धनतेरस पर्व, पंचांगकर्ता पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताए खरीदी और पूजन के शुभ मुहूर्त
- **राष्ट्रभक्त** जेन-जी बनें विद्यार्थी, अपनी भाषा अपनाएं और नौकरी देने वाले बनें, 'शिक्षा से आत्मनिर्भरता' पर संवाद, छात्राओं ने लगाई हस्तशिल्प व व्यंजनों की प्रदर्शनी
- **भगवान धन्वंतरि** : सुख समृद्धि एवं आरोग्य प्राप्ती हेतु आयुर्वेद के आदिदेव और आरोग्य तथा स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि का पूजन करे, प्रातः 9 बजे शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन की धन्वंतरि टेकरी पर धन्वंतरि पूजन में भाग लेवे
- **कलेक्टर** कार्यालय रिश्वत कांड में एडीएम अतेन्द्र सिंह गुर्जर को सह-आरोपी बनाने की मांग
- **विश्व शांति** और समृद्धि के लिए कल होगा श्री घंटाकर्ण महावीर का हवन अनुष्ठान, दीवाली की पूर्व बेला पर खाराकुआं जैन मंदिर में श्री घंटाकर्ण 11 कुंडीय हवन
- **कलिकाल** के संकेत और सामाजिक मूल्यों के पतन पर मार्मिक विवेचन,
- **तलोद** की गिर गाय ने 19.76 लीटर दूध देकर जीता एक लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार, मुख्यमंत्री की वृंदावन ग्राम योजना के तहत तलोद में हुई दो दिवसीय गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता

महाकाल के आंगन से होगी दिवाली की शुरूआत, धनतेरस पर कुबेर और चांदी के सिक्कों का पूजन, गर्भगृह में फुलझड़ी जलाएंगे पुजारी

दीपावली पर बाजार में आई दीयों की कई आकर्षक वैरायटी

मिट्टी के दीये की खूब डिमांड, वातावरण भी होता है शुद्ध, 2 से 60 रुपए तक कीमत, पंचआरती और सातिया वाले दीपकों की भी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रोशनी और सुख-समृद्धि के पर्व दीपावली को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। घरों को रोशन करने के लिए लोग पारंपरिक मिट्टी के दीयों की खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में मिट्टी से बने दीपकों की कई आकर्षक वैरायटी उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि पारंपरिक दीयों के साथ ही अलग-अलग डिजाइन वाले दीपक भी लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। पंचआरती और सातिया व फूल की आकृति वाले दीपक इस बार आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इस बार कई वैरायटियों के मिट्टी के दीपक बाजार में उपलब्ध है। जो कि लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। जिसकी कीमत 2 रुपए प्रतिनग से लेकर 60 रुपए प्रतिनग तक है। बाजारों में मिट्टी के दीपक की दुकान जगह-जगह लग गई है। बियाबानी चौराहा नगरकोट निवासी प्रेमचंद प्रजापत, व उनकी पुत्री रागिनी प्रजापत ने संयुक्त रूप से बताया कि वह पिछले 16 वर्षों से शहीद पार्क पर मिट्टी के दीपक बेचने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी के दीपक में इस बार कई तरह की वैरायटी उपलब्ध है। डिजाइन वाले दीपक लोगों को ज्यादा पसंद आते हैं। इसलिए हर वर्ष उनकी अच्छी बिक्री होती है वही सादे दीपक भी अच्छी तादाद में बिकते हैं। प्रेमचंद प्रजापत ने बताया कि सादे मिट्टी के दीपक वह खुद बनाकर बेचते हैं लेकिन डिजाइन वाले मिट्टी के दीपक चिंतामन के समीप एक कारखाने में तैयार होते हैं और वह इन डिजाइन वाले दीपक को वहां से बेचने के लिए मंगवाते हैं। सबसे ज्यादा पंचआरती की डिजाइन किया गया दीपक लोगों को अधिक पसंद आ रहा है वहीं सातिया वाला दीपक भी लोगों की आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इन दोनों की बिक्री भी अच्छी खासी हो रही है। हालांकि आज धनतेरस से व्यापार बढ़ जाएगा। महंगाई की वजह से इस बार मिट्टी के डिजाइन वाले दीपक के मूल्य में भी वृद्धि हुई है।

रंगोली उपकरणों से बेहतर फिनिशिंग- पारंपरिक तरीकों के स्थान पर अब बाजार में रंगोली बनाने के कई उपकरण उपलब्ध हैं, जो न केवल समय बचाते हैं, बल्कि रंगोली की फिनिशिंग को भी बेहतरीन बनाते हैं। रंगोली छन्नी, रोल, फिलर, कोण, पैर, छापे, चमक की डब्बी, पोटल पैन और डब्बी, पांच मुंह वाला पेन जैसे उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ रही है। जिनकी कीमत 20 रुपए से लेकर 60 रुपए तक है। रंगोली व्यापारी करन सूर्यवंशी ने आगे बताते हैं कि इन उपकरणों की सहायता से आउटरलाइन बनाना बेहद आसान हो गया है, जिससे रंगोली अधिक साफ-सुथरी दिखती है।

रंगोली का बाजार भी सजा, 20 से अधिक तरह के उपकरण उपलब्ध





दीपावली पर्व पर आंगन में सजाई जाने वाली रंगोलियों का बाजार सजकर तैयार हो गया है और बिक्री भी जमकर हो रही है। प्रत्येक रंग की चमकीली रंगोली से सजा बाजार युवतियों को अपनी ओर आकर्षित करने लगा है। दीपावली के पर्व पर लक्ष्मी आगमन के लिए सजाए गए द्वार रंगोली के बिना अधूरे ही रहते हैं। यही कारण है कि ऐसा कोई आंगन नहीं होता जहां रंगोली ना सजाई गई हो। दीपावली पर्व की बाजार में रौनक दिखने लगी है। महिलाएं बाजार पहुंचकर अपनी पसंद के रंग और रंगोली बनाने के उपकरण खरीद रही हैं।

बाजार में सजी रंगोली की दुकान

मालीपुरा रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर पवन पारसिया व राजू पारसिया की महादेव इंटरप्राइजेस के नाम से रंगोली की थोक व खेरची की दुकान है तथा पिछले कई वर्षों से वह रंगोली का व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रंगीन रंगोली 10 रुपए प्रति किलो की दर पर बेची जा रही है तथा रंगोली 25 किलो की बोरी में भी उपलब्ध है। प्रति बोरी 160 से 170 रुपए की दर पर इस प्रारंभिक दौर में बेंची जा रही है। आगे बताया कि बाहर से रंगोली को मंगवाने की जरूरत ही नहीं पड़ती है। इंदौर, उज्जैन में ही सभी रंगों की रंगोली थोक में उपलब्ध हो जाती है। सफेद रंगोली जरूर राजस्थान से आती है तथा इससे सभी रंगों की रंगोली तैयार कर दुकानों पर उपलब्ध करवाई जा रही है। गोपाल मंदिर, मालीपुरा, फ्रीगंज, शहीद पार्क, जैसे प्रमुख बाजारों में रंगोली की दुकानें सज गई है वही बड़ी संख्या में महिलाएं रंगोली खरीदने पहुंच रही है। मक्सी रोड पांड्याखेड़ी निवासी करन सूर्यवंशी पिछले 10 वर्षों से फ्रीगंज चौराहे पर रंगोली की खेरची की दुकान लगाते हैं। रंगोली व्यापारी सूर्यवंशी का कहना है कि रंगोली के रंग राजस्थान से मंगवाए जा रहे हैं और खेरची में रंगोली की कीमतें 30-40 रुपये प्रति किलो तक है। इसके साथ ही बाजार में रंगोली बनाने के लिए लगभग 20 तरह के उपकरण उपलब्ध हैं, जो इस कला को और भी आकर्षक और आसान बना रहे हैं।



दीपोत्सव के लिए आकर्षक विद्युत रोशनी से जगमगाया शू-मार्केट

शहर के हृदय स्थल गोपाल मंदिर-छत्री चौक के पास मोचीवाड़ा में स्थित सुप्रसिद्ध शू-मार्केट के समस्त व्यापारियों द्वारा पूरे शू-मार्केट को दीपोत्सव के लिए आकर्षक विद्युत रोशनी से डेकोरेशन कर सजाया गया हैं, शू-मार्केट(मोचीवाड़ा) व्यापारी एसोसिएशन के समस्त व्यापारियों ने सभी नगरवासियों को दीपोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए सभी से वोकल फॉर लोकल के तहत अपने स्थानीय बाजारों से स्वदेशी उत्पाद की ऑफलाइन खरीदारी कर शहर के बाजारों की रौनक बढ़ाने का आग्रह व निवेदन किया हैं।



बाजार में इस बार कई वैरायटी में दीये

- दिल की आकृति वाले दीपक 10 रुपए में चार नग
- शिवलिंग की आकृति वाले दीपक 10 रुपए में चार नग
- हवन कुंड वाली आकृति वाले दीपक 10 रुपए में चार नग
- चंपा वाले दीपक 10 रुपए में चार नग



- कटोरी वाले दीपक 10 रुपए में चार नग
- पंच आरती वाले दीपक 20 रुपए में एक नग
- स्टैंड वाले दिपक 20 रुपए में एक नग
- बड़ा दीपक 30 रुपए में एक नग
- सादे दीपक 20 रुपए में 20 नग
- छोटी मटकी 15 रुपए एक नग
- तुलसा जी 10 रुपए एक नग
- यह सब दीपक डिजाइन कर मिट्टी से बनाए गए हैं।

236 दिन से दौड़ रहे 'ब्लैक पैंथर' मोनू राज आधुनिक श्रवण कुमार उज्जैन पहुंचा

माँ के स्वास्थ्य की मन्नत में दौड़ने वाले मोनू को महाकाल में मिला मान


12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की 15 हजार किमी की कठिन यात्रा, अब तक 7 ज्योतिर्लिंग पूरे किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां के स्वास्थ्य की मन्नत पूरी होने पर पटना से दौड़कर 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की 15 हजार डट की कठिन यात्रा पर निकले और अब तक 7 ज्योतिर्लिंग एवं दो धाम के दर्शन करने वाले मोनू राज चौहान को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे पर प्रबंध समिति ने सम्मान किया है। उन्हें दुशाला ओढ़ाकर यह सम्मान दिया गया और दर्शन की सुविधा प्रदान की गई।

भक्ति और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बिहार के पटना निवासी मोनू राज चौहान 236 दिन की पैदल दौड़ के बाद उज्जैन पहुँचे। सोशल मीडिया पर 'ब्लैक पैंथर' के नाम से प्रसिद्ध मोनू ने अपनी माँ के स्वास्थ्य के लिए 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की यात्रा दौड़कर करने का संकल्प लिया है।

मां के गले में फंसा था मछली का कांटा- मोनू ने बताया कि 6 साल पहले माँ के गले में मछली का काँटा फंस गया था। इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला तब उन्होंने गाँव से 50 किलोमीटर दूर बाबा श्री देश्वरनाथ के मंदिर में मन्नत माँगी। माँ के ठीक होने पर उन्होंने ये कठिन यात्रा शुरू की।



8 ज्योतिर्लिंग एवं 2 धाम की यात्रा पूर्ण

15 मार्च 2026 से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक वे 15 से 16 हजार किलोमीटर दौड़ चुके हैं। अब तक उन्होंने 2 धाम और 7 ज्योतिर्लिंग - बैद्यनाथ, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और ओंकारेश्वर के दर्शन किए हैं। वे ओंकारेश्वर से निकले और उज्जैन में महाकालेश्वर उनका 8वां ज्योतिर्लिंग है।

नशा छोड़ो, माता-पिता को खुश करने का नशा करो

उज्जैन पहुँचने पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने मोनू का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मोनू महाकाल की भस्म आरती में शामिल होने के बाद गुजरात की ओर प्रस्थान करेंगे। मोनू ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा - नशा छोड़ो। अगर नशा करना है तो माता-पिता को खुश करने का, देश और धर्म के लिए कुछ करने का नशा रखो।

मंदिर समिति ने दुशाला ओढ़ाकर किया सम्मान

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक एवं नायब तहसीलदार हिमांशु कारपेंटर के अनुसार देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की साहसिक और आध्यात्मिक यात्रा के तहत मोनू राज चौहान ने गुरूवार को उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए। यह कठिन यात्रा उन्होंने अपनी मां और देश की सभी माताओं को समर्पित की है। महाकाल दरबार में उन्होंने बताया कि यात्रा में अब तक 236 दिन लगे हैं एवं मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। चौहान शुक्रवार तड़के की भस्मार्ती दर्शन भी करेंगे। प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा मोनू राज चौहान का स्वागत एवं सत्कार किया गया। पूजन पुजारी राजेश गुरु ने सम्पन्न करवाया।

रेलवे घर जाकर 80 साल से अधिक के पेंशनरों को दे रहा जीवन प्रमाण पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बैंकों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इसके विरूद्ध पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इसके लिए विशेष अभियान चला रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनभोगियों को विशेष सुविधा प्रदान की जाते हुए घर पहुंचकर उनके डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार किए जा रहे हैं।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक नूपुर चौधरी के निर्देशन में लेखा विभाग द्वारा 01 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्थानों पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, अधिक आयु एवं शारीरिक असुविधा के कारण रेलवे कार्यालय अथवा शिविर तक पहुंचने में कठिनाई महसूस करने वाले वरिष्ठ पेंशनभोगियों को उनके घर पर ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



असुविधा से बचाने की पहल- मुकेश कुमार के अनुसार इस पहल का प्रमुख उद्देश्य वरिष्ठ पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए होने वाली असुविधा से बचाना तथा उन्हें घर बैठे ही डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत तकनीकी कर्मचारियों द्वारा पेंशनरों के घर जाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई और उनके डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन तैयार एवं जमा किए गए।

उज्जैन रेलवे इंस्टीट्यूट में शिविर - इसी क्रम में 04 नवंबर 2026 को उज्जैन रेलवे इंस्टीट्यूट में भी विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 46 पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा किए गए। शिविर में आईटी इंजीनियर अब्दुल मलिक कुरैशी एवं रघुनाथ महतो ने पेंशनरों को तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक राजेश मीणा एवं वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी मुनेश कुमार मीणा भी उपस्थित रहे।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा
मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर
महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

निमार्णाधीन कॉम्प्लेक्स का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

उज्जैन। नगर निगम द्वारा गोपाल मंदिर स्थित सर्वसुविधायुक्त कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निमार्णाधीन कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गति बढ़ाते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोअर बेसमेंट स्लैब का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए ग्राउंड फ्लोर का कार्य प्रारंभ किया जाए।

विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 732 यूनिट रक्तदान

इंदौर। मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी राऊ इंदौर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) यूनिट एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 732 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में रक्त संग्रहण एवं चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाएं एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं एमवाय हॉस्पिटल इंदौर के स्टेट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड सेंटर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा की गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने आगे आकर रक्तदान किया। शिविर के माध्यम से समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

महापौर टटवाल ने दीपावली बाजारों का किया निरीक्षण

दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शहर में लगने वाले दीपावली बाजारों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बाजारों में लगने वाली दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों एवं दुकानदारों से चर्चा की तथा उन्हें लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने का संदेश दिया। महापौर श्री टटवाल ने कहा कि दीपावली पर्व पर स्थानीय व्यापारियों एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि बाजारों में आवागमन सुचारू बना रहे और यातायात बाधित होने की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए निर्धारित स्थलों पर ही दुकानें लगाए। महापौर ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि बाजारों में प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न किया जाए तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।

खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 26 खाद्य नमूने लिए



इंदौर। दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं नापतोल विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 26 खाद्य नमूने संग्रहित किए। अभियान के दौरान 11 प्रतिष्ठानों की जाँच की गई तथा दो प्रतिष्ठानों पर नापतोल विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश, भोपाल श्री मनोज पुष्प के निर्देशन तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान छोटा बांगड़दा स्थित मुस्कान डेयरी से पनीर, ट्रेडिशनल स्वीट्स एवं घी के तीन नमूने तथा स्कीम नंबर 51 स्थित स्नेहल डेयरी से पनीर एवं घी के दो नमूने लिए गए। राधास्वामी नगर, चितावद रोड स्थित राममोहन दूध दही भंडार से दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। एसडीए कंपाउंड, मूसाखेड़ी स्थित श्री बसंत इंटरप्राइजेज का प्राप्त शिकायत के आधार पर निरीक्षण कर कीर्ति गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। इस दौरान नापतोल विभाग द्वारा तेल के पैकेटों की जाँच की गई, जिसमें पैकेटों पर आवश्यक घोषणाएँ एवं वजन नियमानुसार पाए गए। प्रतिष्ठान में उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण असत्यापित पाए जाने पर जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

नैनो न्यूज

- **देवास-औद्योगिक निवेश से रोजगार की उम्मीद-** देवास में औद्योगिक इकाइयों के विस्तार और निवेश प्रस्तावों से रोजगार के नए अवसर बनने की उम्मीद है। फार्मा और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश से स्थानीय कारोबार को मजबूती मिल सकती है।
- **आगर मालवा- किसानों ने सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई-** आगर में कांग्रेस ने ज्ञापन देकर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने और किसानों को तत्काल राहत व मुआवजा देने की मांग की।
- **सुसनेर- मक्का के भाव में सौ रुपये उछाल-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में 4 नवंबर को मक्का का मॉडल भाव 2600 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। पिछले दिन के मुकाबले भाव में 100 रुपये की तेजी रही।
- **रतलाम- औद्योगिक निवेश से विकास की संभावनाएं बढ़ीं-** रतलाम में प्रस्तावित बायोटेक पार्क और औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से रोजगार एवं स्थानीय व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है।
- **मंदसौर- मंडी में लहसुन का मॉडल भाव तेरह हजार आठ सौ-** मंदसौर कृषि उपज मंडी में 5 नवंबर को लहसुन का मॉडल भाव 13800 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। सोयाबीन का मॉडल भाव 4920 रुपये रहा।

बाबू ने रिपोर्ट पक्ष में बनाने के लिए 50 हजार मांगे थे, कलेक्ट्रेट भवन में हुई कार्रवाई से मचा हड़कंप

लोकायुक्त ने 20 हजार रिश्वत लेते ट्रैप किया एडीएम कार्यालय का बाबू

बाबू में रिश्वत के रुपए लेकर जैसे ही अपने पास रखें लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया उसके पास से रिश्वत के रुपए किए बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को एडीएम कार्यालय के बाबू को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप किया। बाबू ने रिपोर्ट पक्ष में बनाने के लिए 50 हजार मांगे थे, कलेक्ट्रेट भवन में हुई कार्रवाई से हड़कंप मच गया था। बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है।

नागदा के बिरलाग्राम में रहने वाले ब्रजेश विश्वकर्मा ने 29 अक्टूबर को लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे एसपी विनोद कुमार दीक्षित को शिकायत दर्ज कराई थी कि एडीएम अत्येंद्रसिंह गुर्जर के कार्यालय में पदस्थ बाबू रोहित गोठवाल द्वारा 50 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी कुछ दिन परेशान करने के बाद 20 हजार पर आकर रुक गया है। लोकायुक्त एसपी द्वारा मामले की जांच निरीक्षक दीपक शेजवार को सौंपी गई। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर गुरुवार को निरीक्षक शेजवार ने बाबू को ट्रैप करने की योजना तैयार कर टीम गठित की और ब्रजेश विश्वकर्मा को रिश्वत के 20 हजार देकर एडीएम कार्यालय भेजा। बाबू में रिश्वत के रुपए लेकर जैसे ही अपने पास रखें लोकायुक्त की टीम ने उसे दबोच लिया उसके पास से रिश्वत के रुपए बरामद किए गए और प्रक्रिया के तहत हाथ धुलवाए तो रिश्वत का रंग सामने आ गया। कार्यालय में ही कार्रवाई पूरी करते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का प्रकरण बाबू रोहित गोठवाल के खिलाफ दर्ज किया गया।

खाद्य विभाग से कार्यालय भेजी थी रिपोर्ट



एटीएम कार्यालय के बाबू को ट्रैक करने का पूरा मामला लोकायुक्त निरीक्षक और शिकायतकर्ता ने बताया कि ब्रजेश विश्वकर्मा ने अपनी मां के नाम पर उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन लिया था लेकिन उसे कोई दस्तावेज नहीं मिले थे उसने सूचना के अधिकार में जानकारी प्राप्त की तो सामने आया कि नागदा की कृष्ण गैस एजेंसी से उसकी मां के नाम पर 14 सिलेंडर डिलेवर हो चुके थे, उसे एक भी नहीं मिला था मामले की शिकायत खाद्य विभाग को की गई थी जहां शिकायत सही पाई गई और एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट एडीएम कार्यालय भेजी गई। बाबू द्वारा ब्रजेश के पक्ष में रिपोर्ट बनाने के नाम पर रिश्वत की मांग की गई थी।

मां के नाम पर जारी 14 सिलेंडर दूसरे व्यक्ति को देने का आरोप

लोकायुक्त के अनुसार, नागदा के बिरलाग्राम निवासी बृजेश विश्वकर्मा पिता तिलकधारी ने 29 अक्टूबर को लोकायुक्त एसपी से शिकायत की थी। बृजेश ने बताया कि उनकी मां विजयलक्ष्मी के नाम पर वर्ष 2019 में उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन जारी किया गया था। हालांकि, उन्हें न तो गैस कनेक्शन मिला और न ही सिलेंडर। आरोप है कि उनके नाम पर जारी 14 सिलेंडर किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिए गए।

दीपावली पर आतिशबाजी से हादसों का खतरा, जिला अस्पताल में 10 बेड का बर्न वार्ड बनाया,

उज्जैन के जिला अस्पताल में 10 बेड का बर्न वार्ड बनाया

हादसों में घायलों को तत्काल उपचार मिल सके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर पटाखों और आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला चिकित्सालय में विशेष स्वास्थ्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हादसों में घायलों को तत्काल उपचार मिल सके, इसके लिए चरक भवन में 10 बेड का बर्न वार्ड आरक्षित रखा जाएगा। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकम रघुवंशी ने अस्पताल का निरीक्षण कर आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सीएमएचओ ने बर्न वार्ड में पर्याप्त दवाइयां, चिकित्सा उपकरण और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपकरणों को चालू हालत में रखने के साथ इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अस्पताल में अग्निशमन यंत्रों को भी चालू स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

सोनोग्राफी विभाग और एएनसी क्लिनिक में गर्भवती महिलाओं को समय पर सोनोग्राफी और प्रसव पूर्व जांच की सुविधा देने पर जोर दिया। पुरुष एवं महिला वार्ड, बर्थ वेटिंग रूम, पीएनसी वार्ड और सुरक्षित मातृत्व इकाई का निरीक्षण कर उन्होंने गर्भवती महिलाओं को सामान्य प्रसव के लिए उचित परामर्श देने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र को पूरी क्षमता से संचालित करने और पात्र बच्चों को भर्ती कर उपचार देने के साथ एड्स विभाग में गुणवत्तापूर्ण जांच एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने को भी कहा।

सीएमएचओ ने चरक भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

पटाखों से होने वाली चोटों के उपचार की रहेगी व्यवस्था

पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान पटाखों से झुलसने, आंखों में चोट, हाथ-पैर में चोट, कानों को नुकसान और धुएं से सांस संबंधी परेशानी होने पर जिला चिकित्सालय में उपचार की व्यवस्था रहेगी। सीएमएचओ ने अवैध रूप से बनाई जाने वाली कार्बाइड गन के इस्तेमाल से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति भी सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आमजन से सावधानी बरतने और सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. भगवान सिंह दांगी, डॉ. चिन्मय चिंचोलीकर, डॉ. निधि जैन, डॉ. शिव मेन्या राहवीर, अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, सहायक अस्पताल प्रबंधक श्रीमती वर्षा चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय की सभी लिफ्ट सुचारू रखने, निर्बाध बिजली आपूर्ति और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। चरक भवन परिसर के बाहर चैंबर से गंदा पानी फैलने की समस्या पर तत्काल निकासी व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद सीएमएचओ ने ओपीडी का निरीक्षण कर मरीजों को समय पर दवाइयां, जांच और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के निर्देश दिए।

शुल्क विनियामक आयोग ने प्रेस्टीज प्रबंधन को बुलाया भोपाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रेस्टीज संस्थान में विद्यार्थियों से की जा रही अवैध शुल्क वसूली के विरोध में एक सप्ताह से निरंतर आंदोलन किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद की कड़ी चेतावनी के बाद अब शुल्क विनियामक आयोग ने 13 नवम्बर को प्रेस्टीज प्रबंधन को भोपाल में तलब कर लिया है।

दरअसल, उक्त प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों से अवैध शुल्क लिया जा रहा है, जो वापस नहीं किए जाने तथा रोक नहीं लगाए जाने के विरोध में परिषद का संघर्ष जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रेस्टीज संस्थान के प्रशासन के साथ विद्यार्थी परिषद की बैठक हुई थी। बैठक में शुल्क कम करने अथवा विद्यार्थियों को राहत देने के संबंध में कोई ठोस निर्णय या सहमति नहीं बन सकी। इसके पश्चात विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया था।

इसी के अंतर्गत बुधवार को शुल्क विनियामक आयोग के अध्यक्ष से दूरभाष पर चर्चा की गई, तो उन्होंने परिषद के पत्र के आधार पर प्रेस्टीज संस्थान के निदेशक को 13 भोपाल में उपस्थित होने के लिए सूचित किया है, साथ ही आश्वासन दिया है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी तथा अवैध शुल्क वसूली के विषय में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

जमीन-मकान के सौदों में बूम: धनतेरस पर भी होगी रजिस्ट्री

बीते सात महीने में मध्यप्रदेश सरकार को मिले 247 करोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल नगरी उज्जैन में प्रॉपर्टी बाजार की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। जमीन, मकान और दुकानों की खरीद-बिक्री में तेजी का असर सरकारी खजाने पर भी दिखाई दे रहा है। अप्रैल से अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 40,644 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ, जिससे सरकार को 247.30 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। पिछले साल इसी अवधि में 240.42 करोड़ रुपये की आय हुई थी। इस तरह इस बार राजस्व में 6.88 करोड़ रुपये यानी 2.86 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

रजिस्ट्री कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर के बीच 39,454 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ था। इस बार यह संख्या बढ़कर 40,644 हो गई। यानी पिछले साल की तुलना में 1,190 अधिक दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है। दस्तावेजों की संख्या में 3.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि में प्रतिदिन औसतन करीब 193 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ।

जुलाई में सबसे ज्यादा 46.31 करोड़ का राजस्व

सात महीनों के दौरान रजिस्ट्री से सबसे ज्यादा कमाई जुलाई में हुई। इस महीने सरकार को 46.31 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। इसके बाद जून में 45.08 करोड़ रुपये की आय हुई। वहीं सितंबर में 37.71 करोड़, मई में 34.81 करोड़, अक्टूबर में 32.67 करोड़ और अगस्त में 28.92 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जुलाई में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले सबसे अधिक 7.63 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

उज्जैन में प्रॉपर्टी बाजार में बढ़ती गतिविधियों के पीछे कई वजहें मानी जा रही हैं। महाकाल लोक के निर्माण के बाद शहर में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है। इसके साथ ही सड़क, पुल, घाट और आवासीय परियोजनाओं से जुड़े विकास कार्य भी जारी हैं। आगामी सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों के चलते शहर और आसपास के क्षेत्रों में जमीन, मकान और व्यावसायिक संपत्तियों को लेकर लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। इन गतिविधियों का असर संपत्ति के सौदों और रजिस्ट्री के आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है।

त्योहारी सीजन में जमीन, मकान या दुकान की रजिस्ट्री कराने की योजना बना रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। धनतेरस के दिन पंजीयन कार्यालय खुला रहेगा और लोग शुभ मुहूर्त में संपत्तियों का पंजीयन करा सकेंगे। हालांकि दीपावली के दिन कार्यालय में अवकाश रहेगा। ऐसे में धनतेरस पर रजिस्ट्री कराने के इच्छुक लोगों को पहले से स्लॉट बुक कराने और जरूरी दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी गई है।

इस माह उज्जैन आ सकते हैं बोहरा समाज के धर्मगुरु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना डॉ. मुफद्दल सैफुद्दीन नवंबर के दूसरे सप्ताह में उज्जैन आ सकते हैं। आकामौला के संभावित कार्यक्रम को देखते हुए समाजजनों ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि अब भी फाइनल प्रोग्राम का इंतजार है।

बताया जाता है सैयदना साहब इंदौर, देपालपुर व गौतमपुरा के प्रवास पर आने वाले हैं। उनके कार्यक्रम में उज्जैन और आगर भी शामिल हैं। केवल उज्जैन आने की तारीख तय होना शेष है। अभी जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार सैयदना साहब 10 या 11 तारीख को उज्जैन आ सकते हैं। समाज के जनसंपर्क अधिकारी अली असगर मोय्यदी ने बताया कि धर्मगुरु सैयदना साहब के आने की सूचना प्राप्त हुई है। इससे समाज में हर्ष व्याप्त है। धर्मगुरु सैयदना साहब उज्जैन आएंगे तो कमरी मार्ग स्थित मजार-ए-नजमी में ठहरेंगे। इस पवित्र स्थल में उनके पूर्वजों की मजार है। वे जब भी आते हैं यहां जियारत करते हैं तथा समाजजनों को आशीर्वचन भी प्रदान करते हैं। धर्मगुरु के आने की जानकारी मिलते ही उज्जैन और आगर क्षेत्र के समाजजनों में उत्साह छा गया है। समाज के लोग अपने आकामौला के स्वागत और दर्शन की आस को लेकर उत्साहित हो गए हैं। धर्मगुरु सैयदना साहब का आगर जाने का भी कार्यक्रम संभावित है।

हटेंगे बाधक निर्माण, चौड़ी सड़कों से चमकेगा बाजार

सिंहस्थ 2028 से पहले बदलेगा पुराने शहर का नक्शा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पुराने शहर के बाजारों में सड़क चौड़ीकरण का काम अब बाधक निर्माण हटाने और नालियां बनाने के चरण में है। खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना होते हुए गणेश चौक तक कई भवनों के प्रभावित हिस्से हटाए जाना बाकी हैं। दूसरी ओर महावीर मार्ग से तिलकेश्वर तक चौड़ीकरण के साथ नाली और बाउंड्रीवॉल निर्माण की चुनौती है।

सिंहस्थ-2028 से पहले इन दोनों मार्गों को यातायात के लिए बेहतर बनाने के लक्ष्य के बीच बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर काम की स्थिति देखी। उन्होंने खजूर वाली मस्जिद मार्ग पर शेष भवनों की तोड़ाई अगले 15 दिनों में पूरी करने और मलबा रात में हटाने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि तोड़ाई के बाद नाली निर्माण में देरी नहीं होनी चाहिए।

खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना होते हुए गणेश चौक तक करीब 730 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। चौड़ीकरण में प्रभावित भवनों के हिस्से हटाए जा रहे हैं। निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि निर्धारित मार्किंग के अनुसार शेष भवनों की तोड़ाई 15 दिन में पूरी की जाए। मलबा रात की शिफ्ट में हटाया जाए, ताकि दिन में बाजार और रहवासियों की आवाजाही बाधित न हो। भवनों के प्रभावित हिस्से हटते ही नाली निर्माण शुरू करने को कहा गया है। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण के दौरान स्थानीय नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि कई नागरिकों ने स्वयं अपने भवनों के प्रभावित हिस्से हटाकर चौड़ीकरण में सहयोग किया है।

सिंहस्थ से पहले तैयार करने की चुनौती

दोनों मार्ग पुराने शहर की यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। चौड़ीकरण पूरा होने पर बाजार क्षेत्र में आवाजाही सुगम होने और सिंहस्थ के दौरान यातायात दबाव कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि, निर्माण एजेंसियों के सामने अब निर्धारित समय में तोड़ाई, नाली, सड़क और बाउंड्रीवॉल के काम पूरे करने की चुनौती है। निगम आयुक्त ने संबंधित एजेंसियों, कंसल्टेंट और टाटा कंपनी के प्रतिनिधियों को पर्याप्त संसाधन लगाकर गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

650 मीटर मार्ग पर नाली और बाउंड्रीवॉल का काम तेज होगा



गौतम मार्ग यानी महावीर मार्ग से तिलकेश्वर तक करीब 650 मीटर सड़क को 12 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। यहां निगम आयुक्त ने मशीनरी और संसाधनों की संख्या बढ़ाकर निर्माण तेज करने को कहा। नाली निर्माण शीघ्र पूरा करने के साथ नई बाउंड्रीवॉल का काम भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

फूलझड़ियों से होगी पांचों आरती

महाकाल के दरबार में अमावस्या से पहले मनाई जाएगी दीपावली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दीपावली का उत्सव अपनी अनूठी परंपराओं और राजसी वैभव के साथ मनाया जाएगा। देश के अधिकांश मंदिरों में अमावस्या को दीपावली मनाई जाती है, लेकिन महाकाल मंदिर में चतुर्दशी पर ही दीपोत्सव की परंपरा है। इस बार आठ नवंबर को चतुर्दशी और अमावस्या एक ही दिन होने से तड़के भस्म आरती में राजाधिराज के दरबार में दीपावली मनाई जाएगी।

सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलने के बाद भगवान का तिल्ली के तेल से अभ्यंग स्नान होगा। पुजारी परिवार की महिलाएं केसर-चंदन का उबटन लगाकर गर्म जल और सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराएंगी। इसके बाद सोने-चांदी के आभूषणों से राजसी श्रृंगार किया जाएगा। दीपावली के पारंपरिक पकवानों से अन्नकूट सजाया जाएगा। इसमें गुजिया, पपड़ी, खुरमे, खीर, पूड़ी, भजिया, चावल, दाल, सब्जियां और चटनियां शामिल होंगी। इस उत्सव की सबसे आकर्षक परंपरा फुलझड़ियों से आरती की है। सुबह से रात तक होने वाली पांचों आरतियों में फुलझड़ियां जलाई जाएंगी। दीपों और फुलझड़ियों की रोशनी में महाकाल का दरबार जगमगाएगा। शाम को नगरवासी दीपावली मनाएंगे।

इस बार विशेष संयोग यह है कि आठ नवंबर को चतुर्दशी और अमावस्या एक ही दिन होने से तड़के भस्म आरती में राजाधिराज के दरबार में दीपावली मनेगी, जबकि शाम को नगरवासी दीपोत्सव मनाएंगे। दीपावली पर तड़के चार बजे मंदिर के पट खुलेंगे। भस्म आरती में भगवान महाकाल का अभ्यंग स्नान कराया जाएगा।

न्यूज कालम



डॉ. पदमा जैन डीपीओ/सहायक निदेशक बनी

मनावर। जिला अभियोजन संचालनालय धार में डीपीओ/सहायक निदेशक बनी डॉ पदमा जैन इंदोर से धार पद पर पदोन्नति होकर धार मे नवीन पद स्थापना पर बधाई दी इस अवसर पर डीडीपी गरवाल सर,डीडीपी खीची सर,डीपीओ एस सी एसटी कोर्ट डी एस बीलवाल सर,व समस्त एडीपीओ ओर स्टाफ बार काउंसिल के अधिवक्ता गण ,एजीपी शारद पुरोहित, शंकर सिंह यादव, सिध्दार्थ जैन,आदि ने गुलदस्ता देकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डीपीओ /सहायक निदेशक पदमा जैन के अपने कार्यकाल में इंदौर में लोकायुक्त संगठन एवं राज्य आर्थिक ब्योरा के अनुपातहीन संपत्ति राजसात के प्रकरण का सफलता पूर्वक संचालन किया,असिस्टेंट प्रोफेसर की सेवा दे चुकी कालेज झाबुआ ओर बड़वानी में अपनी सेवा दे चुकी,आकाश वाणी इंदोर में लॉ प्रोग्राम , झाबुआ लक्ष्मी बैंक की डायरेक्टर , महिला उत्पीडन समिति की सदस्य रही, झाबुआ कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसनीय पत्र से सम्मानित किया, महिला दिवस पर ब्लाक आफिस थांदला द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसनीय पत्र से सम्मानित किया,झाबुआ मे पहली एलएलएम पी एच डी की उपाधि प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ,लायंस क्लब द्वारा उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने पर प्रशंसनीय पत्र से सम्मानित किया, विभिन्न संस्थाओं में विधिक जागरूकता शिविर में विधिक अधिकार की जानकारी दी।

नशे, बाल मजदूरी और ऑनलाइन जुए से दूर रहें विद्यार्थी



सनावद। बच्चों को उनके अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनावद में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सीख दी गई। इस दौरान रविन्द्र अम्बिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उम्र पढ़ने, खेलने और अपना भविष्य संवारने की है। विद्यार्थी बुरी संगत, नशे और बाल मजदूरी से दूर रहें। उन्होंने बताया कि 14 से 18 वर्ष के किशोरों को पटाखा फैक्ट्री, खदान सहित किसी भी खतरनाक उद्योग में काम पर नहीं लगाया जा सकता। ऐसा करने वाले नियोजकों के खिलाफ जेल और जुमार्ने का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन न चलाएं। दुर्घटना होने की स्थिति में अभिभावकों को भी कानूनी और आर्थिक जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। साथ ही ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी और जुए जैसी गतिविधियों से दूर रहकर पढ़ाई पर ध्यान देने तथा माता-पिता और शिक्षकों की बात मानने की समझाइश दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य धर्मेंद्र कछवाहे, न्यायालय खंडपीठ सदस्य शायरा खान, रविन्द्र अम्बिया एवं संदीप बैसवार उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ने गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु दानापानी पात्रों का वितरण किया



सनावद। सामाजिक सरोकारों के साथ पर्यावरण और जीव संरक्षण की दिशा में लायंस क्लब सनावद स्नेह ने सराहनीय पहल की। लायंस क्लब की द्वितीय कैबिनेट मीटिंग के दौरान क्लब पदाधिकारियों ने पक्षियों के संरक्षण और जीवन रक्षा के उद्देश्य से दाना-पानी पात्रों का वितरण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन, जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता भागचंद जैन एवं प्रथम उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने पात्र वितरित किए। ला. अनिता जैन ने कहा कि बेजुबान पक्षी भी प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना केवल सेवा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इस पहल का उद्देश्य पक्षी संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित लायंस क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी ला. कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. राम जाट एवं द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. डॉ. राजेश सोडानी ने लायंस क्लब सनावद स्नेह के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज और पर्यावरण के प्रति अनुकरणीय पहल बताया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रश्मि गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर साधना सोडाणी, पूर्व गवर्नर परविंदर सिंह भाटिया, एनके मेहता, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी ला. रवि बोथरा, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष ला. श्रवण त्रिपाठी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कैबिनेट सदस्य एवं विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा और राजस्व विभाग के दल ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

खंडवा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं राजस्व विभाग के सयुंक्त दल ने गुरुवार को खंडवा शहर की दुकानों का औचक निरीक्षण कर कुल ३३ नमूने लेकर जांच की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मयूरी डोंगरे एवं श्री राधेश्याम गोले ने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के संदेहजनक नमूनें लेकर उन्हें विश्लेषण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की। खाद्य एवं ओषधि प्रशासन विभाग भोपाल की चलित खाद्य प्रयोगशाला के साथ टेक्नीशियन द्वारा मौके पर ही 25 नमूने मौके पर लेकर जांच की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राधे श्याम गोले ने बताया कि गुरुवार को अग्रवाल मिष्ठान भंडार स्टेशन रोड दीपचंद अग्रवाल से मलाई बर्फी मिठाई एवं मिठाई निर्माण में प्रयुक्त मावा, अजहर हुसैन पटेल पटेल दूध डेयरी से भैंस का दूध एवं गाय का दूध, रवि वर्मा दादाजी नमकीन निर्माण स्थल शिवाजी चौक से बेसन बर्फी एवं गुजिया एवं मनोज नायदे माँ भवानी नमकीन भंडार शिवाजी चौक से शकरपारे एवं मगद के लड्डू के नमूनो को मानक परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

स्वामित्व योजना से ग्रामीण परिवारों को मिलेगा संपत्ति का कानूनी अधिकार, आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मिलेगी मजबूती – प्रभारी मंत्री सिलावट

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्र के लाखों परिवारों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और अधिकारों का नया अध्याय जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि का वैध स्वामित्व अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 24 अप्रैल, 2020 को स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई। योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी भूमि का सर्वेक्षण कर पात्र परिवारों को उनकी संपत्ति के वैध स्वामित्व दस्तावेज उपलब्ध कराना है। पहली बार इतने व्यापक स्तर पर ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि का कानूनी अधिकार अभिलेख प्रदान किया जा रहा है। यह पहल केवल दस्तावेज वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को उनके अधिकार, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि स्वामित्व अभिलेख प्राप्त होने से ग्रामीण परिवार अपनी संपत्ति के आधार पर बैंक से ऋण प्राप्त कर सकेंगे तथा नियमानुसार संपत्ति का क्रय-विक्रय भी कर सकेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और परिवारों के लिए आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ग्रामीण परिवारों को उनके संपत्ति संबंधी अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रदेश में स्वामित्व योजना के अंतर्गत लगभग 68 लाख पट्टे मंजूर किए गए हैं। वहीं लगभग 49 लाख 52 हजार ५३९ स्वामित्व रजिस्ट्रियां वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे लगभग 73 लाख 12 हजार 511 हितग्राही लाभान्वित होंगे। योजना के तहत हितग्राहियों को स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी। इस प्रक्रिया पर होने वाला लगभग 3800 करोड़ रुपये का व्यय प्रदेश सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

बुरहानपुर जिले में भी स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को उनकी आबादी भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। जिले में लगभग 72,160 स्वामित्व रजिस्ट्रियां वितरित की जाएंगी, जिससे लगभग 1,13,468 हितग्राही लाभान्वित होंगे। वर्तमान में लगभग 22,285 स्वामित्व रजिस्ट्रियां तैयार हो चुकी हैं।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का प्रत्येक जरूरतमंद एवं ग्रामीण परिवार सम्मानपूर्वक जीवन जी सके। स्वामित्व योजना इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार का प्रयास है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

शासकीय विद्यालय बलसगाँव में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

शसकीय माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल बलसगाँव (करही) में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव जी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार की जन कल्याणकारी 'निःशुल्क साइकिल वितरण योजना' के तहत बालक-बालिकाओं को साइकिलें प्रदान की गईं।

विद्यार्थियों से सीधा संवाद साइकिल वितरण के पश्चात मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार मेव जी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के अतिथियों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने छात्रों के शैक्षणिक अनुभवों, प्राथमिकताओं एवं भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली और उन्हें मन लगाकर पढ़ने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया साथ ही पेयजल सुविधा (वाटर कूलर) का हुआ लोकार्पण

विद्यार्थियों को स्कूल परिसर में ही शुद्ध एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में की गई घोषणा को पूरा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार मेव जी एवं अतिथियों द्वारा नवनिर्मित पेयजल वाटर कूलर का लोकार्पण कर उसे विधिवत विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। इससे भीषण गर्मी के दिनों में छात्रों को पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार मेव जी ने अपने संबोधन में कहा, "हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में हमारे बच्चों को हर संभव सुविधा और संबल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए साइकिल योजना आवागमन को आसान बनाएगी।

एनएफआर के महाप्रबंधक ने असम के मुख्यमंत्री से की मुलाकात, रेल परियोजनाओं पर हुई चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल ने ४ नवंबर को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्री बंसल ने एनएफआर (निर्माण) की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 13,63,205 रुपये का चेक प्रदान किया। यह आर्थिक सहायता राज्य में जून और जुलाई माह में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास और मदद के लिए दी गई है।

बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने मुख्यमंत्री को पूर्वोत्तर क्षेत्र में चल रही विभिन्न रेल अवसंरचनात्मक परियोजनाओं और नए सर्वेक्षणों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने रेलवे की उन महत्वपूर्ण पहलों पर प्रकाश डाला जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी को मजबूत करना और क्षेत्रीय विकास को गति देना है।

इन प्रमुख परियोजनाओं के लिए मांगा राज्य सरकार का सहयोग श्री बंसल ने रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए राज्य सरकार से सहयोग मांगा। उन्होंने विशेष रूप से द्वितीय सरायघाट पुल के निर्माण में आ रही अतिक्रमण की बाधा को हटाने पर जोर दिया। इसके साथ ही, लामडिंग-फरकाटिंग दोहरी लाइन और कामाख्या-गुवाहाटी तीसरी लाइन जैसी प्रमुख मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की। महाप्रबंधक ने प्रस्तावित कोकराझार-गेलेफू नई रेल लाइन परियोजना के लिए भी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया।

बैठक में दोनों पक्षों ने रेलवे और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया, ताकि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों को जल्द दूर किया जा सके। इन संयुक्त प्रयासों से न केवल असम बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास और परिवहन ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार आएगा।

स्कूल से घर और घर से समाज तक पहुंचेगा स्वच्छता का संकल्प – अर्चना चिटनिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



बच्चे केवल देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान में भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की बड़ी ताकत हैं। बच्चों के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाकर इसे व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है। इसी उद्देश्य से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस (दीदी) ने बुरहानपुर के नेहरू मोंटेसरी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें 'स्वच्छ विधानसभा-180 नगरीय' अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनने के लिए प्रेरित किया।

'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत संचालित 'स्वच्छ विधानसभा-180 नगरीय' अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का संदेश अपने घरों से लेकर पूरे समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। अर्चना चिटनिस को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

उन्होंने पूरे उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान से जुड़ने और अपने परिवारों एवं आसपास के लोगों को जागरूक करने में सहभागी बनने की रुचि दिखाई।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं नेतृत्व में स्वच्छता देशव्यापी जनआंदोलन बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बुरहानपुर में 'स्वच्छ विधानसभा-180 नगरीय' अभियान को जनभागीदारी का व्यापक जनआंदोलन बनाया जाएगा। इसमें बच्चों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चा जब किसी अच्छी आदत को अपनाता है और अपने परिवार को उसके लिए प्रेरित करता है, तो उसका प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है।

आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस आज दे रही उपदेश- लोधी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि कांग्रेस को लोकतंत्र पर सवाल उठाने से पहले अपने इतिहास पर नजर डालनी चाहिए। जिस पार्टी ने सत्ता में बने रहने के लिए देश में आपातकाल लगाया और नागरिकों के अधिकारों को कुचलने का काम किया, वह आज लोकतंत्र की सबसे बड़ी हितैषी बनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव में हार और जीत लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस अपनी पराजय स्वीकार करने के बजाय कभी ईवीएम, कभी चुनाव आयोग और कभी मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था के लिए जरूरी है।

कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के बजाय जनता के बीच जाकर अपने काम और नीतियों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से लोकतंत्र और राष्ट्रहित के मुद्दों पर जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।

श्री महालक्ष्मी मंदिर में छह दिवसीय दीपावली पर्व धनतेरस को ध्वज पूजन से प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा



- लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में पांच दिवसीय दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां हो चुकी है साथ ही मंदिर में आकर्षक विद्युत सजावट भी गई है। पांच दिवसीय पर्व का आरंभ 6 नवम्बर से आरंभ होकर 11 नवम्बर तक मनाया जावेगा।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, राकेश झंवर एवं मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय ने बताया कि 6 नवम्बर अक्टूबर धन त्रयोदशी को प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे ध्वजा पूजन होगा जिसमें श्री 1008 श्री ओंकार नंदजी ब्रह्मगीर गुरू गादी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहकर आर्शीवचन देंगे। 10 बजे विशेष पूजन, 12 बजे नैवेद्य आरती, शाम 6 बजे धनवतंरी पूजन सहित धन के देवता कुबेर का आव्हान के साथ ही कुबेर का विशेष पूजन, कुवेर पोटली बनाई जावेगी जो भाई दूज के बाद भक्तों को वितरित की जावेगी साथ ही श्रीसूक्त का पाठ भी रात्रि में होगा एवं 10 बजे शयन आरती होगी।

इसी तरह दि. 7 नवम्बर प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकड़ा आरती, विशेष पूजन श्रृंगार आरती 8 बजे, 9 बजे यम दीपदान, 12 बजे नैवेद्य आरती, विशेष पूजन रात्रि 8 बजे तथा 10 बजे शयन आरती होगी। मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि पांच दिवसीय दीपोत्सव आयोजन को लेकर शुद्ध घी की नुकती महाप्रसादी बनना आरंभ हो गई है। रूप चौदस श्री हनुमान जयंती को

अवैध शराब के साथ छह लोग पकड़ाए

खंडवा। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह लोगों को पकड़ा। पदमनगर पुलिस ने भैरव तालाब के पास त्रिलोक यादव से 15 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। पिपलोद पुलिस ने ग्राम जलकुआं में पदमाबाई से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा चांदपुर में नंदलाल से 18 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। मांधाता पुलिस ने रामलाल से 8 लीटर, धनगांव पुलिस ने हेमुबाई से 12 लीटर और नर्मदानगर पुलिस ने मंशाराम से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। सभी मामलों में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

80 वर्षीय महिला से झाड़ू से मारपीट

खंडवा। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम दिपला में ताने मारने की बात को लेकर विवाद हो गया।

पंचायत उपनिर्वाचन के लिए मतदान 4 दिसम्बर को होगा

खंडवा । म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पंचायत उप निर्वाचन के तहत खंडवा जिले में जनपद पंचायत छैगांवमाखन के वार्ड क्रमांक 1 के सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 6 के लिये उप निर्वाचन होगा सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस उपनिर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 12 नवम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 19 नवंबर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 20 नवम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 23 नवम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।

दीपावली पर्व तक शहर में दिनांक 6 से 8 नवम्बर 26 तक यातायात मार्ग परिवर्तित रहेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर में बढ़ते वाहनों की संख्या और आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए वहां यातायात मार्ग परिवर्तित किया गया है भारी वाहन शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा द्य वही टू व्हीलर,फोर व्हीलर वाहनों को नियत परिवर्तित मार्ग से ही आवागमन किया जा सकेगा द्य पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना यातायात द्वारा दीपावली महापर्व के दौरान नीमच शहर में आमजन हेतु बेहतर एवं सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 6 नवम्बर को धनतेरस, दिनांक 7 नवम्बर को रूप चौदस एवं दिनांक 8 नवम्बर को दीपावली पर्व के दौरान आवागमन को सुचारू रूप से संचालित एवं सुव्यस्थित करने हेतु प्रातः ०८:०० बजे से रात्रि १२:०० बजे तक शहर मार्ग परिवर्तन, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेंगी। दि. 6 नवम्बर को धनतेरस, दि. 7 नवम्बर को रूप चौदस एवं दि. 8 नवम्बर को दीपावली पर्व के दौरान प्रातः 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक शहर का मार्ग परिवर्तन एवं पार्किंग व्यवस्था :-

जावद फन्टा, भरभडिया फन्टा मालखेडा फन्टा जेतपुरा फन्टा सादडी रोड आदि स्थानों से नीमच शहर की ओर आने वाले 6 नवम्बर से 8 नवम्बर तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 12 बजे रहेगें। भाटखेडा फन्टा, छोटी समस्त भारी वाहन दिनांक तक पूर्णतः प्रतिबंधित फव्वारा चौक से विजय टाकीज चौराहा तक समस्त तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

फोरजीरो चौराहा से फव्वारा चौक तक समस्त तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।ज्ञान मंदिर तिराहा से नयाबाजार की ओर तीन/चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगें ।

हाट मैदान चौराहा, महेश सर्कल चौराहा से टैगोर मार्ग की ओर तीन/चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगे।मुलचंद मार्ग पर से नयाबाजार रोड पर मिलने वाली मदन मछली गली, घण्टाघर गली, कुम्हारा गली आदि समस्त गलियों में तीन/चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगे ।

उक्त मार्ग पर दो पहिया वाहनों का अधिक दबाव बढ़ने की स्थिती में दो पहिया वाहन भी प्रतिबंधित किये जा सकेगें। शहर मे अन्य समस्त मार्ग यथावत आवागमन हेतु चालू रहेगें। परिवर्तित मार्ग समस्त दो/तीन/चार पहिया वाहन पुलिस अधीक्षक कार्या. के सामने से हाट मैदान-वीर पार्क रोड-चौपडा चौराहा तक आ जा सकेगें।

देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने आगामी २० नवंबर को देवउठनी ग्यारस पर बड़ी संख्या में होने वाले सामूहिक विवाह आयोजनों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा ने बताया कि खण्डवा जिले में बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग खण्डवा के कार्यालय में दूरभाष संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा बाल विवाह संबंधी सूचना श्रीमती रत्ना शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी के मोबाईल नम्बर ८९८९०४०७८७ या श्रीमती पूजा राठौड, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग खण्डवा के मोबाईल या श्री पुष्पेन्द्र मण्डलोई, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थानिक आई.सी.पी.एस. के पर भी दी जा सकती है। बाल विवाहों की रोकथाम एवं उन पर की जाने वाली त्वरित कार्यवाही के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी एसडीएम की अध्यक्षता में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में ६ सदस्यीय समितियों का गठन प्रत्येक विकासखण्ड में पर किया है।कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि देवउठनी एकादशी पर २० नवम्बर को एवं अन्य तारीखों में होने वाले विवाहों, निकाहों एवं सामूहिक विवाहों में बाल विवाह न हों।

न्यूज -कॉलम

ढाबारोड पर किराना दुकानों पर दबिश, पटाखे बरामद

उज्जैन। अवैध पटाखा कारोबार करने वालों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को खाराकुआ थाना पुलिस ने खत्रीवा?ा में दो किराना दुकान से अवैध पटाखे बरामद किये। पुलिस के दोनों दुकान संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार एक दुकान संचालक हरि पिता रामचंद्र गुप्ता और दूसरा अरविंद पिता जगदीश से 20 हजार से अधिक के पटाखे मिले है। दोनों बिना लायसेंस रहवासी क्षेत्र में पटाखे बेच रहे थे। विदित हो कि कुछ दिन पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने शास्त्री नगर में दबिश देकर एक मकान से 10 लाख से अधिक के अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया था। अवैध पटाखों के मामले में माधवनगर, बड़नगर पुलिस भी कार्रवाई कर चुकी है।

आधे घंटे चले इलाज के बाद युवक की हुई मौत



उज्जैन। जहरीला पदार्थ खाने के बाद उन्हेल से मुकेश पिता दामोदर जोशी 35 साल का उपचार के लिये गुरूवार दोपहर उज्जैन लाया गया था। चरक अस्पताल में आधा घंटा चले उपचार के बाद मुकेश की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मुकेश प्रायवेट काम करता था, संभवत: उसने आर्थिक परेशानी और पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खाया था। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम उन्हेल का होने पर जांच के लिये मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

स्टेशन पर मिले सीहोर से लापता बालक-बालिका

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर प्रतिदिन सर्चिंग अभियान चलाया जाता है। गुरूवार को सर्चिंग के दौरान प्लेटफार्म नम्बर 1 पर कम उम्र के बालक-बालिका बैठे दिखाई दिये। उनके साथ कोई नहीं था। दोनों से पूछताछ करने पर उन्होने सीहोर का होना बताया। बालक 17 वर्ष और बालिका 15 वर्ष की थी। दोनों को थाने लाया गया और सीहोर पुलिस से संपर्क कर उनके माता-पिता की जानकारी मांगी। इस दौरान पता चला कि बालिका के अपहृत होने की शिकायत दर्ज है। दोनों के मिलने की सूचना से सीहोर पुलिस को अवगत कराया गया। दोपहर में सीहोर पुलिस बालिका के परिजनों के साथ उज्जैन पहुंचे। दोनों बालक-बालिका को उनके सुपुर्द किया गया है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि एक मामले में बिहार निवासी 18 वर्षीय युवक-युवती को भी रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया था। दोनों के परिजनों को सूचना दी गई और उनके आने पर सुपुर्द किया गया है।

खाते में पैसे नहीं आने पर पंचायत सचिव को धमकी

उज्जैन। खाचरौद थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी पंचायत के सहायक सचिव गोपाल पिता भैरूलाल खिंची 55 साल के साथ गांव के रहने वाले अंतरसिंह पिता लालसिंह द्वारा गाली-गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई और शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। सहायक सचिव की शिकायत पर पुलिस ने अंतरसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। सहायक सचिव ने शिकायत में बताया कि अंतरसिंह ने प्रधानमंत्री आवास में पिता के नाम का फार्म जमा किया था। नाम अब तक सूची में नहीं आया है। इसी बात को लेकर अंतरसिंह पंचायत भवन आया था और खाते में पैसे नहीं आने की बात कहकर गाली-गलौच करने लगा था। सूची में नाम आने के बाद ही खाते में पैसे में आने की बात कहीं तो उसके द्वारा झूमाझटकी की धमकी दी गई।

मामूली बात पर पडोसियों के बीच चले लात-घूंसे

उज्जैन। बड़नगर थाना क्षेत्र की ठक्कर कालोनी में रहने वाले पवन पिता नारायण गौसर 35 साल और पड़ोसी ऋषि पिता कैलाश सतपाडिया 30 साल के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। दोनों एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलकर टूट पडे। पुलिस के पास पहुंचने पर ऋषि का कहना था कि घर के बाहर रखे पतरे ठोकने की बात पर आरोपियों ने मारपीट की। पवन का आरोप था कि रास्ते में रखे पतरे से टकराने पर आरोपी द्वारा विवाद किया गया। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	390-2	257-4
मेन बाजार	557-7	788-3
कल्याण नाइट	390-2	134-8
मिलन डे	447-5	146-1
मिलन नाइट	170-8	478-9
मधुर डे	148-3	188-7
मधुर नाइट	157-3	368-7
शुभांक	7 6	5

आज धनतेरस का पर्व, 16 मार्गों चार पहिया वाहन प्रतिबंधित.....

बाजार की सुरक्षा-व्यवस्था देखने निकले पुलिस कप्तान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





दीपावली पर्व की शुरूआत आज धनतेरस के साथ हो रही है। बाजार पूरी तरह से कारोबार के लिये तैयार दिखाई दे रहा है। गुरूवार को पुलिस कप्तान सुरक्षा-व्यवस्था का देखने के लिये पैदल भ्रमण पर निकले। पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के इंतजामों को देखा। वहीं छोटे दुकानदारों से चर्चा की।

सिंहस्थ 2028 विकास कार्यो के बीच दीपावली का त्यौहार आज से शुरू हो रहा है। बाजारों में पर्व की तैयारियों को लेकर लोग खरीददारी के लिये निकल पडे है। बाजार में सुरक्षा-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा दोपहर में पुलिस बल, अश्वारोही दल, बम निरोधक दस्ते के साथ पैदल भ्रमण पर निकले। छत्री चौक, गोपाल मंदिर, नगर निगम परिसर पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के इंतजामों को परखा और दुकानदारों को लायसेंस प्रति की कॉपी दुकान पर चस्पा करने की बात कहीं। अग्निशमन यंत्रों को चैक किया गया। कप्तान के साथ निकली बीडीडीएस की टीम ने संदिग्ध वस्तुओं की यंत्रों से जांच की। कप्तान ने छोटे दुकानदारों से चर्चा कर धानी-पताशे की खरीददारी कर लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अश्वारोही दल को भीड वाले क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने के निर्देश दिये। धनतेरस से दीपावली तक बाजारों में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे और शाम 6 से 12 बजे तक महिला पुलिसकर्मियों को गश्त के लिये अलर्ट करते हुये पुलिसकर्मियों को भ्रमण के निर्देश जारी किये। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वह सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सर्तक और मुस्तैद रहे।

इन मार्गो पर प्रतिबंधित चार पहिया वाहन- धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में खरीदी करने वालों की भीड बनी रहेगी। जिसके चलते यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान तैयार किया गया है। धनतेरस से सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक नये और पुराने शहर के 16 मार्गो पर चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

जिन मार्गो पर वाहन प्रतिबंधित किये गये है उसमें कंठाल से छत्री चौक, क्षीरसागर से नई स?क, देवासगेट से नई स?क, दौलतगंज से नई स?क, बियाबानी से नई स?क, सत्यनारायण मंदिर से नई सडक, कमरी मार्ग से गोपाल मंदिर, टंकी चौराहा से छत्री चौक, लोहे का पुल से महाकाल घाटी, हरसिद्धी पाल से गुदरी चौराहा शामिल रहेगें। फ्रीगंज क्षेत्र में ढक्कन वाला कुआ से शहीद पार्क, बॉम्बे स्टील चौराहा से शहीद पार्क, श्रीगंगा से शहीद पार्क, बजरंगदल कार्यालय से शहीद पार्क और टॉवर से शहीद पार्क की ओर चार पहिया वाहन नहीं जायेगें।

मंदिरों की कृषि भूमि आय को गौशालाओं में उपयोग का सरकार का निर्णय.....

सपाक्स प्रमुख ने निर्णय को सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप करार दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सपाक्स पार्टी के स्थापना दिवस पर वार्षिक सम्मेलन गुरूवार को भोपाल में एक निजी रेस्टोरेंट में स्वर्ण समाज का मिलन समारोह पूर्व आईएएस डॉ वीणा घाणेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में उज्जैन के डॉ. हीरालाल त्रिवेदी पूर्व आईएएस ने अपने उद्बोधन में मप्र सरकार के मंदिरों की कृषि भूमि कि आय को गौशालाओं में एवं स्थानीय विकास में व्यय किया जाएगा के निर्णय को सनातन धर्म में सीधा हस्तक्षेप करार देते हुए कहा कि जिसे हिंदू समाज कभी भी स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र या राज्य की वर्तमान भाजपा सरकार हो अथवा कांग्रेस पार्टी के नेता हों सभी मिलकर सनातन धर्म पर सीधा आक्रमण कर रहे हैं, इसके विरुद्ध संघर्ष किया जाएगा और आने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव तथा 2028 के मप्र एवं राजस्थान के चुनाव में सीधा जवाब दिया जाएगा। सपाक्स पार्टी इस मामले में सभी सनातनी विचारधारा के लोगों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने यूजीसी रोलबैक नहीं किया तो आगामी चुनाव में मोदी रोलबैक होगा।

अन्याय अब सहन नहीं किया जाएगा- सपाक्स के उज्जैन के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि सम्मेलन में सपाक्स पार्टी के पदाधिकारियों एवं सवर्ण समाज के संगठनों के पदाधिकारीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ वीणा घाणेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सपाक्स पार्टी का जन्म सपाक्स संगठनों के क्रांति सम्मेलन 30 सितंबर 2018 के निर्णय से हुआ। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण के पश्चात एट्रोसिटी एक्ट में 2016 में संशोधन करके वर्तमान भाजपा सरकार ने सामान्य पिछडा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के साथ अन्याय किया था सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी वर्तमान भाजपा सरकार ने एट्रोसिटी एक्ट को और कठोर बनाया और अब यूजीसी विनियम के मार्फत सामान्य वर्ग को प्रताडित किया जा रहा है। यह सरासर अन्याय है और अब इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं और महिलाओं की बात करती है परंतु पीछे से इसी वर्ग पर वार करती है। इस अत्याचार के विरुद्ध युवाओं और महिलाओं को आगे आकर संघर्ष करना चाहिए। राजस्थान सनातन समाज के संयोजक पंडित चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश संयोजक दीनबंधु जोशी ने भी संबोधित किया।

ये भी शामिल हुए सम्मेलन में-

राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शुक्ला एवं इंजी. देवेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष इंजी. पीएस परिहार, मुंबई की मंजू शर्मा, उप्र से आए एडवोकेट राय, बिहार के अध्यक्ष घनश्याम भारद्वाज, गुजरात के शैलेश शुक्ल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता लखन शास्त्री ने किया।

उज्जैन के 2 लोगों की सांवेर सडक हादसे में मौत

उज्जैन। धनतेरस पर्व से पहले गुरूवार रात 10 बजे सांवेर में स?क हादसे के दौरान उज्जैन के 2 लोगों की जान चली गई। खबर मिलते ही दोनों के परिवार में मातम छा गया। दोनों रिश्तेदार थे और इंदौर से वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा था कि सांवेर में बाइक सवार 2 लोगों गंभीर सडक हादसे का शिकार हो गये। दोनों को समीप के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत होना सामने आया। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, उनकी पहचान करने पर सामने आया कि उज्जैन के महावीर नगर क्षेत्र के रहने वाले गुरूचरण पिता दीपनारायण 40 साल और संतोष पिता मनोहरलाल नामदेव 53 साल है। परिजन खबर मिलते ही सांवेर पहुंच गये थे। इधर रिश्तेदारों को जानकारी लगी तो धनतेरस से 1 दिन पहले दो परिवार से जुडे 2 लोगों का निधन होने पर माहौल गमगीन हो गया था। जानकारी समाने आई है कि शुक्रवार सुबह दोनों का शव पोस्टमार्टम के बाद उज्जैन लाया जायेगा। वहीं मामले में पुलिस द्वारा दुर्घटना की वजह का पता लगा रही है।

दीपावली पर महाकाल की सभी आरती में केवल एक फूलझडी जलाई जाएगी

उज्जैन। दिनांक 08 नवम्बर 2026 को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती-पूजन के दौरान प्रत्येक आरती—प्रात: भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के पश्चात आरती, संध्या आरती एवं शयन आरती में पूजा-अर्चना के अभिन्न भाग के रूप में केवल एक फूलझ?ी जलाई जाएगी। यह प्रक्रिया मंदिर की पारंपरिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न की जाएगी। मंदिर प्रबंध समिति की और से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इसके अतिरिक्त गर्भगृह, कोटीतीर्थ कुण्ड, मंदिर परिक्षेत्र तथा श्री महाकाल महालोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, पटाखों का फोडना, ज्वलनशील पदार्थ, अनार, फूलझडी या अन्य आतिशबाजी सामग्री लाना एवं प्रयोग करना पूर्णत:प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे दीपावली पर्व को परंपरागत, शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा-भाव से मनाएँ तथा जारी निदेर्शों का अक्षरश: पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिसके वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

बस चालक के खिलाफ 8 दिन बाद प्रकरण दर्ज



उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के इंदौर बायपास मार्ग पर होटल राजमहल के पास 26 अक्टूबर को हुई दुर्घटना में बस चालक द्वारा बाइक पर सवार धीरेन्द्र पिता सुरेश गुर्जर 35 साल, हीरल गुर्जर 11 साल और लाहूरबाई पति धीरेन्द्र गुर्जर निवासी धरमब?ेला को टक्कर मार दी थी। तीनों घायल हो गये थे। 8 दिन बाद मामला पुलिस के पास पहुंचने पर धीरेन्द्र ने बताया कि वह उपचार के लिये बच्चे और पत्नी के साथ अस्पताल चला गया था। जहां से छुट्टी मिलने पर शिकायत दर्ज कराने आया है। पुलिस ने लाल बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दुर्घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों से तलाश शुरू की है।

गिरफ्त से दूर गैंगरेप का दूसरा आरोपी

उज्जैन। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती को उज्जैन बुलाकर चलती कार में गैंगरेप करने वाला दूसरा आरोपी 10 दिन बाद भी गिरफ्त में नहीं आ पाया। मुख्य 7 दिन की रिमांड पर था। जिसे गुरूवार को जेल भेज दिया गया।

जयसिंहपुरा में रहने वाले प्रापर्टी का कारोबार करने वाले चक्रेश जैन ने इंदौर की युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की थी। उसे 26 अक्टूबर को मिलने के लिये उज्जैन बुलाया था और मेघदूत होटल से अपनी कार में बैठा लिया था। रात 12 बजे युवती नानाखेडा थाने पहुंची थी और चक्रेश जैन के साथ उसके साथी पर चलती कार में गैंगरेप का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर 2 दिन की तलाश के बाद चक्रेश जैन को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे सात दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी। रिमांड अवधि के दौरान रैप में प्रयुक्त कार को गुजरात से बरामद कर लिया गया था। वहीं चक्रेश के दूसरे साथी का नाम राजेश पंथी सामने आने पर उसकी तलाश शुरू की गई थी। लेकिन घटनाक्रम के 10 दिन बाद भी राजेश पंथी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। गुरूवार को चक्रेश का रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नानाखेडा टीआई नरेन्द्र यादव ने बताया कि मामले की विवेचना के साथ फरार आरोपी राजेश की तलाश जारी है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी। प्रकरण दर्ज कराने के बाद युवती के बयान कोर्ट में कराये गये थे और मेडिकल परीक्षण कराया गया था। राजेश पंथी के गिरफ्त में आने पर युवती को पहचान के लिये बुलाया जायेगा।

रात का गिरता तापमान, सुबह तक ठंड का असर

उज्जैन। अर्णव और मुरासु चक्रवात का असर अब थम चुका है और मौसम पूरी तरह से साफ हो चुका है, लेकिन रात के तामपान में गिरावट आ रही है। जिससे सुबह तक ठंड का असर बना हुआ है। अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज हो रहा है।

नम्बर माह का प्रथम सप्ताह बीतने को है। अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री बना हुआ है। लेकिन रात के तामपान में गिरावट आ रही है। बुधवार-गुरूवार रात 15 डिग्री दर्ज किया गया, इस बीच सुबह सूर्योदय के पहले तक ठंड का असर बना रहा। सुबह-शाम हवा 6 से 8 किलोमीटर की बनी हुई है। दिन में हवा की गति काफी कम दर्ज हो रही है। मौसम विभाग की माने तो दीपावली तक दिन का मौसम पूरी तरह से साफ बना रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। जिसके चलते दीपावली का पर्व मनाने में मौसम की बाधा नहीं आयेगी। 15 नवम्बर बाद ठंड का असर तेज हो सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आयेगी। माह के अंत में मौसम का मिजाज बदल सकता है और मावठे की बारिश के आसार बन सकते है। जिसके बाद दिसंबर माह तेज ठंड का साबित हो सकता है।

गर्म कपडों के बाजार में चहल-कदमी

रात का तापमान कम होने पर बढती ठंड के चलते अब गर्म कपडों के बाजार में चहल-कदमी दिखाई देने लगी है। लोगों द्वारा ठंड से बचने के लिये खरीददारी शुरू कर दी गई है। फिलहाल बच्चों से जुड़े गर्म कपडों की खरीददारी का क्रम बना हुआ है। बाहर से आये व्यापारियों का कहना है कि गर्म कपडों की खरीदी का बाजार दीपावली बाद गुलजार हो जायेगा।

दीवाली के संभावित हादसों को देखते हुए अस्पताल में 10 बेड तैयार

सीएमएचओं ने चरक भवन का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखों एवं आतिशबाजी से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं तथा आगजनी की घटनाओं को लेकर जिला अस्पताल में तैयारी कर ली गई है। अस्पतला में 10 बेड बर्न वार्ड घायलों को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें आवश्यक दवाइयां, चिकित्सा उपकरण एवं अन्य संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने तथा सभी उपकरणों को क्रियाशील अवस्था में रखा जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकम रघुवंशी ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय स्थित चरक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए की गई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अस्पताल में 10 बेड का बर्न वार्ड आरक्षित रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और अग्निशमन यंत्रों को हमेशा चालू स्थिति में रखने के लिए कहा है। आकस्मिकता को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाए गए हैं।


चोटों के उपचार की रहेगी व्यवस्था- पांच दिवसीय दीपावली पर्व के दौरान पटाखों एवं आतिशबाजी से होने वाली बर्न इंजरी, आंखों की चोट, हाथ-पैर में चोट, कानों को नुकसान तथा पटाखों के धुएं से होने वाली श्वसन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. विकम रघुवंशी ने अवैध रूप से निर्मित कार्बाइड गन के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए आमजन से सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की है।

लिफ्ट एवं साफ-सफाई को लेकर हिदायत- सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय की सभी लिफ्टों को सुचारू रूप से संचालित रखने, निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चरक भवन परिसर के बाहर चैंबर से गंदा पानी फैलने की समस्या पर तत्काल उचित निकासी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने ओपीडी का निरीक्षण कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, आवश्यक दवाइयां एवं जांच सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के लिए कहा। सोनोग्राफी विभाग एवं एएनसी क्लिनिक का निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं को समय पर सोनोग्राफी एवं प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वार्ड में पहुंचे दिए निर्देश- पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, बर्थ वेटिंग रूम, पीएनसी वार्ड एवं सुरक्षित मातृत्व इकाई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सामान्य प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को उचित परामर्श देने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर उसे पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने एवं पात्र बच्चों को भर्ती कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। वहीं एड्स विभाग में गुणवत्तापूर्ण जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

श्रेष्ठ कर्म कभी बंद न हों



हमें यह चिंतन करना चाहिए कि ये जो जीवन हम जी रहे हैं, वह कहां जा रहा है? या तो पढ़ें शास्त्रों को, सुने अच्छे लोगों को, सही मार्ग वालों को सुनें। ऐसा नहीं कि जब गाड़ी स्टार्ट हुई, तो सही चलावें और बाद में छोड़ दें। हवाई जहाज में टकराने वाली कोई बात नहीं होती, किन्तु वहां भी सदा सावधानी आवश्यक है। ऐसे ही हम घर में भी चलते हैं। कदम-कदम पर सावधानी चाहिए। मां के गर्भ में आने के बाद जन्म प्राप्त करने के बाद शरीर और जीवन की प्राप्ति के बाद, जो परम उद्देश्य है, प्रशिक्षण, प्रयोग, सुनना, बोलना इत्यादि, हर जगह तत्परता आवश्यक है। जीवन भर इनकी आवश्यकता है, ताकि कभी भी आदमी गलत व्यवहार न करे। कई लोगों को देखकर लगता है कि देवपुरुष हैं, किन्तु उनके ज्ञान की दुर्बलता ने, अभ्यास की दुर्बलता ने, गलत आदमी बना दिया है। वेदों में लिखा है कि स्वाध्याय और प्रवचन में कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। मोक्ष शास्त्र पढ़ें, अध्यात्म पढ़ें और पालन करें, मनन करें। उसके अर्थ को अपने मन से जोड़ें। निरंतरता की आवश्यकता है, भोजन निरंतर, कपड़ा निरंतर, तो श्रद्धा-प्रवचन निरंतर क्यों नहीं? जैसे हम निरंतर धन कमाना चाहते हैं, भोग कमाना चाहते हैं, ठीक उसी तरह से हमें निरंतर स्वाध्याय और प्रवचन की आवश्यकता है। यह क्रम चलते रहना चाहिए। लोग जवानी में भी बिगड़ रहे हैं और बुढ़ापे में भी। बच्चा जब छोटा है, तभी उसमें कल्याणकारी भावों का बीजारोपण करें, किन्तु ध्यान रहे, सयाना हो जाने के बाद इन भावों की मात्रा या अंग्रेजी में कहें, तो डोज बढ़ जाना चाहिए। अभी किसी से कहा जाए कि तुमने अपना जीवन जहां से शुरू किया था, अब वहां से हट गए हो। प्रेरणा, विचार, भाव में मंदी आ गई है, तो विचार प्रवाह को आगे बढ़ाते हुए हमें यह ध्यान रखना होगा कि जो प्रारंभिक काल में शिक्षा दी गई थी, जीवन की परम सार्थकता के लिए, वह बंद नहीं होनी है। बड़े होने पर भी उस शिक्षा को नवीन करते रहना है, अपने साथ जोड़े रखना है। भोजन बंद नहीं, स्नान बंद नहीं, तो शिक्षा, अध्ययन कैसे बंद हो जाए? श्रेष्ठ कर्म बंद नहीं होने चाहिए। श्रेष्ठ कर्म बंद हो जाएंगे, तो मनुष्य दानव हो जाएगा। आज समाज बिगड़ रहा है, क्योंकि लोग पढ़ते नहीं हैं, पढ़ते भी हैं, तो वेदों को नहीं पढ़ते हैं। मनु ने बताया है कि जैसे धर्म से लोग बढ़ते हैं, वैसे ही अधर्म से भी बढ़ते हैं, किन्तु जब अधर्म से बढ़ते हैं, तब उनके कई पिछलग्गू, चापलूस हो जाते हैं। यदि हम सोचने लगें कि जिसके पास पैसा है, वही बलवान, सुंदर, मधुर वाणी वाला है, तो यह राक्षसी भाव हो गया। यदि पैसे हैं और उसका उपयोग यज्ञ, दान, मानव सेवा में नहीं हो रहा है, तो वह कौन-सा पैसा, कौन-सी शक्ति आवश्यक है कि तन,मन,धन का सदुपयोग हो।

सम्पादकीय

दो संतान से आगे

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दो संतान नीति को अप्रासंगिक बताना एक बड़े नीतिगत बदलाव की ओर बढ़ने का संकेत है। बुधवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक सुनवाई के दौरान कह दिया कि पिछले दो दशकों में भारत की जन-सांख्यिकी में अहम बदलाव हुए हैं, इसलिए दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाले कानून प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। यह तथ्य न्यायालय के संज्ञान में है कि भारत की कुल प्रजनन दर गिर गई है। साल 2003 में प्रजनन दर 3 थी। मतलब, भारत में प्रति युगल तीन या उससे अधिक बच्चे पैदा कर रहे थे। परिवार नियोजन को लगातार बढ़ावा देने की वजह से अब प्रजनन दर घटकर 1.9 हो गई है। मतलब, अब प्रति युगल दो से कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। यह माना जाता है कि प्रजनन दर जब 2.1 से नीचे आ जाए, तब आबादी घटने लगती है। भारत में भी आबादी गिरावट की दिशा में बढ़ चली है और इस पर न्यायालय के विचार स्वागतयोग्य हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष महाराष्ट्र के काकोड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव का मामला आया था। जब मंगला के तीन बच्चे हुए, तब उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया गया। अब सर्वोच्च न्यायालय ने मंगला की अयोग्यता का आदेश रद्द कर दिया है। यही नहीं, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा व न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने इस मामले को एक उच्च पीठ के पास भेज दिया है। ध्यान रहे, साल 2003 में हरियाणा उच्च न्यायालय ने दो से ज्यादा संतान पैदा करने वालों को चुनाव लड़ने से वंचित करने के पक्ष में फैसला दिया था। अब इस फैसले पर सर्वोच्च न्यायालय में व्यापक पुनर्विचार होगा। फिलहाल, न्यायालय ने दो से अधिक संतान होने पर एक तरह से दंडित करने वाले कानूनों के अनुचित होने की ओर इशारा किया है। अब जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से बनाए गए कानूनों पर विधिवत पुनर्विचार होना तय है। कोई भी समाज या देश यह नहीं चाहेगा कि कामकाजी आबादी घट जाए और बुजुर्गों की आबादी बढ़ जाए। समग्र समाधान की जरूरत है और आने वाले दिनों में भारत में परिवार नियोजन किसी तरह के सार्वजनिक भेदभाव का माध्यम नहीं रह जाएगा। दो से अधिक बच्चे होने पर किसी को दंडित करना उसे अनेक अधिकारों से वंचित करने के समान है।

धन्वंतरि जयंती के लिए विशेष

दुनिया के पहले चिकित्सा विज्ञानी धन्वन्तरि

समुद्र-मंथन के अंत में आयुवेर्दाचार्य धन्वन्तरि देव और दानवों को हाथों में अमृत-कलश लिए मिले थे। दरअसल समुद्र-मंथन की इस वैश्विक घटना की जानकारी विश्व के उन सभी दूरांचलों में फैल गई थी, जिनकी अपनी सत्ता थी। उस समय धन्वन्तरि चिकित्सा क्षेत्र के बड़े अनुसंधित्सु और वैद्य के रूप में विख्यात हो चुके थे। जिस तरह से समुद्र-मंथन के यात्रियों को विभिन्न देशों में पहुंचने पर कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा, लक्ष्मी, वारूणी, चंद्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख मिले, उसी प्रकार इस अल्पज्ञात क्षेत्र में धन्वन्तरि मिले। हालांकि धन्वन्तरि जिस औषधीय वन-प्रांतर में रहते थे, उस भू-खंड में उरू, पुरू आदि मूल भारतीय पहले ही पहुंच गए थे। धन्वन्तरि उन्हीं के वंशज थे। धन्वन्तरि और इस क्षेत्र के मुखियाओं को जब देव व असुरों जैसे पराक्रमियों के आने की सूचना मिली, तो वे समझ गए कि इस समूह से किसी भी प्रकार का संघर्ष उचित नहीं है। अपितु इनसे बेहतर संबंध बनाना उचित है। बुद्धिमत्तापूर्ण इस पहल से धन्वन्तरि ने भी समझा होगा कि उनके अब तक के जो भी औषधीय अनुसंधान हैं, उन्हें वैश्विक मान्यता तो मिलेगी ही, विश्व प्रसिद्ध देव व असुरों की चिकित्सा करने का भी अवसर मिलेगा।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

श्रीमद् भगवत और वृहतः ब्रह्मानंद उननिषद् के अनुसार समुद्र मंथन की प्रक्रिया आगे बढ़ने पर, प्रकट होने वाले 14 रत्नों में से एक भगवान धन्वन्तरि थे। उनका शरीर बादलों की कांति की तरह चमक रहा था। उनके नेत्र कमल के समान थे। उनकी गर्दन कम्बू जैसी थी। उनका वक्ष विशाल था। उनके हाथ लंबे थे। शरीर पर पीतांबर धारण किए वे चिर युवा लग रहे थे। उनके कानों में मगर आकृति के कुण्डल थे। चतुर्भजधारी धन्वन्तरि के एक हाथ में आयुर्वेद शास्त्र, एक में वनस्पति, एक में शंख और एक में जीवनदायी अमृत था। वे कई तरह के रत्न, आभूषण और विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला पहने थे। उनके इस दिव्य रूप से सभी देव-दानव आश्चर्यचकित हुए। वैसे धन्वन्तरि स्वयं इंद्र के यज्ञांश-भोजी थे। इसीलिए सनातन धर्म में यह मान्यता चली आ रही है कि भगवान विष्णु ने जीव-जगत के त्राण के लिए जो 24 अवतार लिए, उनमें धन्वन्तरि बारहवें अंशावतार हैं। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत-कलश देखते ही देव व दानव उसका पान करने के लिए लालायित व चंचल हो उठे।

धरा पर प्राणियों की सृष्टि से पहले ही प्रकृति यानी ब्रह्मा ने घटक-द्रव्य युक्त वनस्पति जगत की सृष्टि कर दी थी, ताकि रोगग्रस्त होने पर उपचार के लिए मनुष्य उनका प्रयोग कर सके। धन्वन्तरि और उनकी पीढ़ियों ने ऐसी अनेक वनस्पतियों की खोज व उनका रोगी मनुष्य पर प्रयोग किए। इन प्रयोगों के निष्कर्ष श्लोकों में ढालने का उल्लेखनीय काम भी किया, जिससे इस खोजी विरासत का लोप न हो। इन्हीं श्लोकों का संग्रह 'आयुर्वेद' है। एक लाख श्लोकों की इस संहिता को 'ब्रह्म-संहिता' भी कहा जाता है। इन संहिताओं में सौ-सौ श्लोक वाले एक हजार अध्याय हैं। बाद में इनका वर्गीकरण भी किया गया। इसका आधार अल्प-आयु तथा अल्प-बुद्धि को बनाया गया। वनस्पतियों के इस कोश और उपचार विधियों का संकलन 'अथर्ववेद' भी है। अथर्ववेद के इसी सारभूत संपूर्ण आयुर्वेद का ज्ञान धन्वन्तरि ने पहले दक्ष प्रजापति को दिया और फिर अश्विनी कुमारों को किया। अश्विनी कुमारों ने ही वैद्यों के ज्ञान वृद्धि की दृष्टि से 'अश्विनी कुमार संहिता' की रचना की।

मत्स्यावतार के समय भगवान विष्णु ने वेदों का उद्धार किया था। तभी विष्णु ने वहीं वेदों के साथ अथर्ववेद के उपांग के रूप में आयुर्वेद को भी प्राप्त करने का उल्लेख किया है। भूलोक में प्राणियों को रोगों से पीड़ित व मृत्यु को प्राप्त होते देखकर भगवान विष्णु द्रवित हुए और विशुद्ध नामक मुनि के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। वे भूलोक में चर की भांति छिपकर आए थे, इसलिए चरक नाम से पृथ्वी पर प्रसिद्ध हुए। इन्हीं चरक ने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित संहिताओं को परिमार्जित करके 'चरक-संहिता' की रचना की थी। यह ग्रंथ आयुर्वेद का प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

एक अन्य पुराण-कथा में उल्लेख है कि एक बार वयुयान से भूलोक पर दृष्टिपात करने पर इंद्र ने मनुष्यों को बड़ी संख्या में रोगग्रस्त पाया। उन्होंने धन्वन्तरि को आयुर्वेद का संपूर्ण ज्ञान देने के लिए ज्ञान परंपरा की परिपाटी चलाने का अनुरोध किया। इसके बाद धन्वन्तरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में जन्म लिया और काशीराज कहलाए। अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा पाकर महर्षि सुश्रुत अपने साथ अन्यान्य एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और वहां सुश्रुत ने ऋषि-पुत्रों के साथ धन्वन्तरि से आयुर्वेद की शिक्षा ली। तत्पश्चात इस समूह ने लोक कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की और उनके माध्यम से समस्त भूमंडल के लोगों को निरोगी बनाने की उपचार पद्धतियां शुरू कीं। इसी कालखंड में सद्वैद्य वाग्भट्ट ने भी धन्वन्तरि से ज्ञान प्राप्त किया और 'अष्टांग हृदय संहिता' की रचना की। सुश्रुत संहिता तथा अष्टांग हृदय संहिता आयुर्वेद के प्रमाणिक ग्रंथों के रूप में आदि काल से आज तक हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। आयुर्वेद व अन्य उपचार संहिताओं में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक प्राणी का अस्तित्व पंच-तत्वों से निर्मित है और संपूर्ण प्राणी स्वेदज, जरायुज, अण्डज और उद्भिज रूपों में विभक्त हैं। इन शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं पशुओं, पक्षियों और वृक्षों के उपचार की विधियां भी उल्लेखित हैं। साफ है, भारत में चिकित्सा विज्ञान का इतिहास वैदिक काल में ही चरम पर पहुंच गया था। क्योंकि वनस्पतियों के औषधि रूप में उपयोग किए जाने का प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद में उपलब्ध है। ऋग्वेद की रचना ईसा से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है।

ऋग्वेद के पश्चात अथर्ववेद लिखा गया, जिसमें भेषजों की उपयोगिताओं के वर्णन हैं। भेषजों के सुनिश्चित गुणों और उपयोगों का उल्लेख कुछ अधिक विस्तार से आयुर्वेद में हुआ है। यही आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की आधारशिला है। इसे उपवेद भी माना गया है। इसके आठ आध्याय हैं, जिनमें आयुर्विज्ञान और चिकित्सा के विभिन्न पक्षों पर विचार किया गया है। इसका रचनाकाल पाश्चात्य विद्वानों ने ईसा से ढाई से तीन हजार साल पुराना माना है। इसके आठ अध्याय हैं, इसलिए इसे 'अष्टांग आयुर्वेद' भी कहा गया है। आयुर्वेद की रचना के बाद पुराणों में सुश्रुत और चरक ऋषियों और उनके द्वारा रचित संहिताओं का उल्लेख है।

धनतेरस

पंच-दिवसीय पर्व की हुई है मांगलिक शुरूआत,
उत्सव की रंगत से महके है मन के पारिजात ।
कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि मनाते हैं धनतेरस,
धन्वंतरि देव लुटाते आरोग्यता का अमिय रस,
धन कुबेर और महालक्ष्मी जी का पूजन-अर्चन,
सौभाग्य जगाएं और करें धन-धान्य से सम्पन्न,
व्यापार संग जीवन में हो ₹आनंद₹ की बरसात,
उत्सव की रंगत से महके है मन के पारिजात ।
सोने-चाँदी या पीतल का सामान, खड़ा धनिया,
मूरत लक्ष्मी-गणेश की खरीदतें गृहस्थ बनिया,
देव स्थानों, तटों और घरों में दीपों की कतार,
हर ओर है सुनहरी रोशनी की चमक और प्यार,
त्योहारों की रौनक से जगमग है हाट दिन-रात,
उत्सव की रंगत से महके है मन के पारिजात ।
हो फलीभूत सच्ची आस्था और पक्का विश्वास,
निरोगी शरीर और सात्विक सुख यश-कीर्ति की आस,
सुख-समृद्धि वैभव की देवी विष्णु प्रिया हो वरदा,
पाएं धनवंतरी, यक्षराज कुबेर से संपदा,
कृपा से ईश की हुए निर्मल अंतरंग जज्बात,
उत्सव की रंगत से महके है मन के पारिजात ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06नवंबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:34सूर्यास्त 17:44
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - द्वादशी 10:54 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - हस्त 05:35 उपरांत चित्रा
योग - वैधृति 07:26 उपरांत विष्कुम्भ उपरांत 05:53 प्रीति
करण - तैतिल
चन्द्रमा -दिन पूर्ण कन्या में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 25मास तारिख

मेष- कार्यस्थल पर आपकी प्रतिभा से सभी प्रभावित होंगे। व्यापारिक साझेदारी में लाभ के स्पष्ट योग हैं।

वृषभ- दांपत्य जीवन में मधुरता और खुशहाली बनी रहेगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे, वित्तीय पक्ष सुदृढ़ होगा।

मिथुन- सेहत बहुत अच्छी रहेगी, प्रसन्नता बनी रहेगी। मंदिर में चने की दाल और गुड़ का दान करें।

कर्क- विरोधी आपके खिलाफ सक्रिय हो सकते हैं, सावधान रहें। व्यापार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह- विवादों से दूर रहें, परिजनों से तालमेल रखें। फिजूलखर्च पर लगाम लगाना जरूरी है।

कन्या- स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, नियमित व्यायाम करें। माता दुर्गा की पूजा करें और चालीसा पढ़ें।

तुला- कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव और मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक और फलदायी सिद्ध होगी।

वृश्चिक- भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा, संबंध मधुर होंगे। धन आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा, लाभ होगा।

धनु- स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, ताजगी बनी रहेगी। किसी बुजुर्ग या गुरु का आशीर्वाद लें।

मकर- काम के सिलसिले में दूर की यात्रा हो सकती है। व्यापारिक गतिविधियों में सावधानी से निवेश करें।

कुंभ- सहकर्मियों के सहयोग से बड़ा कार्य सिद्ध होगा। व्यापार में नए सौदों से मनचाहा लाभ मिलेगा।

मीन- मित्रों के साथ सुखद पल बिताने का मौका मिलेगा। आय में वृद्धि होगी, वित्तीय स्थिति मजबूत बनेगी।

समसामयिक

आयुर्वेद के आदिदेव और आरोग्य तथा स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि का पूजन करे

शुभं करोति कल्याणम आरोग्यं धनसम्पदः।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥

धन्वंतरि जयंती केवल पर्व नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, भारतीय चिकित्सा परंपरा और लोककल्याण के संकल्प का प्रतीक



डॉ. प्रकाश जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को जीवन का सर्वोच्च धन माना गया है। हमारे प्राचीन ऋषियों ने स्वस्थ शरीर को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का आधार बताया है। इसी महान स्वास्थ्य परंपरा के प्रतीक हैं भगवान धन्वंतरि, जिन्हें आयुर्वेद का आदिदेव तथा देवताओं का वैद्य माना जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाई जाने वाली धन्वंतरि जयंती भारतीय चिकित्सा विज्ञान, आरोग्य और निरोगी जीवन के प्रति हमारी आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। उनके प्राकट्य को मानवता के लिए आरोग्य और अमृतमय जीवन का संदेश माना जाता है। भगवान धन्वंतरि का स्वरूप केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चिकित्सा, सेवा, करुणा और मानव कल्याण की भारतीय अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है।

आयुर्वेद केवल रोगों की चिकित्सा करने वाली पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण जीवनशैली है। महर्षि चरक, सुश्रुत एवं अन्य आयुवेर्दाचार्यों ने इस ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हुए शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को स्वास्थ्य का मूल आधार बताया। आयुर्वेद का प्रसिद्ध सिद्धांत 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्, आतुरस्य विकार प्रशमनम्' हमें यह सिखाता है कि चिकित्सा का प्रथम उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोगों का निवारण करना है।

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या, असंतुलित आहार, मानसिक तनाव तथा शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आयुर्वेद के सिद्धांत और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार, योग, प्राणायाम एवं प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाकर व्यक्ति अनेक रोगों से बचाव की दिशा में सकारात्मक कदम उठा सकता है। आयुर्वेद में आहार को विशेष महत्व दिया गया है। उचित मात्रा में, उचित समय पर और अपनी प्रकृति के अनुकूल भोजन करना स्वास्थ्य संरक्षण का महत्वपूर्ण आधार है। इसी प्रकार पर्याप्त निद्रा, नियमित व्यायाम, मानसिक प्रसन्नता और सद्वृत्त का पालन भी स्वस्थ जीवन के आवश्यक अंग हैं। आयुर्वेद हमें केवल दीघार्यु होने का मार्ग नहीं दिखाता, बल्कि स्वस्थ, सुखी और सार्थक जीवन जीने की कला सिखाता है। भगवान धन्वंतरि की परंपरा में सुश्रुत संहिता का विशेष स्थान है। आचार्य सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का जनक माना जाता है। उन्होंने शल्य चिकित्सा, शरीर रचना, शस्त्र एवं यंत्रों तथा विभिन्न चिकित्सकीय प्रक्रियाओं का विस्तृत वर्णन किया। यह तथ्य भारतीय चिकित्सा विज्ञान की प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों और समृद्ध ज्ञान परंपरा को दशार्ता है।

उज्जैन नगरी भी प्राचीन काल से ही ज्ञान, संस्कृति, अध्यात्म और चिकित्सा परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमि रही है। यहां आयुर्वेद के अध्ययन, अध्यापन, अनुसंधान और चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से इस प्राचीन विद्या को जनसामान्य तक पहुंचाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आयुर्वेद के विद्यार्थियों, चिकित्सकों एवं शिक्षकों का दायित्व है कि वे शास्त्रीय ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाएं तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करें।

अपनी अपनी नहीं, अपनों के साथ मनाएं - दीपावली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया जाता है। दीपावली के त्योहार का आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक महत्व है। यही वजह है कि भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोगों को हर वर्ष दीपावली के पर्व का बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। वर्तमान आधुनिकता के इस दौर में जहाँ हर चीज का स्वरूप आधुनिक और स्मार्ट होता जा रहा है, वहीं धार्मिक एवं सामाजिक त्योहार भी आधुनिकता के प्रभाव से अछूते नहीं रह पाए हैं। आज भारत के त्योहार हों या दुनिया के अन्य देशों के पर्व, सभी पर आधुनिकता का आवरण चढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आधुनिक युग की स्मार्ट पीढ़ी त्योहारों के पौराणिक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व से अनजान होती जा रही है। दुनिया जैसे जैसे आधुनिक और स्मार्ट होती जा रही है, वैसे वैसे मानव अकेला होता जा रहा है। इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता। आधुनिकता के इस स्मार्ट युग में मानव हजारों लाखों किलोमीटर की दूरी को स्मार्टफोन की वीडियो कॉल के माध्यम से समेटकर अपनों को हर वक्त दिल के करीब तो रखता है, लेकिन विडंबना यह है कि आज भारत सहित पूरी दुनिया में इंसान अपने ही घर में अपनों के बीच एकाकी होता जा रहा है। यह स्थिति सामाजिक दृष्टि से सभी के लिए गंभीर चिंतन का विषय होनी चाहिए।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

आज की स्मार्ट दुनिया में मानव के अपनों से एकाकी होने का सबसे बड़ा दुष्परिणाम धार्मिक और सामाजिक मूल्यों पर आधारित भारत जैसे देश में देखने को मिल रहा है, जहाँ युगों युगों से चली आ रही वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा खंडित होकर हर दिन टुकड़ों में बिखरती जा रही है। भारत में कभी गाँव गाँव और गली गली तक वसुधैव कुटुंबकम की भावना कायम थी। उस दौर में त्योहारों की रौनक और उनकी मिठास महीनों तक लोगों के दिलों में बसी रहती थी। लेकिन जैसे जैसे भारतीय परिवारों में आधुनिकता का रंग चढ़ा और वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमजोर होने लगी, वैसे वैसे कुटुंब कहलाने वाले परिवारों में 'तेरा-मेरा' की भावना बढ़ती गई। परिणामस्वरूप संयुक्त परिवार तेजी से टूटने लगे और आज के आधुनिक युग में घर-परिवार की परिभाषा पति-पत्नी और बच्चों तक सिमटकर रह गई है। विडंबना देखिए कि आधुनिकता के इस दौर में मानव ने ईंट, सीमेंट और सरिये से बड़े-बड़े आलीशान आशियाने तो बना लिए, लेकिन उनमें पत्नी और बच्चों के अलावा किसी दूसरे के लिए जगह ही नहीं बची। यहाँ तक कि कबूतरों और चिड़ियों के लिए भी स्थान नहीं है। ऐसे में कुटुंब के अन्य सदस्यों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता की भावना कैसे विकसित होगी?

आज भारत में अधिकांश लोग त्योहार भी अपनी-अपनी दुनिया में सिमटकर मनाते दिखाई देते हैं। बड़ी-बड़ी ऊँची इमारतों को त्योहारों के अवसर पर दिखावे के लिए खूब सजाया जाता है, लेकिन उन इमारतों के भीतर से पारिवारिक मिठास और अपनत्व की खुशबू नदारद रहती है। देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो हर त्योहार अपने घर परिवार और माता पिता से दूर रहकर अलग अलग मनाते हैं। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर रीलों के माध्यम से त्योहारों को धूमधाम से मनाने का दिखावा भी करते हैं, जबकि वास्तविकता में अपनों के बीच दूरियाँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। भारत में प्रत्येक त्योहार को मनाने के पीछे मूल उद्देश्य पारिवारिक एकजुटता, आपसी प्रेम और अपनों के विश्वास को बनाए रखना रहा है। अनादिकाल से यहाँ त्योहार वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मनाए जाते रहे हैं। त्योहारों के अवसर पर पूरे कुटुंब के सदस्य एक छत के नीचे एकत्रित होते थे, एक ही चूल्हे पर बना भोजन साथ बैठकर खाते थे और आपसी प्रेम एवं आत्मीयता को मजबूत करते थे।

धर्म-आस्था

धनतेरस के तेरह दीपों में छिपा समृद्ध जीवन का संदेश

भारतीय संस्कृति और परंपरा में त्योहार केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे जीवन को बेहतर बनाने और समाज को सकारात्मक दिशा देने का संदेश भी देते हैं। दीपावली से पहले आने वाला धनतेरस ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो धन, आरोग्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना से जुड़ा हुआ है। सामान्यतः लोग इस दिन सोने-चाँदी के आभूषण, बर्तन और अन्य उपयोगी वस्तुएँ खरीदना शुभ मानते हैं, लेकिन धनतेरस का वास्तविक अर्थ केवल खरीदारी तक सीमित नहीं है। यह पर्व हमें समझाता है कि जीवन में धन जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण अच्छा स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और मन की शांति है। इस वर्ष धनतेरस 6 नवंबर 2026, शुक्रवार को मनाया जाएगा। इसी दिन से दीपावली के पाँच दिवसीय उत्सव का आरंभ होगा।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

धनतेरस को धनत्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व का धार्मिक और पौराणिक महत्व अत्यंत विशेष है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत से भरा कलश लेकर प्रकट हुए थे। उन्हें आयुर्वेद का प्रवर्तक और देवताओं का वैद्य माना जाता है। उनके हाथों में अमृत कलश जीवन, आरोग्य और दीघार्यु का प्रतीक है। यही कारण है कि इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करके लोग अपने और अपने परिवार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। उनके साथ माता लक्ष्मी और धन के अधिपति कुबेर की पूजा का भी विधान है। इस प्रकार धनतेरस धन और स्वास्थ्य के बीच संतुलन स्थापित करने का संदेश देता है।

धनतेरस से जुड़ी एक अन्य लोकप्रिय पौराणिक कथा राजा हिम और उनके पुत्र से संबंधित है। कहा जाता है कि राजा के पुत्र की कुंडली में विवाह के चौथे दिन सर्पदंश से मृत्यु का योग था। यह बात जानकर उसकी पत्नी ने अपने पति की रक्षा करने का संकल्प लिया। उसने घर के द्वार पर सोने-चाँदी के आभूषणों का ढेर लगा दिया और चारों ओर दीपक जलाकर प्रकाश कर दिया। रातभर वह अपने पति को जगाए रखने के लिए गीत गाती और कथाएँ सुनाती रही। मान्यता है कि जब यमराज सर्प का रूप धारण करके वहाँ पहुँचे तो दीपकों के प्रकाश और आभूषणों की चमक से आगे नहीं बढ़ सके। अंततः उन्हें वापस लौटना पड़ा। इस कथा को आधार मानकर धनतेरस की रात यमराज के नाम से दीपदान करने की परंपरा प्रचलित हुई। इसे यम दीपदान कहा जाता है। इस परंपरा के माध्यम से लोग परिवार के सदस्यों की लंबी आयु और अकाल मृत्यु से रक्षा की प्रार्थना करते हैं।

इस वर्ष दिल्ली में त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से प्रारंभ होकर 7 नवंबर को सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस की पूजा प्रदोष काल में करना विशेष शुभ माना जाता है। दिल्ली में प्रदोष काल शाम 5 बजकर 33 मिनट से रात 8 बजकर 9 मिनट तक रहेगा। माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 2 मिनट से 7 बजकर 57 मिनट तक निर्धारित है। इस समय वृषभ लग्न भी रहेगा, जिसे स्थिर लग्न माना जाता है। हालांकि अलग-अलग नगरों में सूर्योदय और सूर्यास्त के समय के अनुसार पूजा के मुहूर्त में अंतर हो सकता है। इसलिए अपने स्थानीय पंचांग के अनुसार समय की पुष्टि करना उचित होगा। धनतेरस पर खरीदारी की परंपरा सदियों पुरानी है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएँ घर में सुख-समृद्धि लेकर आती हैं। इसी कारण बाजारों में सोने-चाँदी के आभूषणों, सिक्कों, पीतल और तांबे के बर्तनों तथा घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी होती है। बहुत से लोग इस अवसर पर लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएँ, झाड़ू, साबुत धनिया, पीली कौड़ियाँ और दीपक भी खरीदते हैं। कुछ परिवार अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार छोटी-सी चाँदी की वस्तु या धातु का बर्तन खरीदकर भी परंपरा निभाते हैं। इस पर्व की सबसे सुंदर बात यह है कि इसमें खरीदारी को सामर्थ्य और श्रद्धा से जोड़कर देखा गया है। किसी को भी केवल सामाजिक दिखावे के लिए अपनी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च करने या कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं है। वास्तव में त्योहार की खुशी वस्तुओं की कीमत से नहीं, बल्कि परिवार के साथ बाँटे गए आनंद से बढ़ती है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्न्ड- 1,47,000 रवा- 1,46,500 चांदी-टंच- 1,92,500 पाट- 1,19,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



5 वर्षों से फरार चल रहा इनामी वारंटी रतलाम से गिरफ्तार

शाजापुर। डोडा चूरा तस्करी के मामले में पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने रतलाम जिले से गिरफ्तार किया है। मक्सी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की डोडा चोरी तस्करी का फरार दस हजार रुपए का स्थायी वारंटी श्यामा उर्फ श्यामलाल पाटीदार पिता मांगीलाल पाटीदार उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम सेमलिया, थाना ताल, जिला रतलाम अपने घर पर है। इस पर थाना प्रभारी मक्सी मदन इवने के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया।

सराफा बाजार में सफाई अभियान



शाजापुर। दीपोत्सव को लेकर नगरपालिका ने शहर के प्रमुख बाजार में सफाई अभियान चलाया। बुधवार को नपा के सफाईकर्मियों ने सराफा बाजार क्षेत्र की नालियों को साफ किया, ताकि दीपावली पर्व के दौरान गंदगी परेशानी का कारण नही बने।

इलेक्ट्रानिक दुकान में शटर तोड़कर चोरी का प्रयास, पड़ोसी के आने पर भागे बदमाश



शाजापुर। इलेक्ट्रानिक दुकान की शटर का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया। हालांकि पड़ोसियों के आने पर वह मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 11.20 बजे कालापीपल सब्जी बाजार स्थित श्रीशिवम इलेक्ट्रॉनिक दुकान में दो बदमाशों ने शटर तोड़कर दुकान में घुसने की कोशिश की। दुकान संचालक शैलेंद्र जैन ने बताया कि एक बदमाश लोहे की संबल से दुकान का शटर तोड़ रहा था, जबकि दूसरा कुछ दूरी पर खड़ा होकर निगरानी कर रहा था। शटर तोड़ने की आवाज सुनकर पड़ोस का एक व्यक्ति मौके पर पहुंच गया। उसे आता देख दोनों बदमाश भाग निकले। दुकान से चोरी के लिए बाहर निकाला गया सामान भी बदमाश वहीं छोड़ गए। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

मेला देखने गया युवक, सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला शव

देवास। देवास के बावड़िया निवासी 19 साल के रघुवीर सिंह राजपूत का शव गुरुवार सुबह किंग जॉर्ज स्कूल के पीछे रेलवे ट्रैक पर मिला। वह बुधवार रात करीब 9 बजे दोस्तों के साथ मीना बाजार गया था। करीब एक घंटे बाद मेले से बाहर आने पर उसकी बाइक गायब मिली। इसके बाद वह दोस्तों के साथ बाइक तलाशने गया था। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। पुलिस ने दोस्तों के मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। रघुवीर और उसके दोस्तों को मेले से बाहर आने पर बाइक नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने कोतवाली थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

एक साथ पांच जिला बदर बदमाश गिरफ्तार, शाजापुर जिले में पहली बार हुई कार्रवाई

जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने पर पांच प्रकरण दर्ज, दो आरोपियों को भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर जिले में घूम रहे पांच बदमाशों को शुजालपुर सिटी पुलिस ने एक साथ गिरफ्तार किया है। शाजापुर जिले में पहली बार एक साथ पांच जिला बदर बदमाशों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने पांचों के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारोणकर के निर्देश पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बदमाशों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इमाम टोप्पो के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला दंडाधिकारी शाजापुर द्वारा एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर किए गए पांच बदमाशों को आदेश का उल्लंघन कर जिले में घूमते हुए पकड़ा। इनमें शाकिर उर्फ पन्नी और साजिद उर्फ टीपू दोनों निवासी शुजालपुर सिटी सनी उर्फ सन्नी, भोला तथा राजेश उर्फ मुन्ना शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आरोपी साजिद उर्फ टीपू के खिलाफ जारी स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की भी तामीली की गई। 401

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में थाना शुजालपुर सिटी पुलिस एवं साइबर सेल शाजापुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान में थाना प्रभारी इमाम टोप्पो सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी योगेंद्र सिंह, रामदयाल श्रीवास्तव, राजेंद्र उपाध्याय, महेश धपानी, रामबाबू सिसोदिया, रवि रघुवंशी, विकास मीणा, केशव पाटीदार, राहुल, मनीष शर्मा, संध्या राजपूत, रीना राजपूत, पूनम शर्मा, सुनीता जामोदिया, विकास तिवारी, राजेश दांगी, ललित, अनिल सक्सेना एवं साइबर सेल के रोहित बिलावलिया शामिल रहे।



वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए, 150 विद्यार्थियों ने लिया कार्यशाला में भाग

शुजालपुर। विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और उन्हें वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति सजग करने के उद्देश्य से जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा प्रोजेक्ट जागरूकता के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। 2 एवं 3 नवंबर को आयोजित इस कार्यशाला में सेबी एवं एनआईएसएम का सहयोग रहा। इसमें करीब 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ डॉ. विवेक वर्मा ने विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता, निवेश संबंधी सावधानियों और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को वित्तीय लेनदेन के दौरान सतर्क रहने तथा धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों को समझकर उनसे बचाव करने के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. प्रवीणा धारीवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि गुप्ता, यौगेंद्र सिंह चौहान, नवीन छालवंत, सलोनी सक्सेना एवं डॉ. अकबर अली उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश परमार तथा आभार अजय सांखला ने माना।

युवा उत्सव के दूसरे दिन महाविद्यालय मेंविद्यार्थियों ने बनाई रंग बिरंगी रंगोली

शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन गवर्नमेट कॉलेज मेंयुवा उत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। युवा उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि दूसरे दिन रंगोली, क्ले मॉडलिंग, व्यंग्य चित्र, चित्रकला, कोलॉज, पोस्टर निर्माण, प्रश्नमंच, वादविवाद और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। मिली जानकारी के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता में दीपिका पडिहार, अर्पिता गुर्जर, अभिलाषा गुर्जर, अंशा कारपेंटर, हसां गोयल, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, खुशी जाटवा, आचंल सोलंकी, बालकृष्ण सौराष्ट्रीय ने सहभागिता कर सुन्दर रंगोली बनाई। क्ले मॉडलिंग में राजनंदनी लौधी, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, हरिओम, योगेश बारोड़ ने सहभागिता की। कार्टून निर्माण में विधि नामदेव, अर्पिता देवडा, इकरा मंसूरी, धर्मेन्द्र ने सहभागिता की। पोस्टर निर्माण में बालकृष्ण सौराष्ट्रीय, पंकज अहिरवार ने सहभागिता की। चित्रकलां प्रतियोगिता में आंचल सोलंकी, अभिलाषा गुर्जर, विधि नामदेव, भूपेन्द्र गुर्जर, खुशी जाटवा, अर्पिता गुर्जर, तबस्सुम खान, सोहेल शाह, ध्रुर्व सिंह, अर्पिता देवडा, ने सहभागिता की।



राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए 3 खिलाड़ियों का चयन

मनीष, तनिष्क और उर्वशी 19 वर्ष आयु वर्ग में करेंगे उज्जैन संभाग का

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



खेल प्रतिभाओं की धरती शुजालपुर के तीन युवा फु टबॉल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 70वीं शालेय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के 19 वर्ष आयु वर्ग के लिए मनीष अंबेश विश्वकर्मा, तनिष्क गोस्वामी और उर्वषी अर्जुन परमार का चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी वर्तमान में रीवा में आयोजित प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

तीनों खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने से शुजालपुर के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर, जिला क्रीड़ा अधिकारी बीएल गोयल, राजेंद्र नायडू, जिला शाजापुर फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर खन्ना, सचिव चेतन परमार, टीपीएसए अध्यक्ष संदीप सणस, सचिव मनीष रामडिया, सुरेश मालवीया, फ ूलदास बैरागी, मनोज पाटिल, नरेंद्र दद्दू, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी वैभव परमार, क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार, मयंक पटेल, सचिन परमार, ममतेश परमार, संतोष पाटीदार, वीरेंद्र परमार, मनीष गुप्ता एवं सुशांत परमार सहित खेल और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

टांडा बोलडी गौशाला की जमीनी हकीकत परखने अचानक पहुंचे अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

नगरपालिका द्वारा संचालित ग्राम टांडा बोलडी स्थित गौशाला में अधिकारियों का एक दल जमीनी हकीकत और व्यवस्थाओं को परखने अचानक जा पहुंचा। एसडीएम, सीएमओ और पशु चिकित्सा अधिकारी के इस औचक निरीक्षण के दौरान गौशाला में मौजूद सुविधाओं, साफ-सफाई और गौवंश के रखरखाव की बारीकी से जांच की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी है। बुधवार को हुए इस औचक निरीक्षण में एसडीएम मनीषा वास्कले, नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित और पशु चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश सिंघल शामिल थे। टीम ने पूरे गौशाला परिसर का सघन भ्रमण कर यह देखा कि गौवंश को किस स्थिति में रखा जा रहा है।

समय पर मिले चारा-पानी, स्वास्थ्य परीक्षण हो नियमित

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां कार्यरत कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गौवंश की देखभाल में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। पशुओं को निर्धारित समय पर खली, चारा, भूसा और पर्याप्त स्वच्छ पानी देना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि गौशाला में नियमित रूप से सभी पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। यदि कोई भी पशु बीमार या कमजोर पाया जाता है, तो तत्काल उसकी जांच कर समुचित उपचार शुरू किया जाए, साथ ही गौशाला की अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से ध्यान रखा जाए।



घर से 8 लाख के पटाखे पकड़े स्टॉक और बेचने पर मकान मालिक के खिलाफ केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास की चंद्रतारा कॉलोनी में बुधवार रात नाहर दरवाजा पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर लाखों रुपए के पटाखे जब्त किए। पुलिस को सूचना मिली थी कि रिहायशी इलाके में बिना अनुमति के पटाखों का अवैध स्टॉक किया गया है और वहीं से उनकी बिक्री भी की जा रही है। खबर मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली और बड़े पैमाने पर पटाखे जब्त किए।

नाहर दरवाजा पुलिस ने यह पूरी कार्रवाई रात 8 बजे से लेकर 10 बजे के बीच की। पुलिस ने मौके से करीब 8 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए हैं, जिनमें लगभग 70 अलग-अलग तरह की वैराइटी शामिल हैं। यह कार्रवाई चंद्रतारा कॉलोनी निवासी रजत अग्रवाल के निजी मकान पर की गई, जहां एक कमरे में पटाखों का भारी स्टॉक छिपाकर रखा गया था।

आरोपी पर केस दर्ज, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

नाहर दरवाजा थाना प्रभारी आलोक सोनी ने बताया कि आरोपी रजत अग्रवाल अपने मकान में पटाखों का अवैध रूप से भंडारण कर उन्हें बेच रहा था। पुलिस ने पटाखों का पूरा स्टॉक कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने साफ किया कि शहर में अवैध रूप से पटाखों का स्टॉक करने और बेचने वालों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।।

पहली बार सफाई कर्मियों के लिए हुई ऑन-स्पॉट भाषण प्रतियोगिता

जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान का समापन, उत्कृष्ट सफाई मित्र हुए सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिला अस्पताल परिसर को स्वच्छ, सुंदर और संक्रमण मुक्त रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों के सम्मान के साथ ही, एक माह तक चले स्वच्छता अभियान का विधिवत समापन हो गया। 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए गए इस अभियान में न सिर्फ सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया, बल्कि पहली बार उनके लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया और इसका समापन नवंबर में हुआ। इस पूरे एक माह के स्वच्छता अभियान की विस्तृत रूपरेखा और समापन समारोह का व्यवस्थित खाका किरण पडोले द्वारा तैयार किया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेंद्र सोनी और विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. मैना सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि किसी भी चिकित्सालय में मरीजों के इलाज के साथ-साथ साफ-सफाई का अत्यधिक महत्व है। संक्रमण को रोकने और स्वस्थ माहौल देने में हमारे सफाई मित्र सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके अथक परिश्रम के बिना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा समस्त सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

मंच से बोले सफाई कर्मी, मिली रैंकिंग

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए किरण पडोले ने बताया कि आयोजन में एक नया नवाचार करते हुए पहली बार सफाई मित्रों के लिए ऑन-स्पॉट भाषण प्रतियोगिता रखी गई। इसमें सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और मंच से स्वच्छता पर अपने विचार रखे। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों को अतिथियों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा, अभियान के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता और पूरे माह अस्पताल के सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी का मूल्यांकन कर उन्हें स्वच्छता रैंकिंग और प्रमाण पत्र भी सौंपे गए।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैरे पक्षकार मुकेश राजपुत पिता भगवान सिंह आयु 45 वर्ष निवासीः- 127 ईडब्लुएस, मुनि नगर, सांवेर रोड़, उज्जैन म.प्र. ने फ्लेट स्वामी श्रीमान मेघराज गेहलोत निवासी 340/8, शास्त्री नगर, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक फ्लेट क्र. 202, द्वितीय मंजिल जो कि एक बहुमंजिला इमारत जिसे सुविधा की दृष्टि से ओम साई ओम टाउन शिप नाम प्रदान है, जिसका पता अलखधाम के पीछे, शुभम परिसर, शास्त्री नगर, उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उक्त फ्लेट 38.64 वर्गमीटर है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय कर लिया है। इसमें फ्लेट द्वितीय मंजिल का होकर एवं हवाई हक के बिना में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में कय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त फ्लेट के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्थाए विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित फ्लेट के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 04/11/26 उज्जैन

सर्विस प्रोवाइडर आशिष दुबे उज्जैन
कार्यलय सी - 8 भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मोबाईल न. 99077 11181

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कोमल तेजवानी पिता फतेचंद तेजवानी के स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रं. 866/1 रकबा 0.2400 हेक्टेय, सर्वे नं. 866/2 रकबा 0.6900 हेक्टेयर तथा सर्वे नं. 866/3 रकबा 0.6100 हेक्टेयर स्थित ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन है। उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र न्यायालय द्वारा मेरे पक्षकार के हित में संपादित किया है, कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार की उक्त कृषि भूमि पर कृषि कार्य नहीं करे और यदि फसल करता हुआ पाया जाता है तो मेरा पक्षकार उक्त व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेगा तथा उक्त कृषि भूमि पर कोई भी आधिपत्य नहीं करें। सो सूचित हो।

राहुल जैन
13, कमलानेहरू मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)
मोबाइल : 98272-06100

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

जाहिर सूचना

क्रमांकः-581/2000/5

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र योजना में दुकान क्रमांक सी-12, श्री मुजाहिद खान मंसुरी पिता इस्माईल खान मंसुरी निवासी - 8 मंसुरी मेंशन हिरा मिल कालोनी उज्जैन म.प्र. के नाम पर दिनांक 21.11.2000 को आवंटित एवं लीजडीड दिनांक 23.02.2026 को सम्पादित की गई।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वाछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्री फिरोज अहमद मंसूरी पिता अब्दुल हकीम मंसूरी निवासी - 39/1 ग्रीनपार्क कालोनी हरीफाटक रोड उज्जैन म.प्र. के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था अदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या गिरवी रहन रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विकय / अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिन मे मय ठोस प्रमाण प्रमाणित दस्तावेज के लिखित रूप मे सम्पदा शाखा मे नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करे। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय / अंतरण अनुमति दिए जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

जाहिर सूचना का प्रतिवाद

बनाम

महेन्द्र पिता दयाराम बारोड द्वारा श्री तरूण गिरी वकील सा. द्वारा विज्ञप्ती दि 04/11/2026 दैनिक अवन्तिका पेपर में प्रकाशित कस्बा बडनगर स्थित भूमि सर्वे न. 71/1/4/1/1/1/1/2 रकबा 0.3745 भूमि को विक्रय के सम्बन्ध मे आपत्ति

01 यह कि कस्बा बडनगर स्थित भूमि सर्वे न. 71/1/4/1/1/1/1/2 रकबा 0.3745 हे.भूमि पूर्व भूमि स्वामी श्रीमती कस्तूरी बाई पति रणछोडलाल जी की थी। उनकी मृत्यु के बाद छल कपट व बदर्यति द्वारा दयाराम पिता रणछोडलाल जी माली द्वारा अकेले के नाम से फर्जी तौर पर पटवारी से मिलकर करवा ली थी। जिसकी जानकारी मेरे पक्षकार देवचंद पिता रणछोडलाल जी माली को होने पर देवचंद पिता रणछोडलाल जी द्वारा एक अपील श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में अपील कं 101/2026 विचाराधीन है उपरोक्त वर्णित भूमि मे मेरे पक्षकार का हिस्सा व स्वत्व है तथा रणछोडलाल जी के परिवार का हिस्सा है। श्रीमति कस्तूरीबाई पति रणछोडलाल जी का कस्बा बडनगर मे अन्य सर्वे नम्बरान है उन सभी सर्वे नम्बर व सम्पूर्ण रकबा पर अपील विचाराधीन है। अपील का निराकरण देवचंद पिता रणछोडलाल जी के पक्ष मे होने की संभावना है।

अतः खासेआम को सूचित किया जाता है कि भूमि सर्वे नम्बर 71/1/4/1/1/1/1/2 रकबा 0.3745 हे. भूमि मे से रकबा 0.164 हे भूमि को महेन्द्र पिता दयाराम बारोड जाति माली निवासी हिरो होण्डा शोरूम के पास बडनगर से उपरोक्त वर्णित भूमि को कोई भी कय नही करे और महेन्द्र को भी सूचित किया जाता है। महेन्द्र पिता दयाराम माली भी प्रकरण मे विवाद ग्रस्त है और न्यायालय मे प्रकरण विचाराधीन होने से उक्त भूमि को विक्रय न करे विज्ञप्ती का पालन करे। दिनांक 05/11/2026

पन्नालाल त्रिवेदी एडवोकेट
कोर्ट परिसर बडनगर मोबा. 9575709885

न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

क्रमांक/क्यू/री-2/2026/ प्र.क्र. 0285/अ-6/2026-27 **बड़नगर दिनांक 29.10.2026**

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक मशकुर एहमद पिता अब्दुल शकुर जाति मुसलमान निवासी उत्सव घाट पथ बडनगर ने विक्रेता गोवर्धनलाल पिता भागीरथ जाति माली निवासी उत्सव धाम पथ अजुमन विद्यालय के सामने बडनगर के स्थान पर रजिस्ट्री दिनांक 22.05.1996 रजिस्ट्री कंमाक 1122 है क्रय / विक्रय / हकत्यागकर्ता / सहस्वामित्व /दानकर्ता के आधार पर नामातरंण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

भूमि का विवरण

ग्राम	सर्वे नं	रकबा
बडनगर	1424	0.021

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 13.11.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

तहसीलदार
तहसील- बड़नगर

जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आबिद वल्द मरहूम यासीन निवासी महाकाल मार्ग गली क्रमांक-01 उज्जैन ने विक्रेतागण 1- शमीना बी पति मरहूम फजलुर्रहमान 2-मोहम्मद रईस 3-मोहम्मद शाहिद लोहार 4-मोहम्मद जावेद पुत्रगण मरहूम फजलुर्रहमान निवासीगण मकान सदर उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एव आधिपत्य का एक जी+2 तीन मॅजिल आर.सी.सी. निर्मित मकान जिसका म्यु०गृह क्रमांक-58 है एव सदर मकान महाकाल मार्ग तोपखाना खेरादीयान मस्जिद के पास उज्जैन में मुख्य मार्ग पर स्थित है। सदर मकान का कुल क्षेत्रफल 44-68 वर्गमीटर या 481-00 वर्गफीट लगभग है। सदर मकान के पूर्व मेः- मकान सलीम भाई का, पश्चिम मे :- मकान उस्मान भाई का, उत्तर मे :- महाकाल मार्ग तोपखाना, दक्षिण मे :- मकान रेहमत बी आदि का, उपरोक्त वर्णित एवं चतुर्सीमा से घिरे सदर मकान का सोदा विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार के हित मे कतई / विक्रय कर दिया है तथा विक्रेतागण ने सदर मकान पेटे अग्रिम राशि प्राप्त कर मेरे पक्षकार के हित मे सदर मकान के विक्रय अनुबंध लेख को भी संपादित एव निष्पादित कर दिया है एवं अनुबंधित समयावधि मे शेष विक्रय मुल्य राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति की ई-पंजीयन रजिस्ट्री विक्रय-पत्र कराना शेष है।

उपरोक्त सदर मकान के विक्रय के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी बैंक या सरकारी, सहकारी संस्था आदि का ऋण भार हो या उपरोक्त मकान के संबंध में किसी का स्वत्व, हित व अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस मे लिखित रूप से आपत्ति मेरे कार्यलय मे कार्यालयीन समय मे आकर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करे बाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार पर उक्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार सदर मकान के विक्रय मुल्य की शेष राशि विक्रेतागण को भुगतान करके अपने हक मे ई-पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करा लेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 05/11/2026 स्थान उज्जैन

शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडव्होकेट आफीस-न्यु हरिफाटक
महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा उज्जैन म.प्र.,
मोबाईल नम्बर-92295-65313

जांच और अस्पताल को सील करने की मांग

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ में श्री बालाजी जनरल पॉली क्लिनिक के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने तहसीलदार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुसूदनगढ़ और खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राघोगढ़ जिला गुना को शिकायती आवेदन दिया है। दरअसल उक्त शिकायती आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि अस्पताल के संचालक डॉ. हरेंद्र सिंह पर कथित तौर पर फर्जी एमबीबीएस डिग्री के आधार पर मरीजों का इलाज करने और बिना वैध अनुमति अस्पताल संचालित करते हैं। इस संबंध में फूलसिंह कुशवाहा, मोहनपाल गुर्जर, श्रीमती निशा सुखदाने, ब्रजेन्द्र गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर, मनमोहन धाकड़, सोनू धाकड़ सहित अन्य पीड़ित परिवारों ने तहसीलदार मधुसूदनगढ़, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राघौगढ़ को शिकायत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त अस्पताल में मधुसूदनगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में उपचार के दौरान कई मरीजों की मृत्यु होने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और अस्पताल में अब तक हुए उपचार एवं मरीजों की मृत्यु से जुड़े रिकॉर्ड की जांच करने की मांग की है। आवेदन में यह भी जिक्र किया गया है कि पूर्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अस्पताल को सील किया गया था, लेकिन कुछ समय बाद कथित रूप से दोबारा इसका संचालन शुरू हो गया। शिकायतकर्ताओं ने अस्पताल के पंजीयन, संचालन की अनुमति और संचालक की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए एमबीबीएस डिग्री की संबंधित मेडिकल काउंसिल एवं विश्वविद्यालय से सत्यापन कराने की मांग की है।

दीपावली पर दो दिन काम बंद आंदोलन की चेतावनी

गुना। मध्यप्रदेश की छह बिजली कंपनियों में कार्यरत करीब 45 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा दीपावली पर्व पर 7 और 8 नवंबर को दो दिन काम बंद आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के बाद बिजली कंपनी प्रबंधन और कर्मचारी संगठनों के बीच बैठक आयोजित की गई। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निष्ठा परिसर, गोविंदपुरा में हुई बैठक में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) राकेश शर्मा मौजूद रहे। बैठक में मध्यप्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया, जनता यूनियन के उपाध्यक्ष ओपी सक्सेना और नरेंद्र सिंह भदौरिया ने कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से आउटसोर्स कर्मचारी दीपावली सहित अन्य राष्ट्रीय त्योहारों पर भी बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए काम करते आ रहे हैं, लेकिन करीब 90 प्रतिशत कर्मचारियों को त्योहारों पर किए गए कार्य का अतिरिक्त पारिश्रमिक नहीं मिला है। बैठक में पंजाब और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को सीधे बिजली कंपनियों के माध्यम से वेतन देने की मांग की गई। इसके अलावा वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर नियमितीकरण, रिक्त पदों पर नियुक्ति, केंद्र के समान न्यूनतम वेतन और सेवा आयु 62 वर्ष करने की मांग रखी गई। कर्मचारी संगठनों ने जोखिम भत्ता, नाइट अलाउंस, चिकित्सा अवकाश, बोनस में एकरूपता, ग्रेच्युटी और अवकाश नगदीकरण जैसी सुविधाएं देने की मांग भी उठाई। संगठनों ने विद्युत दुर्घटनाओं में मृत आउटसोर्स कर्मचारियों के परिजनों को संविदा नियुक्ति देने, मुआवजा राशि चार लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने तथा प्रत्येक तकनीकी कर्मचारी का 20 लाख रुपये का बीमा कराने की मांग की। इसके साथ ही सबस्टेशनों पर रात्रि पाली में सुरक्षा गार्ड और हेल्पर तैनात करने, बायोमैट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू करने तथा प्रत्येक कर्मचारी को मासिक वेतन पर्ची और सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि लंबे समय से मांगों की अनदेखी होने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी है। इसी के चलते दीपावली पर 7 और 8 नवंबर को काम बंद आंदोलन की चेतावनी दी गई है। अब कर्मचारियों को कंपनी प्रबंधन और शासन के निर्णय का इंतजार है।


शुरू हुई कब्जा हटाने की कार्रवाई

गुना। शहर के कुसमौदा क्षेत्र में स्थित भूमि को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को उस समय नया मोड़ ले गया, जब एसडीएम न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद मौके पर कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। हालांकि, पक्षकार के बकील द्वारा मौके पर स्थगन आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किए जाने के बाद राजस्व अमले और पुलिस को कार्रवाई रोककर वापस लौटना पड़ा। मामले में पक्षकार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजीव लोचन व्यास ने एसडीएम न्यायालय में पक्ष रखा था। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), गुना की अदालत ने 27 अक्टूबर 2026 को अपील प्रकरण क्रमांक 0139/अपील/2026-27 में स्थगन आदेश जारी किया था। न्यायालय ने तहसीलदार गुना नगर को 5 नवंबर 2026 से पूर्व संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए थे। इधर, राजस्व निरीक्षक गुना नगरीय द्वारा 3 नवंबर को जारी सूचना पत्र के आधार पर 4 नवंबर को संबंधित भूमि पर सीमांकन एवं कब्जा हटाने की कार्रवाई के लिए राजस्व अमला मौके पर पहुंचा। इसमें राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार मयंक तिवारी एवं पटवारी सहित पुलिस बल भी मौजूद था। पुलिस की मौजूदगी में कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इसी दौरान व्यथित पक्षकार की ओर से पहुंचे अधिवक्ता राजीव लोचन व्यास ने तहसीलदार मयंक तिवारी को एसडीएम न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि (सर्टिफाइड कॉपी) सौंपी। तहसीलदार द्वारा आदेश का अवलोकन किए जाने के बाद मौके पर चल रही कार्रवाई रोक दी गई और राजस्व अमले सहित पुलिस बल को वापस लौटना पड़ा। जब एसडीएम न्यायालय द्वारा 27 अक्टूबर को ही स्थगन आदेश जारी कर दिया गया था।

बाबा महाकाल के दरबार में सबसे पहले दीपावली

संध्या आरती में गर्भगृह में पुजारियों ने जलाई फूलझड़ी,पटाखों व आतिशबाजी पर प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन में दीपावली पर्व की शुरुआत भगवान महाकाल के दरबार से हुई। गुरुवार को संध्या आरती के दौरान गर्भगृह में भगवान महाकाल के समक्ष फूलझड़ी जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत की गई। वहीं, आज शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन-अभिषेक होगा।

महाकाल मंदिर में त्योहार सबसे पहले मनाने की परंपरा है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार को पुजारियों ने संध्या आरती के दौरान गर्भगृह में फूलझड़ी जलाकर दीपावली पर्व की शुरुआत की गई। शुक्रवार को मंदिर के पुरोहित भगवान महाकाल के साथ धन कुबेर और चांदी के सिक्कों का पूजन-अभिषेक करेंगे।

इस दौरान भगवान को चांदी का सिक्का भी अर्पित किया जाएगा।

दीपावली के दिन भगवान महाकाल की चारों आरतियों में फूलझड़ी जलाने की परंपरा निभाई जाएगी। इसमें सुबह होने वाली भस्म आरती, अभ्यंग स्नान के बाद की आरती, संध्या आरती और शयन आरती शामिल हैं। प्रत्येक आरती में एक-एक फूलझड़ी जलाई जाएगी।

मंदिर परिसर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध-दीपावली पर सुरक्षा और धार्मिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत गर्भगृह, कोटितीर्थ कुंड, मंदिर परिसर और श्री महाकाल महालोक क्षेत्र में पटाखे फोड़ने और आतिशबाजी करने पर प्रतिबंध रहेगा। इन क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थ, अनार, फूलझड़ी सहित अन्य आतिशबाजी सामग्री ले जाने और उनका उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की है।

चार सफाईकर्मियों की मौत के बाद भी होटल श्रीगंगा में लापरवाही, निगम ने ठोका 2 लाख का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



देवास रोड स्थित होटल श्रीगंगा में चेंबर की सफाई के दौरान दम घुटने से चार सफाईकर्मियों की मौत की घटना के बाद नगर निगम ने शहर के होटलों की जांच तेज कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को निगम की टीम ने होटल श्रीगंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन नहीं होने और कई गंभीर खामियां सामने आने पर होटल प्रबंधन पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार के लिए नोटिस भी जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों को होटल से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बजाय एक साथ रखा हुआ मिला। इसके अलावा होटल का ड्रेनेज सिस्टम और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी बंद पाया गया। प्लांट के टैंकों में गाद जमा थी और पूरा सिस्टम खराब स्थिति में मिला। बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्ल्यूजी) के रूप में होटल को जिन नियमों और जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए, उनमें भी लापरवाही सामने आई।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर एसबीएम नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार और पवन कुमार फुलफकीर सहित टीम ने होटल परिसर का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर टीम ने दो लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित करते हुए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इसी होटल में कुछ दिन पहले चेंबर की सफाई के दौरान दम घुटने से चार सफाईकर्मियों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना के बाद होटल की व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। निरीक्षण में सामने आई कमियां यह भी बताती हैं कि होटल में कचरा प्रबंधन और सीवेज व्यवस्था का नियमित संचालन नहीं हो रहा था।

वन विभाग की अनुमति के बिना ही वन भूमि पर आतिशबाजी दुकानों को दी परमिशन

गुना। जिले के फतेहगढ़ वन क्षेत्र में वन भूमि पर आतिशबाजी की दुकानें लगाने की अनुमति जारी किए जाने का मामला अब गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि वन विभाग के सक्षम अधिकारियों की अनुमति के बिना ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कथित मिलीभगत के चलते वन भूमि पर आतिशबाजी दुकानें लगाने की परमिशन जारी कर दी। यदि यह मामला सही है तो यह न केवल प्रशासनिक नियमों की अनदेखी है, बल्कि वन एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद गंभीर विषय है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस भूमि के संरक्षण की जिम्मेदारी वन विभाग की है, वहां बिना संबंधित विभाग की अनापत्ति और अनुमति के आतिशबाजी जैसी ज्वलनशील सामग्री के कारोबार की स्वीकृति आखिर किस आधार पर दे दी गई। क्या अनुमति जारी करने से पहले भूमि की वास्तविक स्थिति और उसके वन क्षेत्र में होने की जांच की गई थी? क्या वन विभाग से विधिवत एनओसी ली गई थी? प्रशासनिक व्यवस्था में राजस्व और वन विभाग के बीच भूमि संबंधी अधिकारों एवं जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण है। ऐसे में यदि वन भूमि पर संबंधित विभाग की अनुमति के बिना व्यावसायिक गतिविधियों को मंजूरी दी गई है, तो यह प्रशासनिक प्रक्रिया और वैधानिक प्रावधानों की जांच का विषय है। नियमों का पालन सुनिश्चित कराने वाले अधिकारियों की भूमिका पर ही सवाल खड़े होना व्यवस्था के लिए चिंताजनक स्थिति है। अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे मामले में तत्काल संज्ञान लें। अनुमति जारी करने वाले अधिकारियों से जवाब तलब किया जाए, भूमि के राजस्व एवं वन अभिलेखों की जांच कराई जाए तथा वन विभाग की एनओसी और अग्नि सुरक्षा संबंधी स्वीकृतियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।सवाल सिर्फ आतिशबाजी की दुकानों का नहीं, बल्कि वन संपदा की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही का है। फतेहगढ़ का वन क्षेत्र पर्यावरण और वन संपदा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में आतिशबाजी की दुकानें लगाने से आग लगने का खतरा पैदा हो सकता है। आतिशबाजी के दौरान किसी चिंगारी या लापरवाही से यदि जंगल में आग फैलती है और वन संपदा को नुकसान पहुंचता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या अनुमति जारी करने वाले अधिकारी इसकी जवाबदेही स्वीकार करेंगे?

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त आबकारी ग्वालियर संभाग संदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन तथा जहरीली शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 05 नवम्बर को वृत्त गुना-1 के प्रभारी श्री राधाकिशन द्वारा ग्राम निर्भयगढ़, बजरंगगढ़ एवं विसोनिया में दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 11 पाव देशी मदिरा एवं 300 किलोग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया। गुड़ लाहन को परिवहन करने में असमर्थता के कारण उसका नमूना लेकर शेष लाहन मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 45 हजार रुपये है। ग्राम निर्भयगढ़ में नदी किनारे हाथभट्टी मदिरा एवं लाहन पाया गया। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(फ) के तहत कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविन्द मीणा, कमल बरोड़िया एवं महिला आरक्षक श्रीमती पूजा रघुवंशी का विशेष सहयोग रहा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने कमलसिंह पिता भेरूसिंह जी निवासी- ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनकी क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 115/3 रकबा 0.80 हेक्टेय में से रकबा 0.25 हेक्टेयर कुल किता 1 कुल रकबा 0.25 हेक्टेयर स्थित ग्राम रामाबालोदा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है यह की उपरोक्त कृषि भूमि को कमलसिंह ने इसके मूल स्वामी गजेन्द्रकुमार पिता हुकुमचंद, किशोर पाटीदार पिता रतनलाल, विकास पाटीदार पिता जगदीश कृषक- ग्राम रामाबालोदा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) से अनुबंध-पत्र के माध्यम से क्रय की हुई हैं तथा सौदा चिट्ठी के आधार पर उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने कमलसिंह से किया हैं तथा टोकन राशि भी अदा कर दी है तथा जाहिर सुचना का प्रकाशन होने पर उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन में बयाना राशी अदा कर दस्तावेज अनुबंध-पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाया जाना है। अत: इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सो सूचित हो। दिनांक 05/11/2026

अजय कुमावत एडवोकेट
कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन
मो. 9993364312

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी 1. श्रीमती प्रतिमा जैन पति श्री कमल कुमार जी जैन, 2. सुशील कुमार जैन पिता स्व. श्री शान्तिलाल जी जैन, 3. सुनील कुमार जैन पिता स्व. श्री शान्तिलाल जी जैन, 4. सुरेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री शान्तिलाल जी जैन, निवासीगण - 4, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के संयुक्त स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-4, द्रविड मार्ग, मोहल्ला कुशलपुरा, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन तीन मंजिला पक्का आर.सी.सी. निर्मित है, जिसका कुल भूतल क्षेत्रफल 160.97 वर्ग मीटर है। उक्त भवन की पैमाईश लम्बाई पूर्व से पश्चिम उत्तर तरफ 18.70 मीटर एवं दक्षिण तरफ 19.40 मीटर, चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण पूर्व तरफ 8.75 मीटर एवं पश्चिम तरफ 8.15 मीटर तथा चतु:सीमा में पूर्व की ओर- सरकारी सड़क, पश्चिम की ओर गलियारा व मकान धर्मशाला ब्राह्मण समाज का, उत्तर की ओर- मकान केशव राय व राजेश राय का एवं दक्षिण की ओर मकान क्रमांक 5 भगवती सदन है। उक्त वर्णित संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय अनुबंध-पत्र कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 05-11-2026 स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर- डीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स, देवास रोड,
उज्जैन मो. 99260-68606

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नं.01-शेख रजब अली, नं.02-शेख कौसर अली पुत्रगण शेख अब्दुल वहाब, नं.03-शेख कबीर अली पिता शेख काबिल अली, निवासीगण 7 व 8, नज़र अली मार्ग, मिल्कीपुरा, उज्जैन म.प्र. का शेख साबिर अली पिता शेख काबिल अली, निवासी अब्दालपुरा, उज्जैन म.प्र. से कोई संबंध व सरोकार पहले भी नहीं था और अब भी नहीं है। शेख साबिर अली बहुत पहले से मेरे पक्षकार के साथ नहीं रहता है एवं कोई व्यवसाय-व्यापार, लेन-देन भी नहीं करता है। शेख साबिर अली के किसी व्यवहार या लेन-देन से मेरे पक्षकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं है। शेख साबिर अली के साथ किसी भी व्यक्ति, संस्था, संघ अथवा सोसायटी आदि ने कोई व्यवहार, व्यापार या लेन-देन मेरे पक्षकार की अनुमति से नहीं किया है। जो भी व्यवहार, व्यापार या लेन-देन किया है, वह अपनी स्वयं की जिम्मेदारी के आधार पर किया है, जिससे मेरे पक्षकार का कोई संबंध नहीं है। मेरे पक्षकार ने शेख साबिर अली के किसी लेन-देन, व्यवहार, व्यापार की कोई जमानत नहीं दी है। इस कारण शेख साबिर अली के किसी भी व्यवहार, व्यापार या लेन-देन की कोई भी जिम्मेदारी व जवाबदारी मेरे पक्षकार की नहीं है। शेख साबिर अली के किसी भी व्यवहार, व्यापार या लेन-देन के संबंध में मेरे पक्षकार के निवास स्थान या प्रतिष्ठान जगन्नाथ मार्केट, लखेरवाड़ी, उज्जैन म.प्र. में आकर कोई भी, किसी भी प्रकार से कोई वार्तालाप, लड़ाई-झगड़ा आदि नहीं करे अन्यथा उनके द्वारा किये जाने वाले ऐसे किसी भी कृत्य, व्यवहार, अमल, आचरण से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के लिये वे व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार होंगे, जिससे मेरे पक्षकार का कोई संबंध नहीं होगा। सूचित हो। इति दिनांक 05/11/2026, स्थान: उज्जैन

शकील एहमद एडवोकेट
सुहाना पैलेस 34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन
मो. 94240-45740

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण दिलीप पिता गंगाराम जी जाति नाई निवासी दोराया कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., गोकुल पिता गंगाराम जी जाति नाई निवासी ग्राम पीरझलार बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 188/1/2/1 रकबा 1.0250 हे., सर्वे क्र. 188/1/2/2 रकबा 1.0250 हे. स्थित ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो ।

दिनांक 05/11/2026

लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)
161, रोधाकृष्ण कॉलोनी बडनगरजिला उज्जैन म.प्र.
मो. 7999800300

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या-18/2026

निविदा सं. 40262393 जिसके खुलने की तिथि 30/10/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/34/2026. के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-

निविदा संख्या एवं संक्षिप्त विवरण	40262393 Description:- रेगुलेटिंग इक्विपमेंट (ATD) थ्री पुल्ली टाइप विथ मॉडिफाइड पुल्ली ग्रूव (3:1 रेश्यो)	
Field Name	From	To
Tender Closing Date Time	30/10/2026, 12:30	16/11/2026, 12:30

अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए बेबसाईट https://www.ireps.gov.in. देखें । हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबधंक, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

"ई-निविदा सूचना"

निविदा संख्या : SnT-RTM-26-Tele-19. दिनांक : 04.11.2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** सिम्हस्थ - 2028 के संबंध में निम्नलिखित कार्यों हेतु दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **1. उज्जैन स्टेशन :** भीड़ नियंत्रण एवं यात्रियों के ठहराव हेतु अतिरिक्त यात्री सुविधाओं के साथ होल्डिंग एरिया का प्रावधान एवं विस्तार (सिम्हस्थ -2028)। **2. विक्रम नगर स्टेशन :** अस्थायी होल्डिंग एरिया का प्रावधान, मौजूदा फुट ओवर ब्रिज (FOB) का विस्तार गुडस् शेड की ओर करना तथा शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण (सिम्हस्थ -2028)। **3. विक्रम नगर स्टेशन :** यात्रियों सुविधाओं के साथ भीड़ नियंत्रण एवं यात्रियों के ठहराव हेतु होल्डिंग एरिया का प्रावधान (सिम्हस्थ -2028)। **4. चिंतामण गणेश स्टेशन :** यात्रियों के नियमन एवं नियंत्रण हेतु यात्री सुविधाओं सहित अस्थायी होल्डिंग एरिया का प्रावधान (सिम्हस्थ - 2028)। **5. पावासा स्टेशन :** प्लेटफॉर्म संख्या 01, 02, एवं 03 पर अस्थायी होल्डिंग एरिया, शौचालय, मूत्रालय एवं जल व्यवस्था का प्रावधान (सिम्हस्थ -2028)। **6.** पिंगलेश्वर स्टेशन : यात्री सुविधाओं के साथ भीड़ नियंत्रण एवं यात्रियों के ठहराव हेतु होल्डिंग एरिया का प्रावधान (सिम्हस्थ -2028)। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹3,16,73,874.43/- (रूपये तीन करोड़ सोलह लाख तिहत्तर हजार आठ सौ चौहत्तर और तैतालीस पैसे मात्र)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **जमानत राशि :** ₹6,33,500/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 (नौ) माह, **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 30/11/2026 **समय** 15:00 बजे तक , **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय :** दिनांक 30/11/2026 **समय** 15:30 बजे तक। **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन।

SNP-322

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण राजेन्द्र सिंह पिता मेहरबान सिंह जी जाति राजपूत निवासी । कृषक ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., अमन चावड़ा पिता दीपक जी चावड़ा जाति माली निवासी रामगढ़ कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 188/1/1/1 रकबा 0.4800 हे., सर्वे क्र. 188/1/1/2 रकबा 0.4000 हे. स्थित ग्राम मिन्डका तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो ।

दिनांक- 05/11/2026

लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)
161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर
जिला उज्जैन मो. 7999800300

न्यूज-कॉलम

हॉकी खिलाड़ी काव्या काला का टाटा अकादमी में चयन



मन्दसौर। हॉकी खिलाड़ी काव्या काला ने झारखंड के जमशेदपुर स्थित टाटा हॉकी अकादमी के हाई लेवल ट्रेनिंग सेंटर के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया है। वह इस अकादमी के लिए मध्य प्रदेश से चयनित होने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। जिला खेल अधिकारी ओ.पी. ने बताया कि काव्या मंदसौर में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित फीडर सेंटर व केंद्र शासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर की नियमित सदस्य रही हैं और वह कई बार राज्य तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। काव्या के पिता राकेश काला दुग्ध व्यवसाय से जुड़े हैं जबकि उनकी माता संतोष काला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल ढूंढकर आमजन के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

मंदसौर। एसपी विनोद कुमार मीना की सक्रिय और संवेदनशील टीम ने लगातार बढ़ते सायबर अपराधों और संपत्ति संबंधी समस्याओं पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए धनतेरस के ठीक पूर्व आमजन को अनोखा तोहफा प्रदान किया है। एएसपी तेर सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर गुम हुए लगभग २३ लाख रुपए कीमत के बहुमूल्य मोबाइल फोन खोज निकाले और आज औपचारिक रूप से 115 वैध फरियादियों को उनके मोबाइल वापस सौंप दिए। अपने खोए हुए महंगे मोबाइल फोन को वापस पाकर सभी फरियादियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए पुलिस की सायबर सेल टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मंदसौर पुलिस इसके पूर्व भी दो चरणों में क्रमशः साठ और सत्तासी गुमशुदा मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुरक्षित लौटा चुकी है।

12 करोड़ की बेशकीमती सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

मन्दसौर। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देते हुए एमआईटी चौराहे के पास स्थित नर्सिंग कॉलेज परिसर की बहुमूल्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त करा लिया है। लगभग १२ करोड़ रुपए बाजार मूल्य की बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए दो बड़े पक्के मकानों और अन्य सभी प्रकार के अवैध निमार्णों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पूरी तरह से जमींदोज कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बा मंदसौर के अंतर्गत आने वाले शासकीय सर्वे नंबर ४० की भूमि चिकित्सा विभाग के आधिपत्य और आवंटन के लिए सुरक्षित है, जिस पर पिछले करीब बीस वर्षों से कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्के मकान और अन्य ढांचे खड़े कर लिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार नीलेश पटेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस का पूरा अमला समय रहते मौके पर पहुंचा और इस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कुं. शक्तावत ने स्व.श्रीमती सिसोदिया को पुष्पांजलि दी

पिपलियामंडी। मल्हारगढ़ विधान सभा क्षेत्र के गांव झावल मे मोहनलाल सिसोदिया की धर्मपत्नी एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी तथा कांग्रेस नेता परशुराम सिसोदिया की पूज्य माताजी श्रीमती वरदीदेवी जी सिसौदिया के पूणार्यु मे स्वर्गवासी हो जाने पर 4 नवंबर को कांग्रेस नेता विष्णु ररौतिया एवं महेश सेन के साथ क्षेत्र के नेता,बुजुर्गों की आवाज कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निवास पर उपस्थित हुए।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट मे मेरा नाम RASHIDA था जिसे परिवर्तित कर RASHIDA BOHRA W/O ASGAR ALI BOHRA रख लिया है आगे से सभी कार्य इसी नाम से किये जावेंगे। सूचित होवे।

RASHIDA BOHRA W/O ASGAR ALI BOHRA
वार्ड नं.15 ग्राम पिपल्या मण्डी पोस्ट पिपल्या मण्डी तह मल्हारगढ़ गुडभेली जिला मंदसौर (म.प्र.)

पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर, चलाया चेकिंग अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए जिला न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट खुद सड़क पर उतरे। यह पूरी कार्रवाई मोबाइल कोर्ट चलित न्यायालय जिला रतलाम के बैनर तले मेडिकल कॉलेज स्थित बंजली बाईपास पर की गई। अचानक हुई इस ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान दोपहिया, चार पहिया वाहनों और ओवरलोड बसों की सघन जांच की गई और मौके पर ही चालान काटे गए। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र रावत, अनुपम तिवारी, विवेक माल, अरुण सिंह ठाकुर, बृजेश राजपूत, लवणीश जगदंडे, अनिल कुमार बामणिया के साथ औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी अमित कुमार कोरी, यातायात सूबेदार अनोखी लाल परमार और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

दस करोड़ घरों तक पहुंचे संघ के कार्यकर्ता , एक लाख से अधिक स्थान प्रत्यक्ष संघ कार्ययुक्त कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेंद्र रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में लगभग 70 से 80 प्रतिशत वाहन बिना वैध बीमा के चलाए जा रहे हैं। ऐसे में सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों और उनके परिवारों को क्लेम की राशि प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए मोबाइल कोर्ट के माध्यम से यह विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया है, जो आगे भी शहर के विभिन्न हिस्सों में नियमित रूप से जारी रहेगा।

पशुपतिनाथ लोक के दूसरे चरण के लिए विधायक विपिन जैन ने मांगे 50 करोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



विधायक श्री विपिन जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर विश्वविख्यात भगवान श्री पशुपतिनाथ लोक के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए पचास करोड़ रु. की राशि स्वीकृत करने की विशेष मांग की है। विधायक जैन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि आगामी १७ नवंबर को मंदसौर जिले के गांधी सागर में प्रस्तावित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव को शामिल कर तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री को लिखे गए इस पत्र में विधायक विपिन जैन ने उल्लेख किया है कि मंदिर परिसर को एक भव्य व आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा पशुपतिनाथ लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण जनवरी 2026 में किया जा चुका है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया है। विधायक श्री जैन ने पत्र में इस बात पर विशेष बल दिया है कि वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व का भव्य आयोजन होना है, जिसके मद्देनजर भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर का विस्तार करने, यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं में अभूतपूर्व वृद्धि करने तथा धार्मिक पर्यटन को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन देने की दृष्टि से पशुपतिनाथ लोक का द्वितीय चरण शीघ्र विकसित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

विधायक जैन ने पूर्ण विश्वास जताया है कि मुख्यमंत्री इस जनहित की मांग पर अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए भगवान श्री पशुपतिनाथ के पावन धाम को और अधिक दिव्य एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करेंगे।

मंडी गेट के डिवाइडर पर हादसों के विरोध में कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी

नगर के मुख्य मार्ग और कृषि उपज मंडी कार्यालय के सामने बने डिवाइडर पर अंधेरे के चलते आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के खिलाफ बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रातः 9.30 बजे डिवाइडर पर एमपी आरडीसी,नगर परिषद के खिलाफ ठीकरा फोड़ा ठीकरा(मिट्टी का कलसा) पर मिठाई, नींबू, मिर्ची, पुष्प एवं पुष्पमाला रखकर अनूठा प्रदर्शन कर डिवाइडर पर लाइट लगाने की मांग की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि हम लंबे समय से डिवाडर को छोटा करने एवं लाइट की व्यवस्था की मांग कर रहे है लेकिन लाइट की व्यवस्था नही हुई।डिवाडर के कट पर संकेतक व लाइट के अभाव में कई वाहन रात्रि में डिवाइडर पर चढ़जाते है और वाहन चालक घायल व गम्भीर घायल होते है हादसे में अभी तक कई मोते भी होचुकी है।शर्मा ने डिवाडर पर संकेतक एवं लाइट व्यवस्था की मांग की है लाइट नही लगने पर बड़े आंदोलन की भी चेतावनी दी है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा ने कहा कि नगर परिषद की उदासीनता से चौपाटी से लगाकर कृषिउपज मंडी तक आये दिन सड़क हादसे होरहे है कई बार ध्यान आकर्षित करने के बाद भी एमपीआरडीसी व नगर परिषद के कानों पर जु तक नही रेंगी है।उणियारा ने कहा कि मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रोशनी करना नगर परिषद की जिम्मेदारी है, वहीं मंडी गेट पर लाइट व्यवस्था कृषि उपज मंडी समिति का दायित्व है।



सांदीपनि विद्यालय में बच्चों को दी गई साइबर सुरक्षा की सीख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, गुड टच, बैड टच और पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी तथा जिला न्यायाधीश श्रीमती मंजू सिंह ने मुख्य अतिथियों के रूप में शिरकत की।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव माननीय श्री सिद्धार्थ तिवारी ने बच्चों को बहुत ही सरल व सहज उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि उन्हें कभी भी किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अनावश्यक दोस्ती नहीं करनी चाहिए और न ही उनके संपर्क में रहना चाहिए।

उन्होंने बच्चों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि यदि कोई भी व्यक्ति उनके साथ किसी प्रकार की अवांछित या गंदी हरकत करने का प्रयास करे, तो वे बिना किसी डर के इसकी तत्काल सूचना अपने माता-पिता और शिक्षकों को दें तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराएं।

कार्यक्रम के दौरान विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा साइबर अपराध के विषय पर एक बेहद सुंदर और मार्मिक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। संस्था के प्राचार्य विनीत अग्रवाल और रतनलाल चौहान ने सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया।

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम अंतर्गत 1.97 करोड़ रुपए की लागत से होगा गौशाला निर्माण

नीमच। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत नीमच जिले की मनासा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कंजार्डा में 1 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से गौशाला का उन्नयन निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे क्षेत्र में गौवंश के संरक्षण एवं उनके बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित होंगी। गौशाला का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के माध्यम से निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कराया जाएगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा।

पुलिस ने सोयाबीन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

थाना नई आबादी की पुलिस टीम ने एक शातिर सोयाबीन चोर गिरोह को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को सीतामऊ फाटक ब्रिज के नीचे बने ब्लॉक से अज्ञात बदमाशों द्वारा सोयाबीन चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना नई आबादी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी।

थाना प्रभारी नई आबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने त्वरित तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मुख्य आरोपी श्रवण (21) पिता रामचंद्र मोंगिया निवासी अफजलपुर को चिन्हित किया और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी श्रवण से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपने अन्य दो फरार साथियों हंसराज पिता बाबुसिंह उर्फ बाबुलाल मोंगिया व राकेश पिता भोमसिंह मोंगिया दोनो निवासी रंगाराखेडी थाना कानवन जिला धार के साथ मिलकर मंदसौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा अफजलपुर, सीतामऊ और रतलाम जिले की असावती से भी बड़ी मात्रा में सोयाबीन और लहसुन चोरी करने की कई वारदातों को स्वीकार किया। पुलिस ने इस गिरोह के कब्जे से करीब 16 क्विंटल 40 किलोग्राम सोयाबीन तथा घटना में प्रयुक्त एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन जप्त की है। पकड़े गए मुख्य आरोपी श्रवण के खिलाफ पूर्व में भी कई थानों में नकबजनी, चोरी और संपत्ति से जुड़े गंभीर धाराओं के तहत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं।

डीपी ज्वेलर्स पर पचास हजार से अधिक आभूषणों का अदभूत कलेक्शन

रतलाम। धनतेरस के अवसर पर डी. पी. ज्वेलर्स अपने सुसज्जित शोरूम व कलात्मक आभूषणों की 50 हजार से अधिक डिजाइन्स के साथ तैयार है। यहां दिवाली सीजन के लिए अनुभवी कारीगरों द्वारा निर्मित कलात्मक आभूषणों का अदभूत कलेक्शन उपलब्ध है। धनतेरस पर संध्या के समय लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है और इस विशेष मुहूर्त के लिए शोरूम पर शुद्ध सोने व चांदी के सिक्कों की विविध वैरायटी ग्राहकों लिए उपलब्ध है। इसके साथ ही इस शुभ मुहूर्त पर गोल्ड, गोल्ड एंटिक, डायमंड, डायमंड पोल्की, जड़ाऊ, सोलिटेयर और सिल्वर ज्वेलरी की 50 हजार से अधिक डिजाइन्स और चांदी के यूटेंसिल्स की खरीदी का लाभ ग्राहक न्यूनतम मेकिंग चार्जेज के साथ ले सकते हैं। पिछले 86 वर्षों में अपनी शुद्धता की परम्परा को निभाते हुए डी. पी. ज्वेलर्स ने 35 लाख से अधिक परिवारों का दिल जीता है। आज डी. पी. ज्वेलर्स मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में 13 शहर रतलाम, इंदौर, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, नीमच, भीलवाड़ा, कोटा, बांसवाड़ा ,अजमेर आदि शहरों में ब्रांड है।

10 पेटी अवैध शराब के साथ बोलेरो नियो जब्त

रतलाम। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब तस्करी व शराब माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत रावटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो एवं स्ष्ठह्वक्क सैलाना ढ्ढक्कस्-लेखराज मीणा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष डावर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 पेटी अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, धार जिला धार (म.प्र.)
Email-cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 6919 / सामान्य / 26 धार,दिनांक :- 04.11.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद धार जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऑनलाईन टेंडर नं.	सामग्री का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD _547635_1	Facility Management Services for Online portal	12 माह 4.50 लाख	2000/- 4,000/-	14.11.2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

न्यूज कालम



मंत्री श्री काश्यप द्वारा म.प्र. एक्सपोर्ट एंड एफ. टी. ए. कान्क्लेव का शुभारंभ

रतलाम । एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने आज मिन्टो हॉल में मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एण्ड एफ. टी. ए. कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। साथ ही तीन पोर्टलों और दो किताबों का भी विमोचन किया। इस कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, एमएस एमई सचिव जॉन किंग्सले, संयुक्त सचिव भारत सरकार उज्जवल कुमार घोष, प्रबंध संचालक एम.पी.आई.डी.सी. चंद्रमौली शुक?ला, सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन स्वंतत्र कुमार सिंह, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर, मिथलेश्वर ठाकुर और ट्रेड एडवाइजर सेक्रेटरी जनरल, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद् सुश्री तमन्ना चतुर्वेदी मंचासीन रहे।

कुकडेश्वर पुलिस ने करीब ढाई हजार लीटर महुआ लहान किया नष्ट



नीमच। जिले मे अवैध शराब के निर्माण व परिवहन की धरपकड़ के लिये चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान में पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन एवं उप पुलिस महानिरीक्षक रतलाम रेंज रतलाम व नीमच पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन मे थाना कुकडेश्वर, थाना मनासा व थाना रामपुरा की संयुक्त टीम को करीब 2500 लीटर महुआ लहान तथा अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाने की 8 भट्टियो को नष्ट करने में सफलता मिली है । घटना का संक्षिप्त विवरण 4 नवम्बर को थाना प्रभारी उनि मंगलसिंह राठौर मय थाना कुकड़ेश्वर, मनासा व रामपुरा बल के साथ अवैध शराब की धरपकड़ हेतु थाना कुकड़ेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कड़ी आंत्री व उसके आस पास के क्षेत्र मे हाथ भट्टी की कच्ची शराब के निर्माण के संभावित स्थानो पर दबिश देकर करीब 2500 लीटर महुआ लहान नष्ट कर जंगल मे बनी 8 अवैध भट्टियो को नष्ट किया गया ।उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कुकड़ेश्वर उनि मंगलसिंह राठौर व उनकी टीम, थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक हिमांशु चौहान व उनकी टीम तथा थाना प्रभारी रामपुरा निरीक्षक निलेश सोलंकी व उनकी टीम का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा ।

विधि महाविद्यालय में युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी कला



मन्दसौर। श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में ३ से ५ नवम्बर तक युवा उत्सव प्रतियोगिता के अन्तर्गत अन्तर कक्षा महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें रंगोली, वाद-विवाद, वक्तृता, एकांकी और पोस्टर विधाओं में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों द्वारा आगामी १७ नवम्बर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में इस महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान युवा उत्सव प्रभारी हरिओम सिंह सोनगरा ने सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद कुमार पाटीदार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत कलेक्टर ने जिलेवासियों से की अपील

नीमच। दीपावली के पावन पर्व पर स्थानीय कारीगरों एवं स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिलेवासियों से मिट्टी के दीयों का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे इस दीपावली अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में मिट्टी के दीये जलाएं और स्थानीय कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि मिट्टी के दीयों की खरीद से स्थानीय कारीगरों को आर्थिक संबल मिलेगा।

बालाजी मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

सुसनेर। ग्राम पंचायत देवपुर में बुधवार को बालाजी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा एवं ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान में टरह एवं इरह के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता ज्योति बैरागी सहित टरह एवं इरह के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दीपावली पर्व पर मंडी में 11 नवंबर तक अवकाश

महिदपुर। मंडी क्षेत्र के समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया जाता है- दीपावली पर्व शासकीय अवकाश एवं अनाज व्यापारी संघ के प्रस्तुत आवेदन अनुसार कृषि उपज मंडी महिदपुर सहित उपमंडियों में आज 6 नवंबर 2026 से 11 नवंबर 2026 तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव प्रीतमसिंह चौधरी ने किसान बंधुओ से अवकाश दिवस में अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु नहीं लाने का अनुरोध किया है।

मुजाहिद हुसैन नागौरी लगातार तीसरी बार यूनियन अध्यक्ष निर्वाचित

महिदपुर। ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन महिदपुर की प्रबंध कमेटी की मिटींग दिनांक 1 नवम्बर को यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत यूनियन की चुनावी कार्यवाही संपन्न हुई। मिटींग में उपस्थित सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। चुनाव पश्चात मतगणना की गई जिसके अंतर्गत मुजाहिद हुसैन को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद हेतु विजयी घोषित किया गया। श्री नागौरी द्वारा अपने पिछले दो कार्यकाल में अपने पद का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। जिसको देखते हुए ट्रक ऑपरेटर्स ने उन्हे पुनः मौका दिया। प्रबंध कमेटी अध्यक्ष पद पर मो. सलीम बबलू को भी निर्वाचित घोषित किया गया।

स्वामित्व योजना का लाभ दिये जाने की मांग

महिदपुर। म.प्र. शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगो को स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री का लाभ दिया जा रहा है जो कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो में प्रसन्नता है। लेकिन स्वामित्व योजना का लाभ म.प्र. के शहरी क्षेत्र की जनता को भी मिलना चाहिये। सन 1984 में मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह द्वारा शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोगो को आवासीय पट्टे प्रदान किये गये थे लेकिन उन पट्टेधारियों को आज तक स्वामित्व योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष लेखराज मल्होत्रा ने राज्य शासन से मांग की है कि शहरी क्षेत्रो में सर्वे कर पट्टेधारियों को स्वामित्व योजना का लाभ दिया जावें।

संस्कृत महोत्सव की क्षेत्रीय प्रतियोगिता सम्पन्न

सुसनेर। मोड़ी विद्या भारती द्वारा अशोकनगर में आयोजित संस्कृत महोत्सव की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल मोड़ी की छात्रा बहिन प्रिया विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा ने किशोर वर्ग की व्यक्तिगत गीत प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय समिति परिवार, आचार्य-दीदी परिवार एवं प्रतियोगिता प्रभारी अंकित पाटीदार ने प्रिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नरक चतुर्दशी पर पितृ शांति के लिए होगा सामूहिक दीपयादि श्राद्ध एवं यम तर्पण

नागदा। दीपावली पर्व की धार्मिक परंपराओं में नरक चतुर्दशी का विशेष महत्व है। इसी धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नागदा में लगातार कई वर्षों से चली आ रही अनूठी परंपरा के तहत इस वर्ष भी 7 नवंबर, को प्रातः 5 से 6.30 बजे तक चंबल तट स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सामूहिक दीपयादि श्राद्ध, यम तर्पण एवं दीपदान का आयोजन किया जाएगा।

त्योहार: एकादशी से शुरू हुआ दीपोत्सव, आठ को दीपावली व 11 को भाईदूज

तीन शुभ योग में मनेगी दीपावली, लक्ष्मी-कुबेर पूजन से लेकर बहीखाता लेखन तक विशेष मुहूर्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



इस बार दीपावली पर बुधादित्य, लक्ष्मीनारायण व आयुष्मान योग का विशेष संयोग बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार इन तीनों योगों के बीच दीपोत्सव का पर्व मनाया जाएगा। 5 नवंबर को एकादशी से दीपोत्सव की शुरूआत होगी, जो 11 नवंबर को भाईदूज तक चलेगा। त्योहार को लेकर शहर के बाजार सजने लगे हैं। घरों की सजावट, पूजन सामग्री, दीपक व अन्य जरूरी सामान की खरीदी के लिए लोग बाजार पहुंच रहे हैं। व्यापारियों को धनतेरस व दीपावली पर अच्छी राहकी की उम्मीद है। मान्यताओं के अनुसार इस बार तीन विशेष योगों का संयोग रहेगा। बुध व सूर्य की तुला राशि में युति से बुधादित्य योग बनेगा। इसे बुद्धि, करियर, मान-सम्मान व व्यापार के लिए शुभ माना जाता है। वहीं बुध व शुक्र की युति से लक्ष्मीनारायण योग का निर्माण होगा, जिसे धन, समृद्धि व वैभव से जोडकर देखा जाता है। दीपावली की रात आयुष्मान योग भी रहेगा। इसे दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य व कार्यों में स्थिरता प्रदान करने वाला माना जाता है।

पंडित पवन पारीक ने बताया 5 नवंबर को एकादशी के साथ दीपोत्सव की शुरूआत होगी। 6 नवंबर की शाम धनतेरस का पूजन होगा। इस दिन सुबह भगवान धन्वंतरि का पूजन व महालक्ष्मी के प्राकट्योत्सव पर विशेष पूजा का महत्व है।

दीपोत्सव की शुरूआत से पहले ही बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। दुकानों पर दीपक, पूजन सामग्री व घरों की सजावट के सामान की दुकानें सजने लगी हैं। लोग त्योहार की तैयारियों के लिए खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बाजार में त्यौहारी राहकी की शुरूआत अच्छी दिखाई दे रही है। धनतेरस पर बर्तन, आभूषण व अन्य सामान की खरीदी बढने की उम्मीद है। इसे लेकर बाजार सज गया है।

10 नवंबर को गोवर्धन पूजन किया जाएगा। इस दिन शाम को पूजा-अर्चना के साथ अन्नाकूट का आयोजन होगा। जबकि 11 नवंबर को भाईदूज मनाई जाएगी। इस पर बहनें भाइयों का तिलक कर उनकी सुख-समृद्धि व लंबी उम्र की कामना करेंगी। इसी तरह 13 नवंबर को मनसा चतुर्थी मनाई जाएगी। बडी चतुर्थी होने के कारण इस दिन पूजन का विशेष महत्व रहेगा।

8 नवंबर को सुबह रूप चौदस, शाम को करेंगे लक्ष्मी पूजन

पंडित पारीक के अनुसार 8 नवंबर को सुबह रूप चौदस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में महिलाएं स्नान कर पूजा-अर्चना करती हैं। शाम को माता लक्ष्मी का पूजन कर दीपावली मनाई जाएगी। लक्ष्मी-कुबेर पूजन के मुहूर्त सुबह 8 से 11.12 बजे तक, दोपहर 1.35 से 2.59 बजे तक, शाम 5.46 से रात 10.35 बजे तक, रात 1.48 से 3.24 बजे तक करेंगे।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 30.07 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सुसनेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 30.07 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3 लाख रुपये कीमत की स्मैक, 80 हजार रुपये कीमत की मोटरसाइकिल और 150 रुपये नकद जब्त किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 नवंबर 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम श्यामपुरा निवासी दो व्यक्ति हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 70 एमसी 1635 से स्मैक लेकर सुसनेर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक दरबार सिंह जादौन ने पुलिस टीम एवं स्वतंत्र पंचों के साथ घेराबंदी की।

पुलिस ने मोड़ी चौराहे से आगे एमपीईबी ग्रिड के पीछे परसुलिया रोड की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान देवीसिंह (45) एवं गोकुलसिंह (40) निवासी ग्राम श्यामपुरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान गोकुलसिंह के कब्जे से 30.07 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने स्मैक सहित तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और नकदी जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब्त स्मैक की कीमत करीब 3 लाख रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अनिल मालवीय, एसआई सचिन धाकड़, एएसआई दरबार सिंह, एएसआई जितेन्द्र झा, प्रधान आरक्षक शम्भू जाट, सैनिक रविन्द्रसिंह सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शासकीय चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंगलवार को शासकीय चिकित्सालय बड़नगर में किया गया। बैठक में पदेन अध्यक्ष विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्डया ने चिकित्सालय की व्यवस्थाओ से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो की समीक्षा की। चिकित्सको एवं सम्बंधित कर्मचारियों से स्वास्थ्य सेवाओं और लंबित कार्यो की जानकारी प्राप्त की। मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सालय की व्यवस्थाओ में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़नगर क्षेत्र की जनता को बेहतर सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाए निरंतर उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। मरीजों की आवश्यकताओ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओ को और अधिक सुचारू बनाया जाए। बैठक में रोगी कल्याण समिति के सदस्य विराग मिश्रा, मांगीलाल बम, शांतिलाल गोखरू, गजेन्द्रसिंह राजावत, बहादुर बादशाह, दिलीप जैन, सत्यप्रकाश पंड्या, तस्दुक हुसैन, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र अजनार, प्रभारी मेडिकल अधिकारी डॉ. सुयश श्रीवास्तव सहित चिकित्सालय के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़के कचरे के ढेर से सनी पड़ी

सफाई कर्मियों द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल, निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

दीपावली उल्लास के बीच शहर के बाजार कूड़े कचरे के बीच गुलजार नजर आ रहे हैं, दिवाली की सजावट में दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया मगर सड़के कचरे के ढेर से सनी पड़ी है।

शहर में प्रदेश स्तरीय सफाई कामगार संघ द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही, जिसके चलते ब्यावरा शहर कूड़े कचरे से पटा पड़ा हुआ है, कचरा गाड़ी नहीं आने के कारण ब्यावरा शहर के प्रत्येक गली चौराहों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं, सफाई कर्मचारियों के द्वारा पूर्व में भी कई बार धरना प्रदर्शन करते हुए हड़ताल की गई थी लेकिन शासन प्रशासन स्तर पर उन्हें मात्र आश्वासों के अलावा कुछ नहीं मिला इस बार उन्होंने लिखित आश्वासन की मांग रखी।

नगर पालिका अधिकारी पर लगाए आरोप

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर आरोप लगाया कि वह कचरा गाड़ी चलाने के लिए दबाव बना रहे हैं। नगर पालिका परिषद सफाई बिजली पानी सड़क आदि व्यवस्थाओं को लेकर पूर्ण रूप से फेल है, कर्मचारियों में परिषद के खिलाफ काफी आक्रोश देखा जा रहा, सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए एक विशाल जुलूस निकाला।

दीपावली पर काम बंद आंदोलन को लेकर बिजली कंपनियों मे हुई बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

म.प्र.की 6 बिजली कंपनी ट्रांसमिशन, जनरेशन, पॉवर मैनेजमेंट, पूर्व-पश्चिम व मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों में कार्यरत 45 हजार बिजली आउटसोर्स लाईन हेल्पर, संयंत्र सहायक, सबस्टेशन-संयत्र व कंप्यूटर ऑपरेटर, संयत्र पर्यवेक्षक, मीटर रीडर, सुरक्षा सैनिक, ड्रायवर, चपरासी द्वारा दीपावली पर्व पर 7 व 8 नवम्बर के दौरान दो दिन काम न करने की चेतावनी दिये जाने के बाद म.प्र.मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के मुख्य महा प्रभन्धक एच आर राकेश शर्म की मौजूदगी मे मप्र बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया एंव जनता यूनियन के उपाध्यक्ष ओपी सक्सेना व नरेंद्रसिंह भदोरिया व रामप्रसाद यादव जिलाध्यक्ष के साथ मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी निष्ठा परिसर गोविंदपुरा मे बैठक हुई जिसमे बिजली आउट सोर्स कर्मचारियों की 34 मांगो को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

जैसे पंजाब व उ.प्र.में ठेका प्रथा खत्म की गई, वह मप्र में भी लागू हो। पंजाब की तर्ज पर आउटसोर्स पर्सनल बिल मप्र विधानसभा में पास कर ठेकेदारों की जगह सीधे शासकीय विभागों व बिजली कंपनियों से वेतन दिया जाये। बिजली कंपनियों में जो बिचौलिये मानवबल ठेकेदार घुसपेठिये घुस आये हैं, उन्हें बाहर किया जाये। छोटे व लघु पद सृजित कर वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर बिजली कंपनी के 49 हजार रिक्त पड़े पदों पर आउटसोर्स कर्मियों को नियमित करें।

20 सालों से माँगों की अनदेखी

राज्य शासन एवं बिजली प्रशासन से बार-बार बिजली आउटसोर्स कर्मियों की विभिन्न मांगों की निरन्तर अनदेखी होती रही। पिछले 20 वर्षों से लगातार बिजली आउटसोर्स कर्मी दीपावली पर्व एवं अन्य राष्ट्रीय त्यौहारों पर अवकाश की पात्रता होने पर भी अपनी छुट्टी का बलिदान व्यापक जनहित व बिजली कंपनी हित में करते रहे।

विकसित भारत के संकल्प को समर्पित रहा वार्षिकोत्सव

महिदपुर। कला, विज्ञान, संस्कार, संस्कृति और प्रतिभा के अद्भुत संगम के रूप में संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल महिदपुर का वार्षिकोत्सव आरोहण 3 नवम्बर को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाधर्माध्यक्ष आर्च बिशप डॉ. सबास्टियन वडक्केल ,मुख्य अतिथि अजय हिंगे एसडीएम महिदपुर एवं विशेष अतिथि रामेश्वर सोनी बीईओ महिदपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक फादर पाल पारेकाटिल द्वारा अतिथियों का परिचय प्रदान कर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकारों, आधुनिक तकनीक, युवा शक्ति, महिला सशक्तीकरण तथा विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधक प्राचार्य सोबी थॉमस एवं उपप्राचार्य अनिश थॉमस के मार्गदर्शन, शिक्षकों की प्रेरणा, छात्रों के कठिन प्रयास और अभिभावकों के सहयोग एवं स्नेह से वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

नृत्य, संगीत, नाट्य एवं विविध रचनात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव आरोहण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विकास को प्रोत्साहित करना रहा।

छात्राओं ने बनाई रंग बिरंगे रंगों से आतिशबाजी

महिदपुर रोड। शासकीय कन्या हाईस्कूल की स्कूली छात्राओं ने बुधवार को अपने विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्ग दर्शन दीपावली का पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान विद्यालय में छात्राओं ने रंगोली बनाओ प्रतियोगिता,तोरण बनाओ प्रतियोगिता, कंदील बनाओ प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वृषभभानु, द्वितीय स्थान कोम ल ,तृतीय स्थान दुर्गेश्वरी एवं दिव्या परमार ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार सेठिया, पूनम राय, स्नेहलता श र्मा ,बापूलाल चंद्रवंशी, संकेश चौरड़िया आदि ने पुरस्कृत किया। स्कूली छात्राओं ने फुल झड़ी एवं पटाखे फोड़कर खुशियों का इजहार किया। विद्यालय की छात्रा?ओं द्वारा बनाये गये कंदील ,झूमर तोरण से से विद्यालय को सजाया गया इन प्रतियोगिता के निर्णाय क सर्व प्रयास सामाजिक संस्था के सदस्य एवं गीता रावत,एवं सरिता पालीवाल रही।

मेला ग्राउंड पर सजी आतिशबाजी की दुकानें, 61 व्यापारियों ने बनवाए लाइसेंस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

दीप महोत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बनने लगा है। दीपावली पर्व के मदेनजर नगर के मेला ग्राउंड पर आतिशबाजी की दुकानें सजकर तैयार हो गई हैं। इस वर्ष यहां 61 व्यापारियों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस बनवाकर पटाखों की दुकानें लगाई हैं। मेला ग्राउंड पर एक साथ सजी आतिशबाजी की दुकानों से दीपावली की रौनक दिखाई देने लगी है। त्योहार को देखते हुए पटाखा कारोबारियों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आतिशबाजी की दुकानों को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन लगातार पूरे क्षेत्र पर निगरानी बनाए हुए है ताकि पटाखों की बिक्री के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित न हो। इसके लिए व्यापारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पटाखा व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक दुकान पर सुरक्षा की दृष्टि से पानी की टंकी, दो बाल्टियां और चद्दर शेड अनिवार्य रूप से रखी जाए। अधिकारियों ने व्यापारियों को निर्देशित किया है कि रात में दुकान बंद करने से पहले भी इन सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें।



प्रशासन की निगरानी और व्यापारियों को दिए गए दिशा-निदेर्शों के बीच मेला ग्राउंड पर 61 आतिशबाजी की दुकानें सज गई हैं। अब दीप महोत्सव के दौरान यहां पटाखों की खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है।

सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी

जिन दुकानों पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए जाएंगे, उन्हें दुकान संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। दीपावली के दौरान आतिशबाजी की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सुरक्षा नियमों का पालन करना व्यापारियों के साथ आम नागरिकों के लिए भी जरूरी है।



हाथों में दीपक लेकर विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक

सुसनेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प एवं युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा 1 से 14 नवंबर तक प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 4 नवंबर को शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया, सुसनेर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी नीलेश पांडे एवं जिला संगठन आयुक्त रजनीश स्वर्णकार के निर्देशन में आयोजित गतिविधि में काउंसलर भेरूलाल ओसारा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जूनियर रेडक्रॉस के विद्यार्थियों ने हाथों में दीपक लेकर नशामुक्ति से जुड़े नारों के माध्यम से समाज को जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि जिस प्रकार दीपक अंधकार को दूर करता है, उसी प्रकार जागरूकता और दृढ़ संकल्प से जीवन को नशे के अंधकार से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर जूनियर्स अरविंद कुमार, हरिओम सेन, नैतिक यादव, वर्षा सेन, अंजली यादव, हिमांशी विश्वकर्मा एवं राजनंदनी यादव ने नशामुक्ति संबंधी संदेशों का वाचन कर सभी को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिला स्तरीय 30वें युवा उत्सव में पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा ने लोकनृत्य में प्राप्त किया प्रथम स्थान



सुसनेर। श्यामपुरा। 30वें युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा ने समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक लोकनृत्य प्रस्तुति एवं शानदार सामूहिक तालमेल से सभी का मन मोह लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। पीएम श्री विद्यालय श्यामपुरा के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान कार्यक्रम आयोजित



महिदपुर। राय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उज्जैन पीसी गुप्ता के निर्देशानुसार 01.11.2026 से 06.11.2026 तक सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसके तारतम्य में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण महिदपुर जिला उज्जैन के अध्यक्ष कमलेश सनोड़िया द्वारा 02 नवम्बर को शासकीय माध्यमिक उर्दू विद्यालय महिदपुर जिला उज्जैन में उक्त अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पॉक्सो एक्ट एवं सायबर क्राइम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई ,उक्त शिविर में श्री दीपक दहिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी महिदपुर, विद्यालय के अध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

सेन्ट मार्टिन स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता हुई



बड़नगर। सेन्ट मार्टिन स्कूल में दीपावली पर्व के पूर्व बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा सुंदर सुंदर रंगबिरंगी रंगोली बनाई गई। प्राचार्या जेनेट जॉर्ज ने बताया कि हमारे देश मे विभिन्न पर्व मनाए जाते हैं। दीपावली इसमें प्रमुख त्योहार है। उन्होंने बच्चों को पर्व की महत्ता बताते हुए इसे मनाने का कारण बताया। स्कूल की छात्राओं के चारों समूह द्वारा अलग अलग रंगोली बनाई गई एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की निर्णायक समिति द्वारा उन्हें अंक प्रदान किये गए। इसके पश्चात संचालक एंथोनी जॉर्ज एवं विद्यार्थीगण तहसील के अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र पारशर , बड़नगर थाना प्रभारी नरेंद्र बहादुरसिंह परिहार , बड़नगर पोस्ट मास्टर राजेश परमार ,शिक्षा विभाग बीइओ राहुल पाराशर, बीआरसी प्रवीण शर्मा को उनके विभाग में जाकर, विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल को उनके निवास पर जाकर उन्हें दीपावली की बधाई देकर उन्हें मिठाई खिलाई । उक्त जानकारी नवीन कुमार भगोरिया द्वारा दी गयी।

आदित्य संग तारा की इन्टेंस लव स्टोरी





जावेरी अपनी अगली फिल्म में आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की जोड़ी को पर्दे पर ला रहे हैं। यह एक इन्टेंस म्यूजिकल लव-स्टोरी होगी। तारा और आदित्य पहली बार साथ में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। अर्थात दोनों की जोड़ी पहली बार देखने को मिलेगी। भूषण कुमार इसके निमार्ता हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का नाम 'परवाना' रखा है। यह कोई आम रोमांटिक फिल्म नहीं होगी। इसकी कहानी प्यार, जुनून, हिंसा और गहरे इमोशन्स के इर्द-गिर्द बुनी जाएगी।

नोरा फतेही आरोपी नहीं, सिर्फ गवाह हैं



नोरा फतेही कई दिनों से 200 करोड़ रुपए की ठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर के मामले को लेकर चर्चा में हैं। नोरा के खिलाफ कोर्ट ने समन जारी किया था और 2 नवंबर को पेश होने का आदेश दिया था। नोरा पेश नहीं हुई और मामले की सुनवाई 6 नवंबर तक के लिए टाल दी गई। अब एक्ट्रेस की कानूनी टीम ने बयान जारी कर साफ कर दिया है कि इस मामले में नोरा आरोपी हैं। उनका नाम सिर्फ गवाह के तौर पर शामिल किया गया है। कोर्ट ने उन्हें केवल गवाह के रूप में ही तलब किया है है। टीम का कहना है कि एक्ट्रेस जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया में एक गवाह के रूप में सहयोग कर रही हैं।

सोमवार को सुनवाई के दौरान उनके वकील कोर्ट में पेश हुए और बताया कि नोरा को समन बहुत कम समय पहले मिला था और पहले से तय प्रोफेशनल कमिटमेंट के चलते वह पेश नहीं हो सकीं। बहरहाल, एक्ट्रेस को पेश होने की लिए नया समन निरंतर किया गया है।

नई वेब सीरीज से जुड़ीं हरलीन सेठी

हरलीन सेठी हाल ही में वेब सीरीज 'शक : ट्रस्ट नो वन' में नजर आई थीं। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल', 'कोहरा' और 'डॉक्टर्स' जैसी सीरीज में काम कर चुकीं हरलीन अब दिव्येंदु शर्मा, अभिषेक बनर्जी और प्रतीक गांधी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने जा रही हैं। साम्राज्यवादी पृष्ठभूमि पर बड़े लेवल पर बनाई जा रही नई वेब सीरीज में हरलीन की एंट्री हो गई है और उन्होंने इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी है। कहानी सत्ता के संघर्ष, महत्वाकांक्षा और रिश्तों की जटिलताओं पर आधारित होगी। इस सीरीज का निर्देशन भानु प्रताप सिंह कर रहे हैं। कलाकारों के किरदार और कहानी से जुड़ी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। अपने शानदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले दिव्येंदु, अभिषेक और प्रतीक की तिकड़ी के साथ हरलीन की केमिस्ट्री देखना दिलचस्प होगा।



सनकी से इश्क लड़ाएंगी मेधा



सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अब 'सनकी' नाम की फिल्म कर रहे हैं। डायरेक्टर टीनू सुरेश देसाई की इस फिल्म में अहान जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। उनके अपोजिट हीरोइन की तलाश भी पूरी हो चुकी है। अभिनेत्री मेधा राणा इस फिल्म में अहान के साथ इश्क लड़ाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि अहान और मेधा दोनों इससे पहले 'बॉर्डर 2' में साथ काम कर चुके हैं। हालांकि मेधा ने वरुण धवन की पत्नी का रोल निभाया था और अब 'सनकी' में वह अहान की प्रेमिका के रूप में दिखेंगी। मेधा और अहान की जोड़ी पहली बार पर्दे पर दिखेंगी। अहान भोपाल में 'सनकी' की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। मेधा जल्द ही उनसे जुड़ेंगी। पिछले 2 महीने से वह अपने रोल की तैयारी कर रही हैं और मेकर्स के साथ मिलकर वर्कशॉप भी कर रही हैं।

मामा से करवा दी मेरी शादी ! बयान से बुरी फंसीं राधिका

राधिका आप्टे ने हिंदी के अलावा साउथ की फिल्मों में भी काम किया है। लेकिन अब उन्होंने ऐसी बात कह दी है, जिसकी वजह से वह ट्रोलिंग का सामना कर रही हैं। हाल ही में अपनी को-एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश के साथ 'अक्का' का प्रमोशन करने पहुंचीं राधिका से एक इंटरव्यू में उनके करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार के बारे में पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा, मैंने एक तेलुगू फिल्म की थी, जिसमें मुझे। अपने मामा से शादी करनी पड़ी थी। वह मेरे करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार था। मुझे उस फिल्म की हर बात से नफरत थी। राधिका की बात सुनकर कीर्ति पहले तो हैरान रह गईं, लेकिन फिर जोर से हंस पड़ीं। उन्होंने हैरान होस्ट को समझाया कि तमिल और तेलुगू संस्कृति में ऐसा होता है। लोग अपने मामा से शादी कर लेते हैं। राधिका ने बीच में ही बोलीं, रुहां, लेकिन मुझे एक काफी उम्रदराज एक्टर के साथ रोमांस करना था। वहां का माहौल और जगह काफी पुरुष-प्रधान है। मेरे लिए यह सबसे मुश्किल काम था। और फिर, इसी बीच मेरी मौत हो जाती है।



प्रताप के लिए भोपाल में जेल

अमित साध स्टारर फिल्म 'प्रताप' के मेकर्स ने इसकी कहानी को वास्तविकता के करीब दर्शाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है. इस कहानी में जेल की अहम भूमिका है. इसलिए प्रोडक्शन टीम ने भोपाल में जेल का सेट तैयार किया है. जेल की संरचना, आसपास के माहौल और छोटी से छोटी बारीकियों का खास ध्यान रखा गया, ताकि फिल्म की दुनिया को पर्दे पर जीवंत बनाया जा सके. सब कुछ कहानी की जरूरतों और वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप नजर आए. सचिन सराफ के लेखन और निर्देशन में बनी 'प्रताप' एक जांबाज एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की कहानी है, जो एक पुलिस वाले से हत्या के मामले में कैदी बन जाता है. एक वायरल वीडियो के बाद उसे मुंबई सेंट्रल जेल भेज दिया जाता है. इसके बाद जीवन में आए बदलावों के चलते और आत्म-खोज का सफर शुरू होता है.

Sport

कोरिया को 8-1 से सेमीफाइनल हराया; शिलानंद और दिलप्रीत ने 2-2 गोल किए

भारत एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को मोहाली में खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने साउथ कोरिया को 8-1 से हराया। भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने 2-2 गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, अंगद बीर सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने एक-एक गोल किया।

भारत अब 6 नवंबर को फाइनल में जापान से खेलेगा। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कोरिया और मलेशिया ब्रॉन्ज मेडल के लिए भिड़ेंगे। मैच के चौथे मिनट में दिलप्रीत सिंह ने बाएं तरफ से शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद शिलानंद लाकड़ा को दी, जिन्होंने गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। कोरिया ने नौवें मिनट में हान सांगजुन के गोल से बराबरी कर ली। भारत ने तुरंत जवाब दिया। अगले ही मिनट उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत ने इस मौके पर तेज ड्रैग-फ्लिक लगाई। भारत 2-1 से आगे हो गया।



13वें मिनट में हरमनप्रीत के एक और ड्रैग-फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया। गेंद गोल के सामने ही रह गई और शिलानंद ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 3-1 से आगे था।

दूसरे क्वार्टर में चार गोल, मुकाबला एकतरफा हुआ

दूसरे क्वार्टर में भारत ने चार गोल दागकर कोरिया की वापसी की उम्मीद लगभग खत्म कर दी। 19वें मिनट में संजय के पास पर सुखजीत सिंह ने शॉट लगा दिया। इस तरह भारत ने स्कोर 4-1 कर दिया। अगले ही मिनट कोरिया के एक कमजोर पास का दिलप्रीत ने फायदा उठाया। उन्होंने अंगद बीर सिंह के साथ तेजी से पास का आदान-प्रदान किया और गेंद गोल में पहुंचा दी। 25वें मिनट में हरमनप्रीत ने लंबा पास देकर दिलप्रीत को मौका दिया। दिलप्रीत ने तंग कोण से बिना गेंद रोके शॉट लगाया और भारत को 6-1 की बढ़त दिला दी।

अंगद और विवेक ने आखिरी दो गोल किए

तीसरे क्वार्टर के छठे मिनट यानी मैच के 36वें मिनट में जरमनप्रीत सिंह ने दाएं तरफ से पास दिया। अंगद बीर सिंह ने स्टिक लगाकर गेंद की दिशा बदली और उसे गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। हॉकी में इसे डिफ्लेक्शन कहते हैं। इससे गोलकीपर को गेंद की दिशा समझने और उसे रोकने का समय बहुत कम मिलता है। 54वें मिनट में विवेक सागर प्रसाद ने गेंद को संभाला और रिवर्स-हिट से शॉट लगाया। रिवर्स-हिट में खिलाड़ी स्टिक के उलटे हिस्से से गेंद को मारता है। गेंद गोलकीपर के पैड से लगकर गोल में चली गई। भारत ने 8-1 से जीत दर्ज की।

कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ गुवाहटी

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के चौथे राउंड में बुधवार को तीन टीमों ने बड़ी जीत दर्ज की। कर्नाटक ने असम को पारी और 314 रन से हराया, विदर्भ ने मध्य प्रदेश को पारी और 20 रन से मात दी, जबकि उत्तराखंड ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया। कर्नाटक की जीत में मैनवंत कुमार का शतक और श्रेयस गोपाल की गेंदबाजी अहम रही। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे और पार्थ रेखड़े ने मध्य प्रदेश की दोनों पारियों में 5-5 विकेट लिए। उत्तराखंड की जीत में पहली पारी के 153 रन बनाने वाले डेगा निश्चल और दूसरी पारी में 4 विकेट लेने वाले जगदीश सुचित की भूमिका रही। गुवाहाटी में खेले गए ग्रुप-इ के मुकाबले में कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 577 रन बनाकर पारी घोषित कर दी।

विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मुकाबला बेंगलुरु और मुंबई में

नई दिल्ली। विमेंस प्रीमियर लीग का पहला मुकाबला 14 जनवरी को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा। इउउक ने टूर्नामेंट के लिए वडोदरा और मुंबई को वेन्यू चुना है। शुरूआती 11 मुकाबले 14 से 24 जनवरी तक वडोदरा में खेले जाएंगे। इसके बाद 26 जनवरी से मुंबई में लीग के बाकी मैच होंगे।

नैनो न्यूज

- **महिला प्रीमियर लीग का शेड्यूलः** डब्ल्यूपीएल 2027 का पहला मुकाबला बेंगलुरु और मुंबई में होगा। टूर्नामेंट 14 जनवरी से वडोदरा में शुरू होगा और 7 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।
- **एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफीः** भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को हराकर रिकॉर्ड 7वीं बार फाइनल में प्रवेश कर लिया है।
- **राफेल नडाल की नई भूमिकाः** टेनिस स्टार राफेल नडाल रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हो गए हैं।
- **टेनिस में माया का ऐतिहासिक प्रदर्शनः** 17 साल की माया ने टेनिस में शानदार प्रदर्शन कर सानिया मिर्जा के 22 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया इतिहास रचा है।
- **युवक ओलंपिक में मेडलः** यूथ ओलंपिक की जूडो प्रतियोगिता में भारत की 17 साल की खुशबू ने सिल्वर मेडल जीता है।
- **रॉबर्ट लेवांडोव्स्की / फुटबॉल अपडेटः** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रोमा को 3-2 से हराकर अपनी जीत का सूखा खत्म किया, जहाँ कसान बूनो फर्नांडेस ने बयान दिया।
- **प्रेमा रावत का सबसे तेज अर्धशतकः** प्रेमा रावत ने महिला टी-20 (सीनियर विमेंस ट्रॉफी) में हैदराबाद के खिलाफ मात्र 14 गेंदों में तूफानी अर्धशतक जड़ा है।

माया चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

सानिया मिर्जा के बाद ऐसा करने वाली पहली भारतीय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

17 साल की माया राजेशवरन रेवती चेन्नई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। वह 14 साल बाद किसी डब्ल्यूटीए टूर-लेवल सिंगल्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2012 में सानिया मिर्जा ने पट्टाया ओपन में यह उपलब्धि हासिल की थी। माया ने बुधवार को राउंड ऑफ-16 में पोलैंड की वेरोनिका फाल्कोवस्का को 6-4, 6-3 से हराया।

माया 2012 में सानिया मिर्जा के बाद डब्ल्यूटीए टूर सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वर्ल्ड नंबर-669 माया ने पोलैंड की क्वालिफायर वेरोनिका फाल्कोवस्का को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। माया एक समय पहले सेट में 2-4 से पीछे थीं, लेकिन लगातार गेम जीतकर 6-4 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त बनाने के बाद माया ने तीसरे मैच पॉइंट पर मुकाबला जीत लिया। पिछले दो सीजन में कोई भारतीय खिलाड़ी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाया था। माया ने यह सिलसिला तोड़ा।



पहले सेट में लगातार 5 सर्विस ब्रेक, 4-2 से पिछड़ने के बाद वापसी की

मैच की शुरूआत माया के लिए अच्छी नहीं रही। उन्होंने डबल फॉल्ट के साथ शुरूआत की और अपनी सर्विस गंवा दी। हालांकि, उन्होंने तुरंत वापसी करते हुए फाल्कोवस्का की सर्विस तोड़ दी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार 5 गेम में सर्विस ब्रेक हुए। इस दौरान डबल फॉल्ट और अनफोर्स्ड एरर्स भी देखने को मिले। फाल्कोवस्का ने एक समय 4-2 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद माया ने लगातार दो गेम जीतकर स्कोर 4-4 किया और फिर अपनी सर्विस बचाकर 5-4 की बढ़त हासिल की।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

दीपावली पर बाजारों में वाहन प्रवेश पर रोक

धार। दीपावली पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की आवाजाही को देखते हुए जिला पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। 5 से 9 नवंबर तक पांच दिनों के लिए विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। इस दौरान शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक तीन पहिया, चार पहिया और लोडिंग वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है।

महिला की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

इंदौर। भंवरकुआं थाना पुलिस ने गुरुवार को एक महिला की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक, करीब दो साल पहले फेसबुक पर उसकी पहचान शिवम से हुई थी। दोस्ती के बाद आरोपी ने शादी का प्रस्ताव रखा और शांतिनाथपुरी इलाके में कमरा किराए पर लेकर साथ रहता था। आरोप है कि इस दौरान वह शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय युवती ने शिवम पिता भागीरथ प्रजापति निवासी आदर्श इंदिरा नगर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

कुक्षी बस स्टैंड पर सट्टे का कारोबार फिर शुरू

धार। कुक्षी नगर के व्यस्ततम बस स्टैंड पर कथित रूप से सट्टे का अवैध कारोबार फिर शुरू होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां खुलेआम सट्टे के आंकड़े लिखकर लोगों से दांव लगवाए जा रहे हैं। इस गतिविधि पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण और मजदूर वर्ग के लोग अपनी मेहनत की कमाई सट्टे में गंवा रहे हैं। करीब दो महीने पहले कुक्षी विधायक सुरेंद्रसिंह बघेल ने क्षेत्र में संचालित सट्टे की दुकानों के वीडियो के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की थी।

दीपावली से पहले पटाखा दुकानों की जांच



अधिकारियों ने सुरक्षा नियम, बिल और आग बुझाने के साधन जांचे, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

झाबुआ। झाबुआ में दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला मुख्यालय पर लगने वाली पटाखा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विस्फोटक अधिनियम के प्रावधानों और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को नियमों के अनुसार ही पटाखों की बिक्री और भंडारण करने के निर्देश दिए। एसडीएम महेश मंडलोई ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकानों के बीच निर्धारित सुरक्षित दूरी, पटाखों की खरीदी के वैध बिल और विस्फोटक अधिनियम के तहत जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। इसके अलावा दुकानों पर आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम भी देखे गए। अधिकारियों ने दुकानदारों को कार्बाइड गन का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी। प्रशासन ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पटाखों के भंडारण और बिक्री में सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है। किसी भी तरह की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन मिलने पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नैनो न्यूज

- **पुष्य नक्षत्र में 850 करोड़ का कारोबार-** इंदौर में रवि पुष्य नक्षत्र पर बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। सराफा, ऑटोमोबाइल, प्रॉपर्टी और इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार मिलाकर करीब 850 करोड़ रुपये का व्यापार दर्ज होने का अनुमान है।
- **धनतेरस से पहले सराफा बाजार में तेजी-** सोना-चांदी के भाव में नरमी से इंदौर के सराफा बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है। कारोबारियों को धनतेरस पर 250 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार की उम्मीद है।
- **आईडीए ने किराया बकायादारों को चेताया-** इंदौर विकास प्राधिकरण ने लीज किराया जमा नहीं करने वालों को नोटिस जारी करने की तैयारी की है। लगातार उल्लंघन पर लीज निरस्त करने की चेतावनी से व्यावसायिक संपत्ति धारकों में हलचल बढ़ी है।
- **ऑटोमोबाइल कारोबार में त्योहारी मांग-** पुष्य नक्षत्र पर इंदौर में करीब 700 कारों और 1500 दोपहिया वाहनों की डिलीवरी हुई। एसयूवी, हैचबैक और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग ने ऑटोमोबाइल कारोबार को मजबूती दी।
- **प्रॉपर्टी बाजार में बढ़ी खरीदारी-** त्योहारी खरीदारी के दौरान इंदौर में पुष्य नक्षत्र पर लगभग 200 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बुकिंग का अनुमान लगाया गया।

इंदौर के कुमेड़ी में 15 एकड़ में 100 करोड़ की लागत से तैयार हुआ अत्याधुनिक आईएसबीटी

एक ही जगह मिलेंगी बस, मेट्रो और ट्रेन, 5 राज्यों के लिए चलेंगी 1500 से ज्यादा बसें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के कुमेड़ी में 15 एकड़ (5.85 हेक्टेयर) में 100 करोड़ की लागत से तैयार अत्याधुनिक आईएसबीटी यात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है। यह सिर्फ एक बस स्टैंड नहीं, बल्कि बस, मेट्रो और भविष्य में रेलवे को जोड़ने वाला एकीकृत परिवहन केंद्र होगा।

इसके संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी पुणे की बीवीजी इंडिया कंपनी को दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे टर्मिनल में 225 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



प्रमुख आकर्षण और सुविधाएं

- **5 राज्यों के लिए 1500+ बसें:** मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए प्रतिदिन 1500 से अधिक बसों का संचालन होगा। शुरुआत में महाराष्ट्र और राजस्थान की बसें चलेंगी।
- **18 टिकट काउंटर व रेलवे टिकट सुविधा:** यात्रियों के लिए 18 टिकट काउंटर और बड़ा वेटिंग एरिया बनाया गया है। भविष्य में यहां से रेलवे टिकट बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी।
- **वीआईपी लाउंज व अन्य सुविधाएं:** वातानुकूलित वीआईपी लाउंज, एटीएम, पैकेट फूड, कोरियर/पार्सल सेवाएं और पेड पार्किंग की सुविधा।
- **फूड जोन और 16 रेस्टॉरेंट:** टर्मिनल में एक गोलाकार फूड जोन है, जहां ताजा खाना परोसने के लिए 16 रेस्टॉरेंट (4 बड़े 1800 वर्ग फीट के और 12 छोटे 450 वर्ग फीट के) तैयार किए गए हैं।
- **दुकानें और ऑफिस:** अंदर 23 दुकानें (केवल पैकेट फूड के लिए) और बाहर बस ऑपरेटरों के ऑफिस के लिए 12 दुकानें बनाई गई हैं।
- **पहली मंजिल पर आईटी पार्क:** आईटी कंपनियों के लिए 33 आधुनिक ऑफिस तैयार किए गए हैं। खास बात यह है कि पहली मंजिल को एक ग्लास ब्रिज (कांच के पुल) के जरिए सीधे फूड जोन से जोड़ा गया है।
- **ड्राइवर-कंडक्टरों के लिए विश्राम गृह:** बसों के पार्किंग एरिया के पास बनी अलग बिल्डिंग में 50 से अधिक बस चालकों और परिचालकों के लिए नाममात्र शुल्क पर रुकने, सोने और खाने की विशेष व्यवस्था की गई है।

राजबाड़ा पर प्रतिबंधित है फोर व्हीलर और ऑटो रिक्शा

पटाखा बाजार में सेफ्टी के लिए लगे फायर एक्सटिंग्विशर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में दीपावली पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर इंतजाम किए गए हैं। शहर के पटाखा बाजारों में सेफ्टी के लिए जहां फायर एक्सटिंग्विशर के साथ ही रेत की बाल्टियां भी रखी हैं। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी यहां राउड लगाती है।

वहीं ट्रैफिक को लेकर भी ट्रैफिक पुलिस ने इंतजाम कर रखे हैं। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र राजबाड़ा और आसपास के बाजारों की भीड़ को देखते हुए राजबाड़ा पर फोर व्हीलर, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा प्रतिबंधित की गई है। साथ ही जरूरत पढ़ने पर टू व्हीलर को भी प्रतिबंधित कर दिया जाता है। इसके अलावा यहां पर पुलिस बल के साथ ही पेट्रोलिंग पार्टी भी लगातार गश्त करती है। पटाखा व्यापारी अमन वर्मा ने बताया दीपावली के पर्व पर व्यापारियों और ग्राहकों में भारी उत्साह है। खेरची की ग्राहकी भी बढ़ गई है। ग्राहकों में काफी उत्साह है। फेंसी पटाखों की ज्यादा डिमांड है।



सामान सीमा में रखने की मुनादी

इसके अलावा यहां पर व्यापारियों और रेहडी-पटरी वालों को दुकान का सामान भी सीमा में रखने के लिए मुनादी की जाती है, ताकि ट्रैफिक सुचारू रूप से चल सके। साथ ही त्योहार को देखते हुए जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती भी की गई है। इंदौर के पश्चिम क्षेत्र स्थित रीजनल पार्क के पास खाली मैदान, राजीवगांधी के समीप देवी अहिल्या पटाखा मार्केट, राऊ, गोपुर चौराहा के पास मैदान, सिलीकॉन सिटी, देवगुराडिया पर पटाखा मार्केट लगे हुए हैं। यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से फायर एक्सटिंग्विशर और रेत की बाल्टियां रखी गई हैं।

दिवाली पर अहमदाबाद-राजगीर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

रतलाम और दाहोद में भी ठहराव, 11 नवंबर तक होगा संचालन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिवाली और शीतकालीन त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने अहमदाबाद और राजगीर के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है।

ट्रेन का संचालन 5 नवंबर से शुरू होगा। यह ट्रेन रतलाम मंडल के दाहोद और रतलाम स्टेशनों पर भी रुकेगी। नवंबर में निर्धारित तारीखों पर इसका संचालन विशेष किराये के साथ किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि ट्रेन नंबर 09441 अहमदाबाद-राजगीर अनारक्षित स्पेशल 5 नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक प्रत्येक बुधवार रात 11.55 बजे अहमदाबाद से रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 3.48 बजे दाहोद स्टेशन पहुंचेगी और 3.50 बजे रवाना होगी। इसके बाद सुबह 5.10 बजे रतलाम पहुंचेगी। यहां से 5.15 बजे रवाना होकर शुक्रवार सुबह 11.45 बजे राजगीर पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 09442 राजगीर-अहमदाबाद अनारक्षित स्पेशल 6 और 13 नवंबर को शुक्रवार दोपहर 2:45 बजे राजगीर से रवाना होगी। यह ट्रेन शनिवार शाम 6.13 बजे रतलाम पहुंचेगी और 6.18 बजे रवाना होगी। इसके बाद शाम 7.38 बजे दाहोद स्टेशन पहुंचेगी और 7.40 बजे रवाना होगी। अगले दिन रात 11.25 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में आनंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, हिण्डौन सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टुंडला, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, पटना साहिब, बख्तियारपुर, बिहार शरीफ और नालंदा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

जेवर, जमीन, वाहनों में निवेश

समिति प्रबंधक की आय 40 लाख, संपत्ति 3.32 करोड़ की



दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

इंदौर लोकायुक्त ने बुधवार सुबह 5 बजे नालछा की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के 3 ठिकानों पर छापा मारा।

जांच में 20 साल की नौकरी के दौरान उनकी कुल आय 40 लाख मिली, जबकि खर्च 3.32 करोड़ सामने आया। घर के सामान की कीमत 1.22 करोड़ आंकी गई। सोना-चांदी, नकदी, मकान, जमीन, गाड़ियां भी मिलीं।

लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के मुताबिक, सोड़पुर में 97 लाख का 2400 वर्गफीट का दो मंजिला मकान, नालछा में 20 लाख का 1350 वर्गफीट का व्यावसायिक भवन, पत्नी कविता ठाकुर के नाम सोड़पुर और मांडू में 3.171 हेक्टेयर कृषि जमीन मिली। 53 लाख के जेसीबी, ट्रैक्टर, टीयूवी, और कृषि उपकरण मिले।

1.50 लाख की ब्राउन शुगर संग तस्कर पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने राजकुमार सब्जी मंडी के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी की पहचान निरंजनपुर निवासी मनोज उर्फ मन्नू (25) के रूप में हुई है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया। क्राइम ब्रांच की टीम हनुमान मंदिर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक टीम को देखकर घबराने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास एक सफेद रुमाल में रखी 15 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच के अनुसार, गिरफ्तार मनोज उर्फ मन्नू का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी, लूट, मारपीट, अड़ीबाजी और आर्म्स एक्ट सहित करीब 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

टेंट के पास खून से लथपथ मिला युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खुड़ैल क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवक गंभीर रूप से घायल हालत में मिला। उसे नीलगिरी अपार्टमेंट के ब्लॉक नंबर 13 के पास टेंट के नजदीक पड़ा देख लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहां गुरुवार तड़के उसकी मौत हो गई। युवक के हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस को मामले में हत्या की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रात में बाहर से चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। आवाज सुनकर लोग बाहर पहुंचे तो युवक खून से लथपथ हालत में

दिलजीत के कॉन्सर्ट से पहले इंदौर निगम की सख्ती

पिछले शो का 2 करोड़ बकाया, कहा-जमा करो वरना अनुमति नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट से पहले नगर निगम ने आयोजकों पर शिकंजा कस दिया है। 8 दिसंबर 2024 को हुए उनके कॉन्सर्ट का करीब 2 करोड़ रुपए मनोरंजन कर अब तक जमा नहीं किया गया है।

निगम ने आयोजकों और आयोजन स्थल के मालिक को नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। निगम ने स्पष्ट किया है कि पुराने कार्यक्रम का टैक्स जमा किए बिना नए कॉन्सर्ट को अनुमति नहीं दी जाएगी। दरअसल, दिसंबर 2024 में आयोजित दिलजीत के कॉन्सर्ट में टिकट बिक्री पर 10 प्रतिशत मनोरंजन कर जमा करना अनिवार्य था। इस संबंध में निगम ने आयोजकों को नोटिस भी जारी किया था, लेकिन अब तक करीब 2 करोड़ रुपए की राशि जमा नहीं हुई। बकाया वसूली के लिए निगम ने अब एमआर-10 रोड स्थित आयोजन स्थल के मालिक से संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी मांगे हैं।

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com